CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 07°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 17 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 336 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 25 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान भारतीय सेना की वीरता प्रेरणादायक: मोदी पेज 2



IPL ऑक्शन: प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा 14.20-14.20 करोड़ में बिके, ग्रीन सबसे महंगे विदेशी खेल टाइम्स



प्रकृति ने कैंसर वापस करना शुरू कर दिया सम्पादकीय



तेलंगाना से जुड़े ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले के तार पेज 12

# कोहरे के चलते भीषण हादसा, 7 बसें व 3 छोटे वाहन टकराए, लगी भयंकर आग, 13 की मौत

## 150 से अधिक लोग घायल, 4 शवों का डीएनए कराया जा रहा, दो मृतकों की पहचान, पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मथुरा।** मंगलवार सुबह करीब 4 बजे यमुना एक्सप्रेसवे के थाना बलदेव क्षेत्र के माइलस्टोन 127 गांव खड़ेहरा पर आगरा से नोएडा जा रही लाइन पर भयानक सड़क हादसा हो गया। यहां विजुअलिटी कम होने के कारण कोहरे में वाहन आपस में टकरा गए। इससे वाहनों में आग लग गई। बताया जाता है कि सात बसें और तीन कारों में भीषण आग लगी।

वाहन क्षतिग्रस्त व राख हो गए। हादसा इतना भयानक था की 13 लोगों की जलकर मौत हो गई जबकि लगभग 150 से अधिक घायलों को उपचार के लिए लगभग 20 एम्बुलेंसों के जरिये चिकित्सालय पहुंचाया गया। एक्सप्रेस-वे पर घटना की सूचना पर इलाका पुलिस व पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया । घटना से यात्रियों में चीख पुकार मच गई। एक्सप्रेस वे पर सुबह-सुबह हुई दुर्घटना की सूचना मिलते ही डीएम सीपी सिंह व एसएसपी श्लोक कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जाता है अग्निकांड इतना भीषण था की चारों ओर आग ही आग दिखाई दे रही थी। आंख की लपटें काफी ऊंची ऊंची उठ रही थी जो किलोमीटर तक देखी गईं। लोग बचने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे। डीएम-एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घटना से मार्ग अवरुद्ध हो गया। वाहनों की लाईन लग गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को क्रेन से हटवा कर साइड से किया। आग इतनी भीषण थी लगभग एक दर्जन दमकलों ने आग पर काबू पाया। हादसे में कानपुर के लोग ज्यादा घायल हुए हैं। एक ही परिवार के कई लोग हैं। वहीं पुलिस प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने भीषण हादसे में 13 लोगों की जलकर मृत्यु होने की पुष्टि की है। एसएसपी ने बताया लोगों को सरकारी वाहनों से उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया है। रूट डायवर्जन कर वाहनों को निकाला गया। दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। लोगों को रेस्क्यू कर लाया गया है। घटना स्थल से मिले मलबे व अन्य सामान को मोर्चरी में रखवाया गया है। 4 शवों का डीएनए कराया जा रहा है जिससे उनके परिजन आए तो मिलान हो सके। शवों की शिनाख्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दो मृतकों की पहचान रामपाल पुत्र पहोड़ीराम निवासी आजमगढ़ व अजिलेंद्र यादव पुत्र बंशीधर निवासी मुद्दीनपुर थाना सराय ममरेज जिला प्रयागराज के रुप में हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों का तत्काल समुचित एवं नि:शुल्क उपचार सुनिश्चित करते -शेष पृष्ठ दो पर

- **मुख्यमंत्री योगी ने जताया शोक**
- **मृतकों को 2-2 लाख व घायलों को 50- 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि की घोषणा**

## संक्षिप्त समाचार

### रुपया पहली बार 91 प्रति डॉलर से नीचे उतरा

**मुंबई।** रुपये में मंगलवार को भी भारी गिरावट देखी गई और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में पहली बार एक डॉलर की कीमत 91 रुपये से ऊपर पहुंच गई। रुपया मंगलवार को नौ पैसे टूटकर 90.87 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और लगातार लुढ़कता हुआ दोपहर से पहले 91.14 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया। खबर लिखे जाते समय यह 22 पैसे नीचे 91 रुपये प्रति डॉलर पर था। भारतीय मुद्रा सोमवार को बीच कारोबार में 90.80 रुपये प्रति डॉलर तक उतरने के बाद 28.50 पैसे की गिरावट में 90.78 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुई थी। रुपये में लगातार आ रही गिरावट के बारे में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में कहा था कि केंद्रीय बैंक ने रुपये का कोई दायरा और न ही कोई स्तर तय किया है जहां वह हस्तक्षेप करेगा।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 126 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार सुबह 126 उड़ानें रद्द रहीं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक दिल्ली से जाने वाली 49 घरेलू उड़ानें और दिल्ली आने वाली 77 उड़ानें अब तक रद्द रही हैं। मंगलवार को हालांकि सोमवार की तरह घना कोहरा नहीं छाया रहा, लेकिन सोमवार को हुई देरी और रद्द रही उड़ानों का असर परिचालन पर देखने को मिला। इसके अलावा, कुछ असर कम दृश्यता का भी रहा है। सोमवार को 228 उड़ानें रद्द रही थीं, जिनमें 131 जाने वाली और 97 आने वाली उड़ानें थीं। इसके अलावा पांच उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट करना पड़ा था।

# जज कैश कांड: सुप्रीम कोर्ट का लोकसभा अध्यक्ष को नोटिस

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ पैनल गठन को चुनौती देने वाली याचिका पर जारी किया नोटिस



- **पूछा: राज्यसभा में महाभियोग प्रस्ताव नामंजूर फिर जांच पैनल क्यों बनाया, संसद में यह कैसे हुआ**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अंतर्गत गठित संसदीय समिति की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। इस समिति का गठन न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास पर बेहिसाब नकदी मिलने के बाद शुरू की गई महाभियोग कार्यवाही के संबंध में उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए किया गया था।


इस मामले में न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से वरिंष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, पेश हुए, जिन्होंने एक्स के नाम से गुमनाम रूप से याचिका दायर की है। यह पेशी न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ के समक्ष हुई। समिति के गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए न्यायमूर्ति वर्मा ने तर्क दिया कि हालांकि लोकसभा और राज्यसभा दोनों में महाभियोग नोटिस पेश किए गए थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ने राज्यसभा अध्यक्ष के प्रस्ताव को स्वीकार करने के निर्णय की प्रतीक्षा किए बिना और कानून के अंतर्गत अनिवार्य संयुक्त परामर्श के बिना एकतरफा रूप से समिति गठन किया। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के प्रावधानों का हवाला देते हुए श्री रोहतगी ने कहा कि अगर संसद के दोनों सदनों में एक ही दिन किसी प्रस्ताव की सूचना दी जाती है, तो वहां कोई समिति तब तक गठित नहीं की जा सकती जब तक कि प्रस्ताव दोनों सदनों में स्वीकार न हो जाए। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी स्थिति में समिति का गठन लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। अधिनियम की धारा 3(2) के प्रावधान का हवाला देते हुए श्री रोहतगी ने इस बात पर बल दिया कि वैधानिक भाषा अनिवार्य है और प्रस्ताव देने और स्वीकार करने के बीच स्पष्ट रूप से अंतर करती है। उन्होंने कहा कि यद्यपि अलग-अलग तिथियों पर स्वीकार हो सकता है, लेकिन वर्तमान मामले में प्रस्ताव दोनों सदनों में एक ही दिन प्रस्तुत किए गए थे इसलिए संयुक्त रूप से गठित समिति की आवश्यकता थी। श्री रोहतगी ने स्पष्ट किया कि जहां कोई प्रस्ताव केवल एक सदन में स्वीकार किया -शेष पृष्ठ दो पर

# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल को राहत

- **दिल्ली कोर्ट ने ईडी की शिकायत खारिज की, कहा: मामला FIR नहीं, बल्कि निजी आरोप से जुड़ा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी नेता राहुल गांधी को राहत देते हुए नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया।

इस आदेश से मामले में नामित अन्य पांच आरोपियों को भी राहत मिली है। अदालत ने हालांकि कहा कि यदि ईडी चाहे, तो अपनी जांच जारी रखने के लिए स्वतंत्र है। अदालत ने टिप्पणी की कि पंजीकृत प्राथमिकी के अभाव में धन शोधन की जांच और उसके आधार पर दायर की गई अभियोजन शिकायत कायम नहीं रह सकती। अदालत ने कहा कि इस तरह की शिकायत के आधार पर धन शोधन के लिए कानूनी कार्यवाही भी स्वीकार्य नहीं है।




## गोवा अग्निकांड: लूथरा ब्रदर्स को थाईलैंड से दिल्ली लाया गया

### गोवा पुलिस ने एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से दिल्ली लाया गया है। भारतीय सुरक्षा अधिकारी दोनों भाइयों के साथ मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे। दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की एक टीम ने दोनों को एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया। अब उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए पेश किया जाएगा। ट्रांजिट रिमांड की इजाजत मिलते ही पुलिस दोनों को लेकर गोवा जाएगी। सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं। क्लब में 6 दिसम्बर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे।

## उधमपुर में मुठभेड़, एक जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के मजालता इलाके में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एसओजी का एक जवान शहीद हो गया। यहां तीन आतंकियों के फंसे होने की आशंका है। सूत्रों ने बताया कि पुंछ के रहने वाले एसओजी जवान अमजद अली खान सोमवार रात मुठभेड़ के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें तुरंत बाहर निकाला गया, लेकिन घावों की वजह से उनकी मौत हो गई।

# लोकसभा में वीबी-जी राम जी बिल पेश, सदन में हंगामा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत-गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025' पेश किया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी 'वीबी- जी राम जी' बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम बदलना सही नहीं है। महात्मा गांधी का नाम राज्य का विजन पॉलिटिकल नहीं सामाजिक विकास का था। उनका नाम ही हटाना गलत है। राम का नाम बदनाम न करो। बिल पर चर्चा के बीच विपक्ष ने हंगामा किया।। इसके बाद कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी। वीबी-जी राम जी बिल पास हो जाता है, तो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) को रिप्लेस करेगा। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव हारने पर ईवीएम और वीवीपैट पर सवाल उठाना और जीतने पर सब सही कहना उचित नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि ईवीएम की शुरुआत राजीव गांधी के समय हुई थी।

### मनरेगा का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक : प्रियंका-राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक का परिणाम है और ऐसा कर वह गरीबों के हक मार रही है। श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करना चाहती है। इस योजना से देश के गरीब से गरीब मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलती है, लेकिन मोदी सरकार को योजनाओं के नाम बदलने की सनक है।

संक्षिप्त समाचार

### विदेशों में भारतीयों का प्रत्यक्ष निवेश नवम्बर में 31 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** विदेशों में भारतीयों का प्रत्यक्ष निवेश नवम्बर महीने में 30.82 प्रतिशत घटकर 203.71 करोड़ डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीयों ने नवम्बर में दुनिया के अन्य देशों में कुल 203.71 करोड़ डॉलर का निवेश किया। पिछले साल नवम्बर में उनका निवेश 294.45 करोड़ डॉलर रहा था, जबकि इस साल अक्टूबर में यह 368.23 करोड़ डॉलर दर्ज किया गया था। एक साल पहले की तुलना में इस साल नवम्बर में भारतीयों में विदेशों में इक्विटी में ज्यादा निवेश किया है, जबकि ऋण और गारंटी में उनका निवेश घटा है। इक्विटी में उन्होंने 97.84 करोड़ डॉलर का निवेश किया है, जो सालाना आधार पर 10.46 प्रतिशत अधिक है।

### डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में अनुशासन और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। अब सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में तैनात डाक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य कर दी गई है। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डा. रतन पाल सिंह सुमन ने इस संबंध में सभी इकाइयों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब वेतन भी बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही जारी किया जाएगा। डा. रतन पाल सिंह सुमन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में अनुपस्थिति और लापरवाही की शिकायतें लंबे समय से आ रही थीं, खासकर दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों मे। इस व्यवस्था से सभी की प्रभावी निगरानी संभव हो सकेगी।

### पीएम ने विजय दिवस पर बांग्लादेश में 1971 के शौर्य और साहस को याद किया

# भारतीय सेना की वीरता पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक

**नई दिल्ली, वार्ता**



पीएम मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ बोले- यह सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सेना ने मंगलवार को ‘विजय दिवस’ के अवसर पर 1971 में सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित शौर्य और साहस को याद किया।

जन सूचना अतिरिक्त महा. निदेशालय (एडीजी पीआई) ने इस दिन को याद करते हुए एक्स पर लिखा कि विजय दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है। ‘विजय दिवस: 1971 के युद्ध की शाश्वत कहानी’ शीर्षक वाली इस पोस्ट में कहा गया है, यह एक ऐसी जीत थी जहां मुक्ति वाहिनी और भारतीय सशस्त्र बल कंधे से कंधा मिलाकर लड़े। यह एक ऐसी जीत थी, जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार दिया, दक्षिण एशिया के नक्शे को फिर से खींचा और एक नए राष्ट्र-बंगलादेश को जन्म दिया। महानिदेशालय कार्यालय ने पाकिस्तानी सेना द्वारा एक पूरे समुदाय पर किए गए क्रूर अत्याचारों, उत्पीड़न और क्रूरता को समाप्त करने में युद्ध की भूमिका का उल्लेख किया कि केवल 13 दिनों में, भारतीय सशस्त्र बलों ने असाधारण साहस, अटूट संकल्प और बेजोड़ सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया, जिसका समापन 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण में हुआ, जो वैश्विक इतिहास में सबसे बड़े सैन्य आत्मसमर्पणों में से एक है। यह दिन भारत की अपने दोस्तों के प्रति निष्ठा और अपने विरोधियों के लिए एक स्पष्ट संदेश है, तब भी और अब भी, जब भारत न्याय के लिए खड़ा होता है, तो जीत अपरिहार्य होती है। भारतीय वायु सेना ने भी इस दिन युद्ध के दौरान कार्रवाई में शामिल जेट विमानों की दुर्लभ, अनदेखी तस्वीरों और वीडियो को प्रदर्शित करते हुए एक वीडियो साझा किया। ‘1971 युद्ध- साहस का वृत्तांत’ शीर्षक वाले इस वीडियो में 13 दिनों के युद्ध के दौरान दिन-वार किए गए अन्य कार्यों के अलावा लोंगेवाला की लड़ाई, तंगेल हमला भी शामिल है।

### खड़गे-राहुल ने विजय दिवस पर सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 1971 के युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने वाले सैनिकों की बहादुरी, बलिदान और वीरता को याद करते हुए सशस्त्र बलों को ‘विजय दिवस’ पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री खरगे ने राष्ट्र के सशस्त्र बलों और मुक्ति वाहिनी की असाधारण बहादुरी और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। खड़गे ने ‘एक्स’ पर अपनी पोस्ट में लिखा, 1971 में इसी दिन इतिहास रचा गया था, जब भारत के बहादुर सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया, जिससे बंगलादेश को स्वतंत्रता मिली और दुनिया के नक्शे को एक नया आकार मिला। खड़गे ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निर्णायक नेतृत्व को याद करते हुए कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी के दूरदर्शी, साहसी और दृढ़ नेतृत्व में, यह जीत मानवता और न्याय का एक महान उदाहरण बनी। कांग्रेस अध्यक्ष ने सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम भारत की सैन्य शक्ति और मुक्ति वाहिनी के असाधारण शौर्य, वीरता और बलिदान को सलाम करते हैं। देश मां भारती के इन वीर सपूतों के समर्पण और निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखेगी। गांधी ने दक्षिण एशिया को नया आकार देने और बंगलादेश के निर्माण वाले इस दिन को याद करते हुए सशस्त्र बलों के साहस की सराहना की।

# उत्तर भारत में अभी शुष्क बना रहेगा मौसम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कड़ाके की सर्दी का आगमन अभी कम से कम एक सप्ताह और टल सकता है। हालांकि सुबह के समय कोहरा लगातार छाया रहेगा, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के अनुसार आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में सर्दी को सक्रिय करते हैं, लेकिन मौजूदा पश्चिमी विक्षोभ इतना प्रभावी नहीं है कि ठंडी हवाओं को अपने साथ ला सके। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम के कारण धूप बिना किसी बड़ी रुकावट के मिल रही है, जिससे दिन के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। कुल मिलाकर मौसम शुष्क रहेगा और खास ठंड नहीं पड़ेगी, लेकिन सुबह के समय कोहरा बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को राजधानी में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिसम्बर के सामान्य तापमान से अधिक है। मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घने कोहरे को लेकर एलो अलर्ट जारी किया है,

पश्चिमी विक्षोभ का नहीं दिख रहा असर

हालांकि अभी तक कंपकंपा देने वाली ठंड का असर नजर नहीं आ रहा है। इस बीच हल्की हवाओं के चलते वायु गुणवत्ता में भी कुछ सुधार देखने को मिला है। सोमवार को लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 163 दर्ज किया गया, जो ‘मध्यम’ श्रेणी में आता है।

इससे पहले 11 से 14 दिसम्बर के बीच लगातार चार दिनों तक एक्यूआई ‘खराब’ श्रेणी में बना हुआ था। विशेषज्ञों का कहना है कि इन्हीं हल्की हवाओं ने शहर की हवा से प्रदूषक तत्वों को हटाने में मदद की है। हालांकि राहत सभी इलाकों में समान नहीं रही। शहर के छह वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से टॉकीटोरा और लालबाग स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता अब भी ‘खराब’ श्रेणी में रही, जहां एक्यूआई क्रमशः 239 और 216 दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि तेज हवाएं या बारिश नहीं हुई, तो वायु गुणवत्ता में यह सुधार अस्थाई साबित हो सकता है। आने वाले पूरे सप्ताह तक मौसम हल्का बना रहने की संभावना है और तापमान में केवल एक-दो डिग्री की गिरावट आ सकती है, जो मध्य दिसम्बर के लिहाज से अब भी सामान्य से अधिक रहेगी।

# हिजाब मामला: नीतीश पर भड़की कैराना सांसद इकरा हसन

**नई दिल्ली।** यूपी के कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कथित तौर पर एक महिला का हिजाब हटाने की को. शिशों पर प्रतिक्रिया दी है। शीतक. ालीन सत्र के दौरान संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए इकरा ने कहा यह धार्मिक मामला नहीं है, लेकिन अगर सीएम ऐसा खुद कर रहे हैं, तो समाज के अन्य स्तरों पर क्या होगा?

सांसद इकरा हसन ने कहा कि काफी समय से, बिहार चुनाव से पहले भी, नीतीश कुमार की सेहत को लेकर चिंताएं रही हैं। वह बुजुर्ग हैं और सभी उनका सम्मान करते हैं, लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि जिस पद पर वह हैं, उसकी अपनी गरिमा है। इससे



सीएम ऐसा कर रहे, तो समाज का क्या होगा

पहले सोशल मीडिया साइट एक्स पर इकरा ने 15 दिसंबर को लिखा था - शर्मनाक! एक महिला डाक्टर का हिजाब खींचना उसकी गरिमा और धार्मिक पहचान पर सीधा हमला है। जब राज्य का मुख्यमंत्री ऐसा करे, तो महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठना लाजमी है।

# राम राज्य और गांधी अलग नहीं: थरूर

**नई दिल्ली, वार्ता**

मनरेगा का नाम बदलने और जी-रामजी बिल पर विवाद के बीच शशि थरूर ने राम राज्य को गांधी के सपनों का हिस्सा बताया और सरकार और कांग्रेस दोनों को संतुलित संदेश दिया। कांग्रेस नाम बदलने का जमकर विरोध कर रही है, उसका आरोप है कि जानबूझकर गांधी का अपनमान किया जा रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने के प्रस्ताव और नए जी-राम जी बिल को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस पार्टी इसे गांधी का अपमान बता रही है, लेकिन इस शोरगुल के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसने न केवल सरकार



मनरेगा का नाम बदलने पर थरूर ने कांग्रेस को दिखाया आईना, सरकार को नसीहत

को जवाब दिया है, बल्कि परोक्ष रूप से अपनी ही पार्टी कांग्रेस को भी आईना दिखा दिया है। अक्सर देखा गया है कि ‘राम’ या ‘राम राज्य’ के नाम पर कांग्रेस और विपक्ष रक्षात्मक मुद्रा में आ जाते हैं, लेकिन थरूर ने खुलकर ‘राम राज्य’ का समर्थन किया है और इसे महात्मा गांधी के सपनों का अटूट हिस्सा बताया है। इतना ही नहीं उन्होंने सरकार को भी नसीहत दी। शशि थरूर ने ‘एक्स’ पर कहा- ‘राम’ से परहेज करना गांधीवाद नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि महात्मा गांधी के लिए ‘राम राज्य’ और ‘ग्राम स्वराज’ कभी भी विरोधी विचार नहीं थे।थरूर ने ट्वीट किया कि सरकार के प्रस्तावित नए जी-राम-जी बिल में मनरेगा का नाम बदलने को लेकर विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्राम स्वराज की अवधारणा और राम राज्य का आदर्श कभी भी प्रतिस्पर्धी ताकतें नहीं थीं, वे गांधीजी की चेतना के दो पिलर्स थे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी इस बिल का कड़ा विरोध किया और इसे बहुत अफसोसजनक और पीछे की ओर ले जाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता के साथ अन्याय है।

### भाजपा ने गोवा विश्वविद्यालय में लोकतंत्र को कमजोर किया: एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने मंगलवार को होने वाले गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनावों को अचानक रद्द किए जाने का विरोध किया। एनएसयूआई ने बयान जारी कर कहा कि गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव को तब रद्द किया गया, जब एनएसयूआई विश्वविद्यालय में शीर्ष पदों और कार्यकारी पदों पर जीत हासिल करने के करीब थी। हार का सामना करने में असमर्थ भाजपा ने छात्रों के जनादेश का सम्मान करने के बजाय चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने का विकल्प चुना। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा यह लोकतंत्र पर खुला हमला है। जब भाजपा को पता होता है कि वह हार जाएगी, तो वह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कुचलने के लिए प्रशासन का इस्तेमाल करती है। गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव रद्द करना भाजपा के छात्रों की आवाज और निष्पक्ष चुनावों के प्रति भय को स्पष्ट रूप से उजागर करता है।



सेंसेक्स 84679.86
निफ्टी 25860.10



सोना रु. 132136
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 191971
प्रति किलो




# कमजोर रुपये के दबाव में सेंसेक्स 533 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

रुपये के लगातार दबाव में रहने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 533.50 अंक (0.63 प्रतिशत) लुढ़ककर 84,679.86 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 167.20 अंक यानी 0.64 प्रतिशत गिरकर 25,860.10 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 10 दिसम्बर के बाद का निचला स्तर है। भारतीय मुद्रा आज पहली बार बीच कारोबार में 91 रुपये प्रति डॉलर से नीचे उतर गई। इससे निवेश धारणा कमजोर रही। चौतरफा बिकवाली के बीच सुबह से ही बाजार पर दबाव रहा। सेंसेक्स एक समय 597 अंक लुढ़क गया था। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक



0.92 प्रतिशत की गिरावट में रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों पर बिकवाली हावी रही।

रियलिटी, बैंकिंग, वित्त, आईटी और धातु समूहों से सूचकांक ज्यादा टूटे। बाजार पर दबाव इस कदर रहा कि एनएसई में जिन 3,211 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, उनमें से 2,095 के शेयर गिरकर बंद हुए। वहीं 93 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। एक्सिस बैंक में सबसे अधिक 5.03 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 4.69 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.90 प्रतिशत, टाटा स्टील का 1.74, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट दोनों के 1.65 और बजाज फाइनेंस का 1.41 प्रतिशत टूट गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स, सनफार्मा, टीसीएस, पावरग्रिड, बीईएल, एलएंडटी, भारतीय स्टेट बैंक और हिंदुस्तान यूनीलि. वर के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाइटन में 1.60 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एशियन पेंट्स के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका में रोजगार के आंकड़ों से पहले वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 1.56 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.54 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.11 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.30 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.42 प्रतिशत फिसल गया।

# सोना और चांदी के भावों में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोना और चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,113 रुपए गिरकर 1,32,136 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,33,249 रुपए पर था। वहीं 1 किलो चांदी का दाम 1,446 रुपए गिरकर 1,91,971 रुपए पर आ गई है। इससे पहले चांदी 1,93,417 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी।

इस साल अब तक सोने की कीमत 55,974 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,32,136 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,05,954 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,91,971 रुपए प्रति किलो हो गई है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड सोना ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# चावल, गेहूं, चीनी, दालें रहीं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी देखी गई। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 15 रुपये बढ़कर 3,857 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,860 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत छह रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल 27 रुपये और मूंग दाल 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल की कीमत भी 25 रुपये बढ़ी, जबकि तुअर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। वहीं मसूर दाल का भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर टिका रहा। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 52 रिंगिट फिसलकर 3,961 रिंगिट प्रति टन रह



गया। जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.02 प्रतिशत गिरकर में 49.50 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 19 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल 43 रुपये और सरसों तेल 37 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 28 रुपये और वनस्पति की 22 रुपये बढ़ी। पाम ऑयल भी 12 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**कोहरे के ...**

हुए उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को पचास पचास हजार रुपये की आर्थिक राहत सहायता राशि देने की घोषणा की है। सीएम ने अधिकारियों से फोन पर जानकारी ली है। हादसे में खुशबू पुत्री लज्जाराम व आमिर पुत्र इरसाद निवासी कानपुर,डा. पीआर त्रिपाठी अपराजिता त्रिपाठी पुत्र डा. पीआर त्रिपाठी निवासी नोएडा,अमित निवासी औरैया, शाहिद व शफीक पुत्र नियामद उल्ला निवासी कानपुर, शेरू निवासी कानपुर, आदित्य पुत्र अनिल निवासी फतेहपुर , वीरेन्द्र गिरि पुत्र रामलखन व ऊषा पत्नी वीरेन्द्रगिरि निवासी बाराबंकी, शशी सिंह पुत्र कुलदीप भास्कर व कुलदीप भास्कर पुत्र रतनसिंह निवासी कानपुर, रघुवर पुत्र सामरू व हेमा देवी पत्नी राधेश्याम निवासी अंबेडकर नगर,आलोक तिवारी पुत्र विधासागर निवासी कानपुर, नरगेश पत्नी सुल्तान व राज पुत्र नियास निवासी मनकापुर गोंडा, प्रमोद पुत्र गोकुल प्रजापति निवासी महुआ,अभिषेक पुत्र कैलाश निवासी कानपुर, मुसर्रफ पुत्र नसीरूद्दीन निवासी कानपुर, हेमन्त पुत्र देवराज निवासी लखनऊ, शिखा पत्नी पीआर त्रिपाठी व गोरिका पुत्र पीआर त्रिपाठी निवासीगण कानपुर, विश्वनाथ पुत्र अंगनू निवासी अम्बेडकरनगर, अरविन्द तिवारी पुत्र आनन्द तिवारी निवासी गोरखपुर व अशोक पुत्र समसदीन निवासी बहराइच घायल हुए हैं। डीएम सीपी सिंह ने बताया कोहरे की दृष्टिगत लो विजिबिलिटी होने के कारण गाड़ियों का एक्सीडेंट हुआ है। घायलों को बेहतर उपचार दिया जा रहा है। डीएम ने आगे बताया कि कोहरा अधिक होने के कारण मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि वाहनों की स्पीड कम कराई जाए कानबाई बनाकर चलाई जाए और ओवरटेकिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। एडीएम प्रशासन, अपर पुलिस अधीक्षक देहात सुरेश चंद , अधिशासी अभियंता लोक निर्माण खंड एक व सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन 48 घंटे में जांच कर घटना की रिपोर्ट सौंपेंगे।

**जज कैश कांड:**

जाता है, वहां समिति का गठन केवल उसी सदन द्वारा किया जा सकता है, लेकिन वर्तमान मामले में ऐसी स्थिति नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि दोनों सदनों का संवैधानिक दर्जा समान है, इसलिए जब प्रस्ताव एक साथ पेश किए गए हैं, तो एक संयुक्त समिति अनिवार्य है। न्यायमूर्ति दत्ता ने सुनवाई के दौरान सवाल किया कि अगर दो प्रस्ताव एक ही दिन दोनों सदनों में प्रस्तुत किए जाते हैं, तो एक ही दिन में स्वीकृति कैसे संभव हो सकती है। श्री रोहतगी ने जवाब दिया कि उनका तर्क एक ही दिन में स्वीकृति पर आधारित नहीं है, बल्कि इस तथ्य पर आधारित है कि प्रस्ताव एक ही दिन प्रस्तुत किए गए थे, जो कानून के अंतर्गत एक संयुक्त समिति की आवश्यकता को जन्म देता है। जुलाई में लोकसभा के 145 सदस्यों और राज्यसभा के 63 सदस्यों ने महाभियोग नोटिस क्रमशः लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ को सौंपा था।

लोकसभा अध्यक्ष ने अगस्त में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएम श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता वासुदेव आचार्य की एक जांच समिति के गठन की घोषणा की थी। यह मामला 14 मार्च को आगजनी के बाद आग बुझाने के दौरान दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास के एक बाहरी कमरे में बड़ी मात्रा में करेंसी नोटों के बरामदगी से संबंधित है। इसके बाद, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने एक आंतरिक जांच समिति का गठन किया था, जिसमें न्यायमूर्ति शील नागू (तत्कालीन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति जीएस संधावालिया (तत्कालीन हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) और न्यायमूर्ति अनु शिवरामन (कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश) शामिल थे। जांच लंबित रहने तक, न्यायमूर्ति वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया और उन्हें न्यायिक कार्यभार से मुक्त कर दिया गया। समिति ने मई में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें प्रथम दृष्ट्या उन्हें दोषी पाया गया। सलाह दिए जाने के बावजूद न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा इस्तीफा देने से इन्कार करने के बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने रिपोर्ट को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया था। इससे पहले शीर्ष अदालत ने न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा आंतरिक जांच कार्यवाही के साथ-साथ मुख्य न्यायाधीश द्वारा उन्हें पद से हटाने की सिफारिश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

# सीएम योगी ने डा. वेदांती को दी श्रद्धांजलि

### बोले- राम काज और राष्ट्र सेवा को किया जीवन समर्पित

**अयोध्या, वार्ता**

पूर्व सांसद और श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के अग्रणी नायक डा. रामविलास वेदांती महाराज के निधन के बाद मंगलवार को अयोध्या में अंतिम यात्रा निकाली गई। इससे पहले सीएम योगी हिंदू धाम पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने उनके निधन को सनातन जगत की अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि राम काज और राष्ट्र सेवा के लिए उनका संपूर्ण त्यागमय जीवन हम सभी के लिए सदैव स्मरणीय और प्रेरणाप्रद रहेगा।

मंगलवार सुबह ही बड़ी संख्या में भक्त और राम मंदिर आंदोलन से जुड़े नेता, मंत्री, विधायकों का सुबह से ही जमावड़ा रहा। दोपहर 12 बजे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



श्रद्धांजलि देने पहुंचे। मौसम खराब होने के कारण सीएम योगी का हेलीकाप्टर अंतर्राष्ट्रीय महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरा। यहां से सड़क मार्ग से पहले राम मंदिर पहुंचे, फिर हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किया।

इसके बाद हिंदू धाम पहुंचे सीएम योगी ने डा. राम विलास दास वेदांती के पार्थिव शरीर का दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सीएम योगी ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति अभियान में वशिष्ठ भवन के श्री महंत डा. रामविलास वेदांती महाराज आज हमारे बीच में नहीं रहे। उनका पूरा जीवन अयोध्या धाम श्री रामलला के मंदिर निर्माण और विकास के लिए समर्पित रहा, यह संजोग ही है कि रामकथा का वाचन करते हुए उनकी भौतिक देह भी काया से मुक्ति ली है।

सीएम ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को प्रारंभ होते समय उसमें मूर्तरूप लेते हुए आंदोलन का जो परिणाम था, उस सुखद अवसर को देने का योग प्राप्त हुआ था और 25 नवंबर को श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर पर ध्वजारोहण में भी शामिल हुए। एक ऐसा संत सदैव राम जन्मभूमि अभियान के साथ मिलकर काम किया। आज उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आया हूं, गोरखधाम से उनका पुराना नाता रहा।

### यूपी में नाम बदलने का तरीका दिल्ली भी आ गया: अखिलेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मनरेगा की जगह विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन अधिनियम पेश कर दिया गया है। जिस पर विपक्ष की ओर से जमकर हंगामा किया, समा. जवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर नारा. जगी जताई और कहा कि ये सरकार बस नाम ही बदलना जानती है। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि जी राम जी, बस नाम बदला गया है, योजना में किसान को ऐसा कोई खास लाभ नहीं मिलने जा रहा है, न बड़ा रोजगार मिलने जा रहा है। ये पहली बार हो रही है कि यूपी में जो तरीका था नाम बदलने का, अब वो दिल्ली में भी आ गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि सच्चाई ये हैं इस सरकार के पास किसानों और मजदूरों को दिखाने के लिए कुछ नया नहीं है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना/भौरांकला।** एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जहां ससुरालिए मृतका की मृत्यु हार्ट अटैक से होना बता रहे हैं वहीं पीहर के लोग हत्या होना बता रहे हैं। उधर शिकायत होने पर भौरांकला पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव भौरांकलां निवासी अंकित बालियान का विवाह जनपद बागपत के गांव गढ़ी निवासी सोनिया नामक एक युवती से लगभग चार साल पहले हुई थी। आज बुधवार की सुबह अचानक से सोनिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जिसकी सूचना किसी ने मृतका सोनिया के परिजनों को दी तो वे मौके पर आ गये और अपनी पुत्री की हत्या का आरोप उसके पति और परिजनों पर लगाते हुए जमकर हंगामा किया। उधर किसी ग्रामीण की सूचना पर भौरा कलां पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों की बातों को बारी बारी से सुना।

मृतका के परिजन मृतका सोनिया के शव को अपने साथ ले गये थे। जहां एक और ससुरालिए सोनिया की मौत हार्ट अटैक से होना बता रहे थे तो वहीं पीहर के लोग उसकी हत्या करना बता रहे थे। चर्चा है कि मृतका के कोई बच्चा नहीं था। वह अक्सर बीमार रहती थी।

उधर यह भी चर्चा है कि मृतका सोनिया के परिजनों ने सोनिया का पोस्टमार्टम जनपद बागपत में कराया है। भौरा कलां एसओ ने बताया कि मृतका सोनिया की मृत्यु आज सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। कुल मिलाकर इस मामले को लेकर तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

# दिल्ली का गुरु गोरखनाथ मंदिर हटाने पर आक्रोश

## पीर रतन नाथ से जुड़े सेवादारों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली सरकार द्वारा गुरु गोरखनाथ मंदिर को हटाए जाने के विरोध में अंसारी रोड स्थित मंदिर दरगाह बाबा पीर रतन नाथ (गुरु गोरखनाथ जी) से जुड़े सेवादार मंडल एवं मंदिर कमेटी व पंजाबी समाज के महिला-पुरुषों ने विरोध प्रदर्शन किया। कमेटी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सौंपे गए ज्ञापन में स्थित प्राचीन मंदिर की भूमि को वापस दिलाने की मांग की गई। जिला कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे लोगो ने हाथों में भगवा झंडे लेकर भजन-कीर्तन किया और 'जय राम' के नारे लगाए। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने दिल्ली में वर्षों पुराने गुरु गोरखनाथ मंदिर को हटाए जाने के निर्णय पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में कमेटी के पदा. धिकारियों ने बताया कि 29 नवंबर 2025 को दिल्ली के झंडेवालान क्षेत्र में स्थित मंदिर दरगाह बाबा पीर रतन नाथ जी परिसर में एमसीडी और डीडीए द्वारा की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई अत्यंत निंदनीय है। उनका आरोप है कि यह भूमि आदि गुरु गोरखनाथ जी के शिष्य सिद्ध रतन नाथ जी से जुड़ी पवित्र स्थली है, जिस पर जबरन कब्जा किया गया है। सेवादार मंडल का कहना था कि यह केवल एक स्थान विशेष का नहीं, बल्कि आस्था और विरासत से जुड़ा विषय है। देश-विदेश में फैले श्रद्धालु इस पवित्र भूमि की रक्षा, संरक्षण और मंदिर को उसका अधिकार वापस दिलाने की मांग कर रहे हैं। कमेटी के सदस्यों ने विश्वास जताया कि केंद्र और प्रदेश में हिंदू सरकार होने के कारण इस विषय में सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं इस मठ के भक्त हैं और पूरे प्रकरण की जानकारी उनके संज्ञान में है। सेवादार मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि झंडेवालान स्थित मंदिर की भूमि को तत्काल मंदिर प्रबंधन को सौंपा जाए और भविष्य में इस प्रकार की कार्रवाई न की जाए।

# एसीएमओ ने एक ब्लड बैंक पर की छापामारी

■ **टीम देख कई चिकित्सकों में मच गया हड़कंप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** किसी व्यक्ति की शिकायत पर बुधवार को जिला मुख्यालय से आए एसीएमओ डाक्टर विपिन कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर प्रणव तेवतिया को साथ लेकर कस्बा बुढ़ाना के कांधला रोड पर एक ब्लड बैंक में पहुंचकर छापामार कार्यवाही की। जिसमें टीम का नेतृत्व कर रहे एसीएमओ डाक्टर विपिन कुमार के अनुसार ब्लड बैंक में सब कुछ सही पाया गया। इस छापामार कार्यवाही से अन्य कई चिकित्सकों में हड़कंप मच गया और वे अपने हस्पताल का शटर गिराते हुए नजर आए। इस संबंध में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिक. ारी डाक्टर प्रणव तेवतिया से फोन पर बातचीत की गयी तो उन्होंने बताया कि आज मुजफ्फरनगर सीएमओ कार्यालय से एसीएमओ यहां पर एक ब्लड बैंक पर पहुंचे थे।

ब्लड बैंक संचालक से डाक्यूमेंट्स मांगे गये तो वह एकदम नहीं दिखा पाया और टीम को देखकर हड़बड़ा गया। मगर कुछ ही देर बाद उसने डाक्यूमेंट्स दिखा दिए। हमारे विभाग के डाक्यूमेंटस चेक करने पर सही पाए गये। इस दौरान कुछ स्थानीय पत्रकार और पुलिस की टीम भी मौजूद रही।

# प्रशिक्षण लेकर लौटे 36 आपदा मित्रों का एडीएम ने किया उत्साहवर्धन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** लखनऊ से 15 दिन का विशेष प्रशिक्षण लेकर लौटे 36 आपदा मित्रों का स्वागत करते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आपदा मित्र सरकार की आपदा प्रबंधन व्यवस्था की एक मजबूत कड़ी हैं और किसी भी आपात स्थिति में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

उन्होने कहा कि जो समुचित उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई है। अब यह उनकी जिम्मेदारी है कि किसी भी प्राकृतिक अथवा मानव जनित आपदा की स्थिति में सतर्क रहते हुए समय पर मौके पर पहुंचकर जनहित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि आपदा मित्रों की तत्परता से जान-माल की क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा हर वर्ष जरूरतमंदों को कंबल वितरण का कार्य किया जाता है, जिसमें आगामी समय में आपदा मित्रों का सक्रिय सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने सभी आपदा मित्रों से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को आपदा से बचाव के प्रति जागरूक करने की अपील भी की। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले आपदा मित्रों में सरिता देवी, रीना, विकास कुमार, शनि कुमार, विशाल कुमार, विकास कुमार, कुलविंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, प्रणव कुमार, विशाल मचल, जियाउलहक, प्रिया, अखिल, अल्तमश, शिव, अनुज कुमार, शोएब, नितिन, मनोज पाल, मोहद इकरार, संदीप गोयल, अभिषेक, शिवम, दीपा, प्रवीण कुमार, आकाश कुमार, सनी देओल, कपिल, अभिषेक, दीपक कुमार, आशुतोष, प्रियंका, दीपक तेजियान, सविता देवी एवं रश्मि शर्मा शामिल रहे।

# आज होने वाले बंद को लेकर बार संघ ने बनाई रणनीति

■ **हाई कोर्ट की मांग को शांतिपूर्ण होगा आंदोलन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला बार संघ के अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग को लेकर एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया। बैठक में आए अधिवक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे और आंदोलन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। अधिवक्ताओं ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के लोगों को न्याय के लिए दूर जाना पड़ता है और इससे लोगों का धन अधिक खर्च होता है और समय भी ज्यादा लगता है। उन्होने कहा कि हाईकोर्ट बैंच की स्थापना से अधिवक्ताओ के अलावा पीडित लोगो को भी राहत मिलेगी। इस दौरान सभी ने निर्णय लिया कि हाई कोर्ट बैंच की स्थापना को लेकर कल बाजार बंद कर सफल बनाया जाए। जिला बार संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक हाई कोर्ट बैंच की मांग पूरी नहीं होती तब तक शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन जारी रखा जाए। आज की बैठक में भाग लेने पहुंचे अधिवक्ताओं ने अपनी-अपनी राय व्यक्त करते हुए लोगों से सहयोग की अपील भी की।




मुजफ्फरनगर: जिला बार संघ की बैठक में विचार रखते अधिवक्ता।

# दहेज हत्या में दस वर्ष की कैद

## आरोपी पर लगाया जुर्माना, गैंगस्टर में चार वर्ष की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश-8 की न्यायाधीश ने दहेज हत्या के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर अपना फैसला सुनाते हुए दहेज हत्या के मुकदमे में नामजद आरोपी को दोषी माना, जहां सबूत व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने पति को दस वर्ष के कारावास और सोलह हजार रूपये से दण्डित किया है।

अभियोजन के अनुसार जनपद शामली निवासी महिला ने एक मार्च 2016 को तितावी थाना में एक तहरीर देकर बताया था कि उस्मान पुत्र शफीक निवासी ग्राम जसोई था तितावी में उसकी पुत्री की अतिरिक्त दहेज के लिए हत्या कर दी।

इस घटना का मुकदमा मृतक के परिवार की ओर से महिला के पति उस्मान के खिलाफ दर्ज कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में लिखापढ़ी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने अपनी लिखापढ़ी को आगे बढाया और दहेज हत्या में नामजद आरोपी उस्मान के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। तभी से यह मामला कोर्ट मे विचाराधीन था हाल में इसकी सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश आठ नेहा गर्ग की कोर्ट में हुई। इस मुकदमे की पैरोकारी शासकीय अधिवक्ता अरूण कुमार जावला ने की।

कोर्ट में दोनो पक्षों के वकीलों की दलीले पेश हुई। न्यायधीश के समक्ष घटना से संबंधित सबूत व गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने उस्मान को दोषी माना और उसको दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर आरा. ेपी पर सोलह हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया। पीड़ित परिवार ने मुकदमे में लिखवाया था कि अतिरिक्त दहेज की खातिर पति व आदि ने शादी के तीन माह बाद ही विवाहिता की हत्या कर दी है।

वहीं दूसरी ओर एडीजे कोर्ट नम्बर पांच ने भोपा थाना में दर्ज गैंगस्टर के मामले में एक आरोपी को चार वर्ष के कारावास और उस पर बीस हजार रूपये का जुर्माना किया है।

अभियोजन की माने तो भोपा थाना क्षेत्र के गांव निरगांजनी निवासी अमरेश पुत्र बलवीर जाट पर एक मामले में गैंगस्टर की कार्यवाही की थी। इसी में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।

# अग्निकांड पीड़ितों को चेयरपर्सन ने दिया आश्वासन

■ **दालमंडी में हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचीं पालिकाध्यक्ष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के सबसे व्यस्त और प्रचीन इलाके में शुमार दालमंडी क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड ने एक परिवार की वर्षों की मेहनत को पलभर में राख कर दिया। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। इस घटना के बाद नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने मंगलवार को स्थल पर पहुंचकर इस भयंकर त्रासदी से उत्पन्न हालात का जायजा लिया और पीड़ित परिवार से मिलकर भरोसा दिया कि वो शासन स्तर से मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे और व्यक्तिगत स्तर से भी परिवार के लिए जो भी संभव हो पायेगा वो मदद करने के लिए तैयार हैं।



दालमंडी क्षेत्र स्थित पुष्पेंद्र जिंदल के आवास पर लगी भीषण आग के बाद नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। इस भयंकर आग की चपेट में आकर पूरा मकान जलकर राख हो गया। संयोगवश परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए। नगरपालिका अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और परिवार से घटना के सम्बंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने तत्काल सहायता सुनिश्चित कराने के लिए जिलाधिक. ारी मुजफ्फरनगर से वार्ता करते हुए हर संभव मदद उचित और सम्मानजनक मुआवजा उपलब्ध कराने का भरोसा परिवार को दिया। साथ ही शासन स्तर से भी हरसंभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है, जिसमें एक परिवार की वर्षों की पूंजी नष्ट हो गई। हालांकि, परिवार के लोगों की जान बचना राहत की बात है। इस अग्निकांड में घर में स्थापित भगवान की प्रतिमा और मद्भागवत का सुरक्षित रहना भी लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा, जिसे ईश्वरीय कृपा के रूप में देखा जा रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पीड़ित परिवार के साथ प्रशासन और समाज पूरी तरह खड़ा है। व्यक्तिगत स्तर पर भी जो संभव होगा, वह सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने पुष्पेन्द्र जिंदल का ढांढस बंधाते हुए कहा कि समाज उनके साथ खड़ा है, वो अकेला महसूस न करें और जो भी उनके सहारे बन पड़ेगा वो मदद करेंगी। परिवार की पूरी पूंजी इस अग्निकांड की भेंट चढ़ जाने पर उन्होंने दुख जताया। इस दौरान सभासद मनोज वर्मा, विजय कुमार चिंटू, योगेश मित्तल, कन्हैया शर्मा, नीरज अग्रवाल, राधे वर्मा, शलभ गुप्ता, जनार्दन बिवकर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# अध्यापक पर जानलेवा हमला करने वाले बदमाशों की तलाश जारी

■ **पुलिस ने खंगाली सीसीटीवी फुटेज, कई संदिग्ध निशाने पर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** सोमवार को मोरना-भोकरहेड़ी मार्ग पर बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने कॉलिंज से लौट रहे अध्यापक पर चाकूओ से हमला कर घायल कर दिया था। अध्यापक के साथ हुई वारदात के बाद क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस हमलावर बाईक सवारो की तलाश मे जुटी हुई है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी स्थित इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक विज्ञान अथवा टीजीटी के पद पर तैनात अमित कुमार राणा सोमवार शाम कॉलेज से छुट्टी के बाद बाइक द्वारा मुजफ्फरनगर लौट रहे थे। जैसे ही वह मोरना मार्ग पर गांव छछरौली मे तालाब के पास पहुंचे तभी मोरना की ओर से आये बाइक सवार तीन नकाब पोश बदमाशों ने मार्ग अवरुद्ध कर अमित राणा पर चाकूओ से हमला कर दिया था एक बदमाश ने गोली मारने की धमकी भी दी थी।घटना के बाद बदमाश फरार हो गये थे।अध्यापक अमित राणा पर हुए जानलेवा हमले को लेकर क्षेत्र मे हड़कंप मच गया मंगलवार को पुलिस ने आरोपियों की तलाश मे सीसीटीवी फुटेज खंगाली है। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है।आरोपियों की गिरफ्तारी को विशेष टीम को गठित किया गया है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

# शुक्रतीर्थ में परिक्रमा मार्ग निर्माण को मंत्री कपिल ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जनपद मुजफ्फरनगर स्थित पौराणिक एवं धार्मिक तीर्थ स्थल शुक्रतीर्थ के समग्र विकास को लेकर जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने विशेष रूप से शुक्रतीर्थ में परिक्रमा मार्ग के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि शुक्रतीर्थ केवल जनपद ही नहीं, बल्कि संपूर्ण उत्तर भारत का एक प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र है। यह वही पावन भूमि है जहां हजारों वर्ष पूर्व वट वृक्ष के नीचे महर्षि शुकदेव मुनि ने राजा परीक्षित को मद्भागवत कथा का श्रवण कराया था। वर्ष भर लाखों श्रद्धालु एवं पर्यटक यहां दर्शन और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए आते हैं। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि धार्मिक दृष्टिकोण से शुक्रतीर्थ क्षेत्र में परिक्रमा का विशेष महत्व है। वर्तमान में लगभग 12 किलोमीटर लंबा परिक्रमा मार्ग अत्यंत जर्जर और अव्यवस्थित अवस्था में है। कई स्थानों पर मार्ग कच्चा है, जिससे बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, वहीं पक्के हिस्सों में भी टूट-फूट और गड्ढों के कारण श्रद्धालुओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि संतों, महात्माओं और स्थानीय जनता द्वारा लंबे समय से एक सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित परिक्रमा मार्ग की मांग की जा रही है। ऐसे में जन-भावनाओं का सम्मान करते हुए और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग के माध्यम से परिक्रमा मार्ग का निर्माण कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि शुक्रतीर्थ के विकास को नई गति मिल सके और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# रोड़वेज की टक्कर से घायल का कटा पैर

## पीड़ित परिवार ने अधिकारियों से लगाई मदद की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रोडवेज की टक्कर से घायल हुआ युवक जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रहा है। पीड़ित परिवार के सामने घटना के दिन ही एक मुश्बित का पहाड टुट पडा था जब प्राइवेट अस्पताल में भर्ती घायल आशु की जान बचाने के लिए डॉक्टरो को उसका पैर काटना पडा। घटना के समय घायल बाइक द्वारा किसी काम से जा रहा था जहां शामली रोड ईदगाह के निकट रोडवेज बस ने युवक को पीछे से टक्कर मारकर घायल कर दिया था। इस घटना का मुकदमा कोतवाली में दर्ज है, लेकिन अभी तक पीडित परिवार की कोई मदद नहीं हो पाई।

पीडित परिवार ने नगर कोतवाल ीमें एक शिकायती पत्र देकर बताया था उसका 25 वर्षीय बेटा आशु बाइक द्वारा किसी काम से जा रहा था। आशु के पीछे मोहित पुत्र नरेश भी सवार था। जब वह ईदगाह शामली रोड पर पहुंचा तो अचानक पीछे से आई रोडवेज बस संख्या यू.पी.3.ए.टी.-2667 ने लापरवाही से बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और आशु घायल हो गया। घटना के बाद घायल को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसको रैफर कर दिया। उसी दिन प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरो को घायल आशु का पैर काटना पडा इसके बाद से घायल आशु की हालत गंभीर है। पुलिस ने इस मामले को दस दिसम्बर को दर्ज कर लिया था। अब पीडित परिवार के सामने एक समस्या आ रही है पीडितों ने बताया कि आशु परिवार का पालन पोषण करता था और उसी से पूरा घर चलता था। पीडित परिवार ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को अपनी पीडा सुनाते हुए यह मांग रखी थी कि रोडवेज के अधिकारियों से उनकी आर्थिक सहायता कराई जाए। पीडित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद से परिवहन विभाग का कोई भी अधिकारी उनकी मदद करने नहीं पहुंचा, जबकि घटना के दिन से यह परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। आशु का परिवार घटना के दिन से इस आस में बैठा है कि शायद कोई उनकी मदद करने आए जिससे उनके परिवार का पालन पोषण हो सके और घायल आशु का इलाज भी ठीक से हो सके। यहां तक की क्षेत्र की जिम्मेदार लोगों ने भी इस परिवार की कोई सूध नहीं ली।




# भाकियू (अ) ने तहसील में भरी हुंकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर पर किसानों ने सदर तहसील में धरना देकर एसडीएम को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

चरथावल ब्लॉक अध्यक्ष शशिकांत त्यागी के नेतृत्व में किसानों ने मांग रखी कि ग्राम निरधना में लेखपाल की मिली भगत से तालाब पर मकान का निर्माण करवाया गया है उसको रूकवाया जाए। सात ही आवारा पशु व जंगली जानवरों से होने वाले पशुओं को नुकसान से रोकने की भी मांग की गई, राजबाहे में टेल तक पानी और गांव मथूरा में नंगला राई तक सड़क निर्माण सहित अन्य मांगो के संबंध में एसडीएम को सौंपा।

# नहर में कूदे युवक के शव की तलाश जारी

■ **पुलिस ने गोताखोर टीमों की मदद से की तलाश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** बेलड़ा पुल से सोमवार दोपहर युवक ने गंग नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मंगलवार को युवक के शव की तलाश गोताखोर द्वारा की गयी।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू निवासी 27 वर्षीय राजन पुत्र बाबूराम गांव बेलड़ा स्थित गंग नहर पुल पर पहुंचा था और नहर मे छलांग लगा दी थी।वहां मौजूद सन्नी उर्फ छोटू निवासी गांव महमूदपुर माजरा ने युवक को बचाने के प्रयास में गंगनहर में छलांग लगा दी थी।जिसके बाद दोनों युवक गहरे पानी की लहरों मे ज़िन्दगी के लिए संघर्ष करने लगे। दो युवकों डूबते हुए देखकर राहग. ीरो के शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा किसी प्रकार सन्नी उर्फ छोटू को बचा लिया गया। किन्तु राजन गहरे पानी समा गया था।मंगलवार को पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से युवक की गंग नहर में तलाश कराई लेकिन उसका का पता ा नहीं चल सका है।

राजन के भाई आदेश , रवि, देवेंद्र, लाखन, निखिल, निगम ,गुरमीत ,मां ओंमकारी , दादा बलजीत का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक वाहन चालक के रूप मे कार्य करता था।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश को हाईकोर्ट बेंच, अब सवाल कब का है, क्यों का नहीं

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग एक बार फिर जनचर्चा के केंद्र में है। 17 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित 'पश्चिमी यूपी बंद' ने इस मुद्दे को नई धार दी है। वकीलों से लेकर व्यापारी, किसान और सामाजिक संगठनों तककृहर वर्ग में यह सवाल गूंज रहा है कि जब आबादी, राजस्व और मुक. दमों का बड़ा बोझ पश्चिमी यूपी उठाता है, तो न्यायिक सुविधा से यह क्षेत्र आज भी वंचित क्यों है?

**न्याय की दूरी सबसे बड़ी बाधा:** खतौली तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन उपाध्याय ने साफ शब्दों में कहा कि प्रयागराज स्थित हाईकोर्ट और लखनऊ पीठ तक पश्चिमी यूपी के 22 जिलों से 700-800 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। यह दूरी केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि आर्थिक और मानसिक बोझ भी है। मुवक्किलों के लिए बार-बार यात्रा, ठहराव और वकीलों की फीसकृन्याय को महंगा और कठिन बना देती है।

**न्यायिक असमानता का सच:** महासचिव प्रदीप कुमार ने इसे न्यायिक असमानता करार देते हुए कहा कि लंबी दूरी के कारण गरीब और मध्यम वर्ग के लोग कई बार मुकदमा आगे बढ़ाने से ही पीछे हट जाते हैं। सुलभ और सस्ती न्याय व्यवस्था तभी संभव है, जब हाईकोर्ट की एक पीठ पश्चिमी यूपी में स्थापित हो। यह केवल वकीलों की मांग नहीं, आम नागरिक के अधिकार का प्रश्न है।

**कारोबार और खेतीकृदोनों पर असर:** व्यापारी प्रतिनिधियों राजेश जैन, मदन छाबड़ा और अजय जनमेजय ने बताया कि कानूनी मामलों में प्रयागराज जाना कारोबार के लिए समय और पूंजीकृदोनों की बड़ी क्षति है। वहीं किसान संगठनों का कहना है कि छोटे किसानों के लिए इतनी दूर जाकर मुकदमे लड़ना लगभग असंभव हो जाता है, जिससे न्याय प्रक्रिया और जटिल हो जाती है।

**राजस्व में योगदान, सुविधाओं में कमी:** परिचर्चा में यह तथ्य भी उभरा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश राज्य के कुल राजस्व का 70 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। इसके बावजूद न्यायिक ढांचे जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव क्षेत्रीय उपेक्षा की ओर इशारा करता है। दशकों से चली आ रही इस मांग पर ठोस निर्णय न होना जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करता है।

**पश्चिमी यूपी बंद दबाव नहीं, दस्तक:** हाईकोर्ट स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति का कहना है कि 17 दिसंबर का 'पश्चिमी यूपी बंद' जनजीवन को ठप करने के लिए नहीं, बल्कि नीति-निर्माताओं तक मजबूत और शांतिपूर्ण संदेश पहुंचाने के लिए है। बंद के दौरान बाजार, स्कूल और पेट्रोल पंप बंद रखे जाएंगे तथा लो. कतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया जाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच अब कोई राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि समय की अनिवार्यता बन चुकी है। सवाल अब यह नहीं कि बेंच क्यों चाहिएकृसवाल यह है कि न्याय की यह मांग और कितने इंतजार की मो. हताज रहेगी?

## खिंदड़िया के जंगल में मिला अजगर

**छपार।** गांव खिंदडिया के जंगल में विशालकाय अजगर मिला जिसे वन विभाग की टीम पकड़कर ले गई।

गांव तेजलहेडा निवासी नारायण सिंह के खिंदडिया गांव के रकबे में खेत है वह मंगलवार को सुबह गन्ना छिलने अपने खेत में गया तो वहां अजगर को देखकर डर गया उसने आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों को सूचना दी। सब मौके पर इकठ्ठा हो गये। प्रतेप सिंह ने वन विभाग को मौके पर बुलाया वनकर्मी सोहनबीर व नितिन वहां पहुंचे ओर लगभग 12 फीट लम्बे अजगर पकड़ कर ले गये।

## महिला सुरक्षा संबंधी पंपलेट बांटे

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन कस्बा बुढाना में महिला पुलिसकर्मियों ने पैदल घूमकर आती जाती हुई महिलाओं, किशोरियों व छात्राओं से सुरक्षा संबंधी संवाद कर पंपलेट भी बांटे। टीम ने जागरूक करते हुए विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और आवारा तरीके से घूम रहे कुछ नवयुवकों को बेफालतू घूमने पर चेतावनी दी। महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा ने बताया कि उनकी टीम लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही है। अभियान के दौरान संदिग्धों और मनचलों को खदेड़ा गया। टीम ने भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में भी गश्त की और पत्रक वितरित किए। इनमें महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस की आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री योगी हेल्पलाइन 1076 की जानकारी भी दी गई। गर्भवती महिलाओं हेतू 102, एम्बुलेंस हेतू 108 और अग्निशमन सेवा के लिए 101 नंबर की जानकारी भी दी गई।

# एडीजी के बाद एसएसपी ने की लूटकांड की समीक्षा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के मोहल्ला लाल मोहम्मद में हुई लाखों रुपये की सनसनीखेज लूट के खुलासे को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। एडीजी भानु भास्कर के बाद मंगलवार को एसएसपी संजय वर्मा ने भी खतौली कोतवाली पहुंचकर लूटकांड की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए। लूट के इस मामले में खतौली पुलिस के साथ-साथ तीनों मंडलों की क्राइम ब्रांच की टीमें भी दिन-रात जांच में जुटी हुई हैं। चार दिन पूर्व एडीजी भानु भास्कर ने कोतवाली पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी। उन्होंने घटना को गंभीर मानते हुए पीड़ितों को जल्द खुलासे का आश्वासन दिया था। इसके बाद एडीजी ने एसपी सिटी, सीओ, कोतवाल और क्राइम टीम के साथ बैठक कर घटना के हर पहलू की समीक्षा की थी और सख्त निर्देश दिए थे। मंगलवार को एसएसपी संजय वर्मा ने भी खतौली पहुंचकर लूटकांड की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने घटनास्थल से जुड़े तथ्यों, जांच की दिशा और संदिग्धों से की जा रही पूछताछ की जानकारी ली। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि मामले के खुलासे के लिए पुलिस की दस टीमें गठित की गई हैं और कोई भी कड़ी छोड़ी नहीं जा रही है।

**शादी के बाद सुनसान घर बना निशाना**

पांच दिसंबर की रात मोहल्ला लाल मोहम्मद में नाजिम और उनकी पत्नी शबीना सहित परिवार के सदस्यों को तीन नकाबपोश बदमाशों ने हथियारों के बल पर बंधक बना लिया था। बदमाशों ने अलमारियों और कमरों की तलाशी लेकर लाखों रुपये के जेव. रात लूट लिए थे। घटना से एक दिन पहले नाजिम की भांजी की शादी हुई थी। अगले दिन परिवार के कई सदस्य दुल्हन को ससुराल से लेने मुजफ्फरनगर गए हुए थे, इसी का फायदा उठाकर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि देर रात एक नकाबपोश ने घर की घंटी बजाई। दरवाजा खुलते ही उसके दो साथी भी भीतर घुस आए और परिवार को आतं. कत कर लूटपाट की। घटना के बाद से ही यह मामला पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।

**कैमरों की फुटेज खंगाली, संदिग्ध हिरासत में**

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के नेतृत्व में एसओजी और पुलिस की कई टीमें लगातार बदमाशों की तलाश में लगी हैं। कस्बे और आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा चुकी है। मुजफ्फरनगर से लेकर मेरठ तक संदिग्धों का सत्यापन किया गया है। पुलिस ने लंबी भागदौड़ के बाद कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। मंगलवार को एसएसपी संजय वर्मा और एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने स्वयं संदिग्धों से लंबी पूछताछ की। हालांकि, पुलिस अधिक. ारी फिलहाल जांच का हवाला देते हुए अधिक जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं।एसएसपी संजय वर्मा ने कहा कि लूट के मामले में पुलिस पूरी गंभीरता से काम कर रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।



# भाकियू का धरना रात के दो बजे हुआ समाप्त

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन टिकेत गुट के सैंकडों कार्यकर्ताओं के द्वारा फुगाना थाने के बरामदे में आनन फानन में किया गया धरना प्रदर्शन बीती मंगलवार की देर रात 09 बजे शुरु होकर आज बुधवार की प्रथम रात्रि 02 बजे 05 दिन के इस आश्वासन पर समाप्त कर दिया गया था कि पुलिस 05 दिन तक किसी भी नामजद व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं करेगी। इस 05 घंटे के धरने पर भाकियू के सभी कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति का जज्बा भी दिखाया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति गीत बजाकर डांस करते हुए फुगाना पुलिस के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। दरअसल फुगाना थाना क्षेत्र के जोगियाखेडा गांव में पिछले माह दो पक्षों में मामूली सा झगड़ा हो गया था। गांव के लोगों ने दोनों पक्षों में समझौता भी करा दिया था लेकिन आरोप के मुताबिक पुलिस ने एक पक्ष से मोटी रकम लेकर दूसरे पक्ष के 07 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उनका नाम जांच में निकालने के नाम पर मोटी रकम हड़पकर ली। पुलिस कथित आरोपियों से और भी रकम मांग रहे थे तो इसका पता भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान को लगा तो उन्होंने मामले की जांच कर रहे दारोगा से फोन पर बात की तो तय हुआ कि पुलिस अभी एक दो दिन कोई दबिश नहीं देगी लेकिन इस वायदे को तोडते हुए फुगाना पुलिस बीते कल गांव जोगियाखेड़ा में जा पहुंची और नामजद आरोपियों के घरों की दो महिलाओं को पकड़कर जीप में बैठा लिया लेकिन पुलिस की इस कार्यवाही को देखकर ग्रामीण उग्र हो गये और उन्होंने भारी विरोध कर फुगाना पुलिस को बैरंग कर दिया। जब इस बात का पता भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान को लगा तो उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को फुगाना थाने में पहु. चने के निर्देश दिए। तब सैंकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण बीती रात नौ बजे फुगाना थाना पहुंचे और दरा बिछाकर धरना शुरु कर देशभक्ति गीतों पर डांस कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस धरने पर जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान, तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, नगर अध्यक्ष इसरार अहमद, लविशध जांगिड, वसीम राणा जौला, भोटा राव लोई, तैमूर अली राणा और तहसील जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद शहजाद आदि भाकियू कार्यकर्ता थे।

## को-आपरेटिव बैंक कैशियर सड़क हादसे में घायल

**बुढ़ाना।** को-आपरेटिव बैंक बुढ़ाना के केशियर एक सड़क हादसे में घायल हो गये। जिनको एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना को-आपरेटिव बैंक के केशियर अरविंद सैनी निवासी फतेहपुर नीमखेडी अपनी मोटर साइकिल पर सवार होकर रोजाना की भांति अपने घर पर बैंक से काम निपटाकर जा रहे थे। जब वे बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में जौला गांव के समीप आए तो उनकी चलती हुई मोटर साइकिल को सामने एक बंदर आ गया। जिसको बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार मोटर साइकिल अचानक से अनियंत्रित होकर फिसलकर गिर गयी। जिसमें केशियर अरविंद सैनी के पैर और सिर में गंभीर चोटें आई। घायल कैशियर अरविंद सैनी को आते जाते कुछ लोगों ने सड़क से उठाकर कांधला रोड पर स्थित अशोका नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां अब उनकी हालत में सुधार बताया गया है। इस घटना की सूचना घायल कैशियर अरविंद सैनी के परिजनों को भी चिकित्सकों के द्वारा फोन पर दे दी गयी थी।

# ओवररेटिंग पर शराब की दुकान सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर में शराब की बिक्री को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों पर जिला प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। बस स्टैंड के समीप स्थित देशी शराब की दुकान नंबर-1 पर तय मूल्य से अधिक दर पर शराब बेचे जाने की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर आबक. ारी विभाग ने दुकान को सीज कर दिया। साथ ही दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बताया जा रहा है कि उक्त दुकान को लेकर काफी समय से ओवर रेट वसूली की शिकायतें सामने आ रही थीं। प्रशासन द्वारा कराई गई जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई। जिलाधिकारी के आदेश पर आबकारी निरीक्षक त्रिवेदी प्रसाद मौर्य ने मौके पर पहुंचकर दुकान को सील किया। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है, वहीं अन्य शराब दुकानदारों में भी कार्रवाई को लेकर चिंता देखी जा रही है।

गौरतलब है कि आबकारी निरीक्षक त्रिवेदी प्रसाद मौर्य द्वारा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की शराब दुक. ानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य सूची दुकान पर प्रदर्शित करने तथा उसी दर पर बिक्री सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए जाते रहे हैं।

इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बिना किसी दबाव के सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। नगर क्षेत्र में अन्य शराब दुकानों पर भी ओवर रेट को लेकर समय-समय पर चर्चाएं होती रही हैं। ऐसे में यह कार्रवाई विभाग की सतर्कता और प्रशासनिक सख्ती का संकेत मानी जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि आगे भी नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ इसी तरह प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

## बैंडबाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ शुकतीर्थ मे स्थित श्री केवलानंद आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।मंगलवार को शुभारंभ अवसर पर 31कलश के साथ भव्य शोभायात्रा तीर्थ के मुख्य मार्गो से निकाली गयी।तथा गंगा घाट पर विशेष पूजा की गयी।

श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर श्रीधाम वृन्दावन से पधारे प्रसिद्ध कथा व्यास त्रिवेद दास महाराज ने कहा की श्रीशुकदेव महाराज ने भागवत कथा का श्रवण सतसंग के रूप कराया था। श्रीमदभागवत श्रवण अमृतपान के समान है।भगवान का चिंतन करने से आंतरिक सुख प्राप्त होता है। संतो की निंदा कभी नहीं करनी चाहिए। संतो मे विकार ढूंढना नहीं चाहिए। संत बनना सरल नहीं है।संत सनातन के वाहक हैं। वहीं व्यास पूजन यज्ञमान के रूप में शिल्पा शरभ गोयल द्वारा विधि-विधान से किया गया।इस अवसर पर श्री केवलानंद आश्रम ट्रस्ट के संरक्षक अरविंद गर्ग, उमाशंकर, सुरेश चंद गुप्ता, नाथीराम गोयल, अशोक अग्रवाल, राजेश गुप्ता, राकेश गर्ग, राकेश तायल, उदय गर्ग, शलभ गर्ग, सौरभ गर्ग, शुभम अग्रवाल, आँचल माहेश्वरी, सुंदरा गुप्ता, नवीन गोयल सहित अनेक श्रद्धालुओ ने परिवार सहित कथा का श्रवण किया।

# सेंट थॉमस स्कूल मनाएगा रजत जयंती का उत्सव, 18 दिसंबर को होगा भव्य समारोह

**खतौली।** शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षों की सशक्त और प्रेरणादायी यात्रा पूरी कर चुके सेंट थॉमस स्कूल में 18 दिसंबर को रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर विद्यालय परिसर को आकर्षक एवं रंगीन सजावट से सजाया गया है, वहीं आयोजन की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। विद्यालय परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान स्कूल के प्रबंधक फादर जोजफ एवं प्रधानाचार्य फादर थामसन ने संयुक्त रूप से समारोह की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि सेंट थॉमस स्कूल ने अपने स्थापना काल से अब तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के नैतिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। रजत जयंती समारोह उसी निरंतर शैक्षिक साधना और उपलब्धियों का प्रतीक है। इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मेरठ धर्म प्रांत के बिशप भास्कर जेसुराज, एसडीएम निकिता शर्मा, सीएमआई प्रांतीय वरिष्ठ फादर डॉ. डेविस वरायिलन, सीएमआई बिशप जॉन वडक्केल तथा इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बघेल की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राएं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। नृत्य, गीत, नाटड मंचन एवं रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जो विद्यालय की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और सृजनशील वातावरण को दर्शाएगा। प्रधानाचार्य फादर थामसन ने जानकारी दी कि रजत जयंती के अवसर पर विद्यालय की 25 वर्षों की शैक्षिक यात्रा पर आधारित एक विशेष स्मारिका पत्रिका का प्रकाशन भी किया जाएगा। इस पत्रिका में विद्यालय के इतिहास, उपलब्धियों, पूर्व विद्यार्थियों की स्मृतियां तथा शिक्षकों के अनुभवों का संकलन होगा। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या सिस्टर सुजा सहित विद्यालय का समस्त शिक्षण एवं प्रशासनिक स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय प्रबंधन ने क्षेत्रवासियों, अभिभावकों एवं पूर्व विद्यार्थियों से समारोह में सहभागी बनकर इस गौरवपूर्ण अवसर को यादगार बनाने का आह्वान किया है।

## जल निगम द्वारा किए गए गड्ढे बने हैं जानलेवा

**बुढ़ाना।** जल निगम ना जाने बुढाना कस्बे के लोगों से किस बात का बदला ले रहा है। विगत वर्ष जल निगम ने अण्डर ग्राउंड पाईप लाइन दबाने के नाम पर जगह जगह की गयी खुदाई के बाद अब तक भी गड्ढों को बंद करने का कोई खाका तैयार नहीं किया है। जिसके चलते नागरिकों को रोजाना किसी ना किसी असुविधा का सामना कर पड़ रहा है। अभी लोग जल निगम के अधिकारी और कर्मचारियों की कस्बे के बड़े, छोटे, पैंठ और सदर बाजारों की उजडी सड़कों के कारण दुक. ानदारी ठप्प होने की बात को भूले भी नहीं थे कि आज इन उबड खाबड़ मार्गों के कारण भरे हुए गैस सिलेंडरों से भरी हुई एक ई-रिक्शा उस समय अचानक पलट गयी जब गैस वैंडर शाहिद अहमद डोर टू डोर उपभोक्ताओं को सिलेंडर दे रहा था। यह तो गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। ई रिक्शा भी उस जगह पलटी जहां पर लोगों की भीड़ थी। इन गड्ढो की वजह से ही ई-रिक्शा पलटी। जिसको लेकर व्यापारी जल निगम से जबरदस्त खफा दिखाई पड़ रहे हैं। ये गड्डायुक्त सड़कें अब रोजाना व्यापारियों और ग्राहकों के भी जी का जंजाल बनकर रह गयी हैं। सड़कों की हालत इस कदर खस्ता है कि जो भी इन मार्गों पर एक बार गुजर गया उसके बाद उसने उक्त मार्ग पर दोबारा आने की भी नहीं सोची। जिसके कारण बाजार भी ठप्प हो गये हैं। एक दुकानदार ने बताया कि खराब सड़कों के चलते आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। जिससे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# चौरावाला में चोरी से हड़कंप

**मोरना।** चौरावाला गांव में स्थित कूड़ा एकत्र करने के आरआरसी सेंटर में कीमती सामान चोरी करने के अलावा तीन टड्ूबवैल मे चोरी की घटना को अंजाम देकर चोरो ने क्षेत्र मे दहशत फैला दी है। ग्राम प्रधान सहित किसानों ने शीघ्र घटना के खुलासे की मांग की है। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी किसान सतेन्द्र भूपेंद्र,अरविंद ने पुलिस को बताया कि सोमवार की रात उनकी टड्ूबवैल की दीवार को तोड़कर चोरो ने बिजली केबल, स्टार्टर आदि कीमती सामान चोरी कर लिया है। किसान अरविंद की टड्ूबवैल के कमरे में रखे तीन बोरे यूरिया,ऑयल पम्प सेट, व बिजली का केबल चोरी कर लिया है। पीड़ित किसानों ने लगातार टड्ूबवैल चोरी की घटनाओ पर भारी रोष प्रकट करते हुए शीघ्र चोरो को पकड़ने की मांग पुलिस से की है। वहीं गांव स्थित कूड़ा इकठा करने के केन्द्र से भी अज्ञात चोरों ने इन्वर्टर, बैट्री,विद्युत झटका मशीन, केबल आदि कीमती सामान चोरी कर लिया है। ग्राम सचिव योगेश कुमार ने बताया कि आरआरसी सेंटर में पहले भी दो बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। जिससे ग्राम पंचायत का काफी नुकसान हुआ है। ग्राम प्रधान सर्वेश उर्फ वीरू ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## मदनलाल हॉस्पिटल पर लगा फ्री नेत्र जांच कैंप

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना की हिंडन नदी के नये पुल के पार फल मंड़ी के पास स्थित मदनलाल हास्पिटल पर आज बुधवार के दिन आंखों का एक भव्य निशुल्क शिविर का सफल आयोजनध किया गया। जिसमें कुल 44 आंखों के मरीजों ने अनुभवी चिकित्सकों से अपनी आंखों की जांच कराई।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बे की हिंडन नदी पुल के पार मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित मदनलाल हॉस्पिटल पर आज निरूशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरतमंद मरीजों ने पहुंचकर अपनी आंखों का परीक्षण कराया। जानकारी देते हुए नेत्र परीक्षक डॉक्टर विशाल कुमार ने बताया कि आज शिविर मे 44 मरीज ने अपनी आंखों की जांच कराई। जिनमें से कुल 07 मरीजों को ही निरूशुल्क आंख बनवाने के लिए पंजीकृत किया गया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से एमबीबीएस डॉक्टर सोनू कश्यप, डॉक्टर सूची कश्यप, सेंटौर फार्मो कोलॉजिस्ट से अरुण शर्मा, संदीप पंवार, गुरिसन फार्मो कोलॉजिस्ट से गौरव कुमार, सचिन त्यागी, मेघा और अभिषेक आदि स्टाफ उपस्थित रहा। यह चिकित्सा कैंप लगातार छह घंटे तक चला।

# श्री राम कॉलेज में एआई जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्धएआईऋ के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान की शुरुआत 10 दिसंबर, मानव अधिकार दिवस के अवसर पर की गई। अभियान का शीर्षक 'एआई यस बट नो, रखा गया, जिसका उद्देश्य एआई के सकारात्मक उपयोग के साथ-साथ उसके सीमित, नैतिक और जिम्मेदार प्रयोग को रेखांकित करना था।

इस अभियान के अंतर्गत पत्रका. रिता विभाग के विद्यार्थियों ने कॉलेज के विभिन्न विभागों और कक्षाओं का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को एआई टूल्स के उपयोग, उनकी उपयोगिता, सीमाएँ, लाभ, हानि तथा नैतिक प्रयोग के प्रति जागरूक किया। पूरे कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा स्वयं तैयार किए गए पोस्टर, कलाकृतियाँ और रचनात्मक सामग्री का ही प्रयोग किया गया, जिससे अभियान का उद्देश्य प्रभावी और सरल ढंग से समझाया जा सके।



इस संगठनात्मक अभियान का मुख्य उद्देश्य जेमिनी, चौट जीपीटी, ग्रोक जैसे एआई टूल्स के शैक्षणिक उपयोग, उनके लाभ, संभावित जोखिम और दुरुपयोग के प्रति विद्यार्थियों को सचेत करना था। अभियान के दौरान एआई उपयोगी है, जागरूकता ज़रूरी है। एआई है एक वरदान, इससे न करें कोई गलत काम जैसे प्रेरक नारों के साथ विद्यार्थियों द्वारा रचित नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक, स्लोगन और पोस्टर के माध्यम से अभियान को और अधिक प्रभावशाली, रोचक एवं सार्थक बनाया गया। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि यूरोपीय संघ ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित कानून बनाया है, जिसका उद्देश्य सुरक्षित, पारदर्शी और जिम्मेदार एआई उपयोग को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रका. रिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा की गई। विद्यार्थियों एवं शिक्षण संकाय के सहयोग से यह अभियान अपने उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा लडका आसिफ मेरे कहने सुनने में नहीं है, गलत संगत में पड़ गया है उसके किसी भी लेनदेन या गलत कार्य की मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मैने व परिवार ने आसिफ को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे संबंध विच्छेद कर लिए हैं आज से मेरा व परिवार का इससे कोई सम्बन्ध या वास्ता किसी प्रकार का नही रहेगा।

**इरफान पुत्र हशमत**
**निवासी- मकान नम्बर 63 सरवट गांव-1 थाना सिविल लाईन**
**तहसील सदर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# कव्वाल अकरम साबरी के निधन से शोक की लहर

**कलाकारों ने दी अंतिम श्रद्धांजलि**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद की सरज़मी के मायनाज़ फनकार अकरम साबरी के निधन से शहर में शोक फैल गया है

असलम अकरम नाम से मशहूर कव्वाल की जोड़ी में से अकरम साबरी का देहांत हो गया है अकरम साबरी एक बेहतरीन कव्वाल होने के साथ-साथ एक अज़ीम शख्सियत के मालिक थे उनके गाए हुए कलाम,मुश्किल है नाम दिल से मिटाना हुसैन का, धूम मची धूम मेरे साबिर की,ज़माना बोलता है, और अभी यू टड्ूब पर उनकी नयी कव्वाली चरागे मुहब्बत ने धूम मचाई हुई है

अकरम साबरी देश में ही मशहूर नहीं थे विदेश में भी उनके



नाम का डंका बजता था देश विदेश में कव्वाली के बहुत मुकाबले उन्होंने जीते हैं।

अकरम साबरी की आवाज में एक जादू था जो सुनने वालों को अपनी और खींचती थी उनकी कव्वाली सुनने वाले मंत्र मुग्ध हो जाया करते थे अकरम साबरी को गायकी विरासत में मिली है

# चैयरपर्सन ने निर्माणाधीन लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना की अध्यक्षा उमा त्यागी कौशल ने आज बुधवार के दिन नगर पंचायत बुढ़ाना कार्यालय पर पहुंचकर बुढाना नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बन रही लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और नगर पंचायत कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मिली जानकारी के अनुसार इसी साल जून के महीने में सहारनपुर मंडल के तत्कालीन कमिश्नर अटल राय ने बुढ़ाना आकर इस लाइब्रेरी का अपने कर कमलों के द्वारा शिलान्यास किया था। अध्यक्षा श्रीमति उमा त्यागी कौशल ने पत्रकारों को बताया कि इस भव्य आलीशान लाइब्रेरी में सभी जरूरी आधुनिक सुविधाएं होंगी। विकास



एसोसिएट फर्म को इसका ठेका आवंटित किया गया था। अध्यक्षा ने निर्देश दिए हैं कि कम से कम समय में लाइब्रेरी का कार्य पूर्ण किया जाए। उम्मीद है कि आगामी वर्ष के मार्च माह में इस लाइब्रेरी का लोकार्पण हो सकता है। इस लाइब्रेरी में छात्र और छात्राओं के लिए अलग अलग सेक्शन भी बनाए गये हैं। इस दौरान यहां पर बुढ़ाना नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक सतीश पंवार, दिनेश त्यागी, शाह आलम, सुधीर कुमार, सचिन कोरी और सुमित शर्मा के अलावा नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## गादला में अवैध धर्मकांटे को सील करने से मचा हड़कंप

**भोपा।** गांव गादला में धर्मकांटे के औचक निरीक्षण के बाद विधिक माप विज्ञान की वरिष्ठ निरीक्षक ने बिना बांट, लाइसेंस व जरूरी कागजात के अवैध रूप होता पाये जाने पर सील कर दिया। जिससे गांव में हडकंप मच गया। विधिक माप विज्ञान खतौली की वरिष्ठ निरीक्षक कल्पना तोमर मंगलवार को भोपा थाना क्षेत्र के गांव गादला स्थित धर्मकांटे का पर पहुंची और निरीक्षण के दौरान धर्मकांटे का संचालन बिना बांट, लाइसेंस व जरूरी कागजात के अवैध रूप होता पाया गया। जिस पर तत्काल कानूनी कार्रवाई करते हुए धर्मकांटे को सील कर दिया। जिससे गांव में हडकंप मच गया और कई संचालक धर्मकांटे को बंद करके भाग गए। धर्मकांटा संचालकों को चेतावनी दी कि घटतौली या धोखाधड़ी पाए जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

## विधिक शिविर में विद्यार्थियों को कानूनी विषयों के प्रति किया जागरूक

**भोपा।** सेंट ज़ेवियर्स ग्लोबल स्कूल रहकडा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग विभाग से जुडे जगमोहन सिंह ने कहा कि जागरूकता के अभाव में साइबर अपराध बढ रहा है। इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग से ही आनलाइन ठगी से बचा जा सकता है। उन्होंने किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को देने की अपील की। शिविर में वक्ता गौरव मलिक ने कहा कि ग्रामीण समाज विकास केंद्र की ओर से 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत बाल विवाह के दुष्परिणामों को बताते हुए विद्यार्थियों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता फैलाने हेतु शपथ भी दिलाई गई, जिससे वह समाज में इस कुप्रथा को समाप्त करने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। शिविर में प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी होते है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने मुक्त विद्यालयी एवं कौशल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित सैकिण्डरी परीक्षा वर्ष 2024 से उत्तीर्ण की थी जिसमें मेरा एनरोलमेन्ट नम्बर- 10124005619 तथा क्रमांक संख्या- 24/ES01/004756 था इसमें मेरी माता का नाम त्रुटिवश शकुन्तला दर्ज हो गया जबकि मेरी माता का सही नाम शकुन्तला देवी है।

**मोहन सिंह पुत्र रोशन सिंह**
**निवासी-आलमगीरपुर**
**डाकखाना दुधली खास**
**जिला मुजफ्फरनगर**
**247772**

**NAME CHANGE**

I SHAHZAN KHAN S/O NISAR AHMAD R/O 14/222 OUTUBSHER REINCH KAPUL GALI NO-2, District SAHARANPUR (U.P.) have changed my name to SHAHZAMAN KHAN

**सूचना**

मैने अपना नाम YASHI से बदलकर YASHVI CHAUDHARY रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से पहचाना जाए, पता-

YASHVI CHAUDHARY D/0 MANOJ KUMAR, Vill- BHAINSI KHATAULI, MUZAFFRNAUAR, UP- 251201 ।

### खतौली में खौफ का नेटवर्क टूटा

# ब्लैकमेलिंग गिरोह पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली में लंबे समय से दहशत का पर्याय बने शातिर ब्लैकमेलर किक्की जैन की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की जांच ने उसके काले साम्राज्य की चौंकाने वाली तस्वीर सामने ला दी है। किक्की जैन के जेल पहुंचते ही साफ हो गया है कि यह सिर्फ एक व्यक्ति की कहानी नहीं, बल्कि एक संगठित ब्लैकमेलिंग नेटवर्क का मामला है, जो वर्षों से शहर में खामोशी से फल-फूल रहा था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि धमकी, फर्जी शिकायतों और कानूनी डर का सहारा लेकर अवैध वसूली की पूरी स्क्रिप्ट पहले से तैयार की जाती थी। इस खेल में स्थानीय टाइपिस्ट और टाइपिंग सेंटर अहम भूमिका निभा रहे थे। यहीं पर शिकायतें, नोटिस और डर पैदा करने वाले पत्र तैयार होते थे, जिन्हें बाद में हथियार बनाकर व्यापारियों और आम नागरिकों पर दबाव डाला जाता था। पुलिस ने ऐसे कई टाइपिंग सेंटरों को चिह्नित कर लिया है, जहां से इस ब्लैकमेलिंग मशीनरी को हवा मिलती थी। सूत्रों के अनुसार किक्की जैन अकेला नहीं था। उसके साथ मुखबिरों और सहयोगियों का एक पूरा नेटवर्क सक्रिय था, जो यह तय करता था कि किसे निशाना बनाना है, कौन कमजोर है और किस तरीके से डराया जा सकता है। अब किक्की जैन की गिरफ्तारी के बाद यही लोग पुलिस की रडार पर हैं और लगातार दबिशों से गिरोह में हड़कंप मचा हुआ है। उधर, वर्षों से रंगदारी और धमकियों के साये में जी रहे व्यापारी और नागरिक राहत महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पहली बार उन्हें डर से मुक्ति का अहसास हो रहा है। पुलिस का दावा है कि पूछताछ के दौरान कई अहम नाम सामने आए हैं और जल्द ही पूरे नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि खतौली की जनता लंबे समय से इस ब्लैकमेलिंग गिरोह के खिलाफ आवाज उठा रही थी। जब समाज एकजुट हुआ, तब जाकर कानून हरकत में आया और किक्की जैन को जेल की राह दिखाई गई। अब शहर की निगाहें पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं,क्या इस बार सिर्फ सरगना नहीं, बल्कि पूरा गिरोह कानून के शिकंजे में आएगा? जनता को उम्मीद है कि इस बार इंसाफ अधूरा नहीं रहेगा।

### मंत्री कपिल देव से लगाई न्याय की गुहार

**खतौली।** किक्की गैंग की फर्जी शिकायतों, अवैध वसूली और रंगदारी से त्रस्त खतौली का सर्व समाज अब खुलकर सामने आ गया है। सोमवार को सैकड़ों पीड़ितों ने माननीय मंत्री श्री कपिल देव से मुलाकात कर अपनी पीड़ा उनके समक्ष रखी। लोगों ने बताया कि गैंग के आतंक के चलते कई परिवार भय के माहौल में जी रहे हैं, वहीं कुछ को खतौली छोड़ने तक की नौबत आ गई है। समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्री को अवगत कराया कि व्यापार करना और शांतिपूर्वक जीवन जीना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। सभी वर्गों के लोग इस गिरोह की गतिविधियों से परेशान हैं और प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मंत्री कपिल देव ने पीड़ितों की बात गंभीरता से सुनते हुए स्पष्ट किया कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी प्रकार की सिफारिश स्वीकार नहीं होगी। समाज सर्वोपरि है, और समाज को भयभीत करने वालों को किसी भी स्तर पर संरक्षण नहीं मिलेगा, मंत्री ने कहा। इस दौरान सर्व समाज ने घोषणा की कि शीघ्र ही खतौली में एक बड़ी बैठक आयोजित कर असामाजिक तत्वों के खिलाफ खुला विरोध दर्ज कराया जाएगा। समाज ने यह संकल्प भी लिया कि आने वाले समय में आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए खतौली की आवाज और अधिक संगठित व मजबूत रूप में सामने आएगी। सैकड़ों लोगों की मौजूदगी ने साफ कर दिया कि अब खतौली का समाज अन्याय और डर के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा है।

## कलयुगी पोते पर बीमार दादा की जमीन हड़पने का आरोप

**मीरापुर।** क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर से रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक कलयुगी पोते द्वारा अपने ही बीमार व वृद्ध दादा के साथ धोखाधड़ी कर मकान का बैनामा कराने तथा बाद में मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगा है। पीड़ित बुजुर्ग ने थाना मीरापुर सहित राजस्व अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

थाना मीरापुर क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी अकबर पुत्र सुक्खन ने बताया कि वह काफी समय से बीमार हैं और वृद्धावस्था के कारण चलने-फिरने में भी असमर्थ हैं। आरोप है कि उनके पोते मुस्तकीम पुत्र रब्बान अली ने उनकी इसी मजबूरी का फायदा उठाया। पीड़ित के अनुसार 11 दिसंबर 2025 को पोता उन्हें यह कहकर घर से ले गया कि चिकित्सक को दिखाने ले जा रहा है, लेकिन उन्हें सीधे सब-रजिस्ट्रार कार्यालय ले जाकर उनके मकान का बैनामा अपने पक्ष में रजिस्टर्ड करा लिया गया। बुजुर्ग का कहना है कि उन्हें न तो बैनामे की जानकारी दी गई और न ही उनकी सहमति स्पष्ट रूप से ली गई। पीड़ित ने आगे बताया कि जब रजिस्ट्री के बाद उन्हें सच्चाई का पता चला और उन्होंने इसका विरोध किया, तो उनके साथ मारपीट की गई तथा उन्हें घर से बाहर निकाल दिया गया। इस घटना के बाद से वह भयभीत हैं और दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पीड़ित बुजुर्ग ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पोते के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट मे प्रशिक्षण का शुभांरभ



**शाहपुर।** क्षेत्र की अग्रणी शिक्षा संस्था संत चावरा स्कूल में मंगलवार को हाल ही में तैयार हुए सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सेंट जॉन्स प्रोविडेंस के जाने-माने बास्केटबॉल प्रशिक्षक फादर थॉमस ए. ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बच्चों को बास्केटबॉल की बेसिक जानकारी, खेल के नियमों एवं आवश्यक व्यायामों का अभ्यास कराया। प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रबंधक फादर जॉर्ज, प्रधानाचार्य फादर मैथ्यूसर, पी.टी.आई. वैभव पराशर व स्वेता राणा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### श्री शुकदेव संस्कृत माध्यमिक विद्यालय शुक्रताल को बनाया परीक्षा केन्द्र

**मुजफ्फरनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि शिक्षा निद. ेशक (मा.) एवं अध्यक्ष, उप्र माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, 18 पार्क रोड, लखनऊ के पत्रंक सं परि / केन्द्र स्थापना नीति / परी-26 / 21032-21127/2025-26 दिनांक 10 नवम्बर 2025 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जनपद स्तर पर गठित परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 16.12.2025 में संस्कृत उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित की जा रही वर्ष 2026 की परीक्षा हेतु परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय के अनुसार श्री शुकदेव संस्कृत माध्यमिक विद्यालय शुक्रताल, मुजफ्फरनगर को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है।चयनित परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में आपत्ति/प्रत्यावेदन दिनांक 17 दिसम्बर तक इस कार्यालय में प्राप्त करायी जा सकती है। दिनांक 17. 12.2025 के उपरान्त कोई आपत्ति / प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

### विवाहिता की मौत के मामले में पति व ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मोरना।** थाना ककरौली क्षेत्र के जटवाड़ा गांव निवासी शाइस्ता (28) ने रविवार को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। मुज़फ्फरनगर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतका के मायके वालों ने ससुरालियों पर मृतका को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पति वसीम, जेठ नसीम व शमीम, ससुर यामीन के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। थाना पुलिस ने बताया कि मृतका के पति वसीम को गिरफ्तार कर चालान किया गया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### गादला गांव से अपहृत मुस्लिम युवती की बरामदगी बनी सियासी मुद्दा

**मुज़फ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने भोपा थाना क्षेत्र के गांव गादला से अपहृत मुस्लिम के मामले को लेकर धार्मिक मुद्दों को लेकर मुस्लिम समाज को घेरने के लिए चर्चित यशवीर महाराज और पुलिस प्रशासन पर तंज कसते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम युवती को अपहरण किए जाने के बाद भी अभी तक उसकी बरामदगी नहीं हो सकी है, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि संत सभी के लिए होते हैं, किसी एक समाज या धर्म के लिए नहीं। यदि प्रशासन वास्तव में निष्पक्ष है, तो उसे बिना किसी दबाव या धार्मिक प्रभाव के अपहृत लड़की को जल्द से जल्द बरामद करना चाहिए। वहीं भोपा थाना क्षेत्र के गांव गादला मे बीते 26 नवंबर को एक युवती को दूसरे सम्प्रदाय के युवक द्वारा अपहर्त करने का मामला प्रकाश मे आया है पुलिस ने बीते 1 दिसम्बर को अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। वहीं मंगलवार को भाकियू क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के नेतृत्व मे संगठन के शाहनवाज़ प्रधान कमहेडा, उन्नाव प्रधान दौलतपुर, शेर मोहम्मद प्रधान, विवेक भाटी, अमित चौधरी आदि भोपा थाना पर पहुंचे ओर 20 दिन से अपहर्त युवती की बरामदगी न होने पर नाराजगी जाहिर की। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की युवती की बरामदगी को विशेष टीम का गठन किया गया है। शीघ्र युवती को बरामद किया जायेगा।

### मुशायरे में अखिलेश से मिले माजिद

**मुज़फ्फरनगर।** दिल्ली स्थित इण्डियन इस्लामिक कल्चर सैंटर में आयोजित एक मुशायरे क अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाग लिया। इस दौरान समाजसेवी माजिद सिद्दीकी की इस मुशायरे में शामिल हुए। माजिद सिद्दीकी ने भी मुशायरे में अपने विचार रखते हुए कहा कि उर्दू एक तहजीब की भाषा है और वह गंगा-जमुना संस्कृति और आपसी सम्मान की आवाज बुलंद करती है।



## एसडीओ से मिला प्रतिनिधिमंडल, समस्याओं का कराया समाधान

**चरथावल।** कस्बे में स्थित बिजली घर पर भारतीय किसान यूनियन योद्धा के एक प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत उपखंड अधिकारी आशीष से मुलाकात की। राष्ट्रीय प्रभारी शाहबाज त्यागी के नेतृत्व में किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से अधिकारी को अवगत कराया।

इस बैठक के दौरान, किसानों की लगभग पचास प्रतिशत समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। शेष अन्य समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन विद्युत उपखंड अधिकारी द्वारा दिया गया। यह प्रतिनिधिमंडल चरथावल विकास क्षेत्र के ग्राम पावटी खुर्द, चौकड़ा और कुटेसरा सहित विभिन्न गांवों के किसानों की बिजली बिल संबंधी समस्याओं को लेकर एसडीओ कार्यालय पहुंचा था। किसानों ने एसडीओ आशीष कुमार से इन समस्याओं के समाधान की मांग की।मुलाकात के दौरान कई किसानों के बिजली बिलों को सही किया गया। भारतीय किसान यूनियन योद्धा ने चेतावनी दी है कि यदि शेष समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।इस मौके पर मास्टर इरशाद राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, सुफियान त्यागी सदर तहसील सचिव, अनस त्यागी, अरशद,साजिद , असजद ब्लॉक सचिव चरथावल,अनस अहसान आदि किसान योद्धा मौजूद रहे।

## अंतर विद्यालय सुलेख प्रतियोगिता में समरीन तोमर ने हासिल किया द्वितीय स्थान

**मीरापुर।** सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स के मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में गोल्डन बैल्स एकेडमी, ढिंढावली में अंतर विद्यालय सुलेख प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सुंदर लेखन, रचनात्मक सोच, अनुशासन तथा हिंदी भाषा के प्रति रुचि को विक. सित करना रहा। कार्यक्रम में जनपद के 22 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, जिसमें प्रत्येक विद्यालय से चार-चार छात्र-छात्रओं ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने बताया कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरापुर की कक्षा सात की छात्र समरीन तोमर ने अपने उत्कृष्ट सुलेख और सुस्पष्ट लेखन शैली से निर्णायक मंडल को प्रभावित करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समरीन की इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम गौरवान्वित हुआ। इस सफलता में विद्यालय कोआर्डिनेटर दीप्ति व्यास के साथ-साथ शिक्षक रवि शंकर मलिक एवं मीनू रानी का विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन और निरंतर प्रयासों से छात्र को यह उपलब्धि हासिल हुई। छात्र की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत एवं निद. ेशक राजेश कुमार शर्मा ने समरीन



तोमर को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। समापन अवसर पर आयोजकों ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन व रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं।

## उलमाए कराम की जुदाई हमारे लिए एक बड़े नुकसान का विषय : कासमी

**बुढ़ाना।** आज जमीयत उलेमा ए हिंद शाखा बुढ़ाना की ओर से कस्बे की फूंस वाली मस्जिद में आलम ए इस्लाम की प्रसिद्ध व लोकप्रिय शख्सियत महबूब उल उलेमा हज़रत उल हाज जनाब पीर फ़कीर ज़ुल्फ़िकार अहमद साहब के लिए दुआ और ईसाल-ए-सवाब का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसील बुढ़ाना के जनरल सेक्रेटरी मु"ती आस मोहम्मद क़ासमी साहब ने कहा कि उलेमा का हमारे बीच से रुख्सत होना मिल्लत के लिए बहुत बड़ा नुकसान है जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। शहर सदर मौलाना इसराइल साहब ने कहा कि अकाबिर का इस तरह रुख्सत होना बड़ी चिंता की बात है। जो चला गया उसकी भरपाई नहीं हो सकती लेकिन जो बाकी हैं उनकी क़द्र करनी चाहिए। उलेमा ए कराम की ज़ियारत भी इबादत है और उलेमा का सम्मान हम सभी के



दिलों में होना चाहिए। जनरल सेक्रेटरी शहज़ाद असगर क़ुरैशी ने कहा कि उलेमा हम सभी के लिए सम्माननीय हैं और हमें सबकी क़द्र करनी चाहिए। उपाध्यक्ष मौलाना फारूक़ साहब ने कहा कि उलेमा अंबिया के वारिस हैं, जिस तरह अंबिया की क़द्र की जाती थी उसी तरह उलेमा की भी क़द्र करनी चाहिए। अंत में फूंस वाली मस्जिद के इमाम व ख़तीब मौलाना बिलाल साहब ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया।

## साइबर सुरक्षा नुक्कड़ नाटक प्रति. में गोल्डन पब्लिक को द्वितीय पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आईएसईए (ISEA)द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय साइबर सुरक्षा नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में गोल्डन पब्लिक स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। यह उपलब्धि विद्यालय के विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सामा. जिक जागरूकता का प्रतीक है। इस प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। गोल्डन पब्लिक स्कूल के छात्रें ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर सुरक्षा, डिजिटल जागरूकता एवं सुरक्षित इंटरनेट उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे निर्णायक मंडल एवं दर्शकों ने खूब सराहा।

इस सफलता में विद्यार्थियों की मेहनत के साथ-साथ विद्यालय की शिक्षिका रेखा पुण्डीर एवं बबीता



त्यागी का मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन महत्वपूर्ण रहा।

विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने विजेता टीम को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की गति. विधियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीमवर्क और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं। विद्यालय परिवार ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और भविष्य में भी इसी प्रकार राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

## मीरापुर में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के राजकीय इंटर कालेज कुतुबपुर में मिशन शकित अभियान के अंतर्गत छात्रओं की सुरक्षा और सशा. कतकरण को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें सामाजिक, मानसिक और तकनीकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का नेतृत्व मीरापुर थाने की एंटी रोमियो प्रभारी ममता अत्रे ने अपनी पुलिस टीम के साथ किया।

इस दौरान छात्रओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों, सुरक्षित व्यवहार, साइबर अपराधों से बचाव तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सही और त्वरित प्रतिक्रिया देने के तरीकों की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किसी भी तरह की असहज या आपत्तिजनक स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत सहायता कैसे प्राप्त की जाए। जागरूकता सत्र में छात्रओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें डायल 112, पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्डलाइन और 1033, महिला हेल्पलाइन शामिल हैं। इसके साथ ही मीरापुर थाने का सीयूजी नंबर भी साझा किया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर छात्रएं सीधे पुलिस से संपर्क कर सकें। कार्यक्रम के अंत में छात्रओं ने सवाल पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया।

## तीर्थंकर जन्मकल्याणक पर भजन संध्या में झूमा खतौली

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर श्री 1008 चंद्रप्रभ भगवान एवं 23वें तीर्थंकर श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान के जन्मकल्याणक के अवसर पर धर्मनगरी खतौली में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किए गए। इसी क्रम में जैन समाज खतौली के तत्वावधान में बड़ा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा में आयोजित रात्रिकालीन भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को भकित रस में सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम में इंदौर से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक मयूर जैन एवं अंकिता जैन ने अपने सुमधुर जैन भजनों से ऐसा समा बांधा कि श्रद्धालु देर रात तक भकित में झूमते रहे। दिल्ली से आए जैन साहिब म्यूजिकल ग्रुप ने भी संगत देकर पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंगों से भर दिया। भजन संध्या का सशकत एवं आकर्षक संचालन श्री अरुण जैन (नंगली वाले) ने किया। कार्यक्रम से पूर्व सभी कलाकारों ने आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी महाराज ससंघ से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में जिन शासन प्रभावना संघ, जैन क्रांतिकारी युवा मोर्चा, श्री शांतिसागर जैनामृत ट्रस्ट, जय भारत जैन यूथ, श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति (इकाई द्वितीय), महिला जैन मिलन की विभिन्न इकाइयों, अखिल भारतीय महिला जैन फेडरेशन सहित अनेक सामा. जिक व धार्मिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही। भव्य मंगल गीतों के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान की भकित कर आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट संचालन के लिए श्री अरुण जैन (नंगली वाले) को सम्मानित किया गया। वहीं रथयात्र एवं अन्य आयोजनों में सहयोग करने वाले समाजसेवियों, संस्थाओं व सहयोगकर्ताओं को भी जन्मकल्याणक महोत्सव कार्यकारिणी द्वारा सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भकित, उल्लास और सामाजिक एकता का यह आयोजन नगरवासियों के लिए श्रद्धा और संस्कारों से जुड़ी एक अविस्मरणीय अनुभूति बन गया।

### पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**चरथावल।** पुलिस ने एक वारंटी अभियुकत को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी माननीय न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के अनुपालन में की गई।

क्षेत्राधिकारी सदर और प्रभारी निरीक्षक चरथावल सत्यनारायण के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे वांछित/वारंटी अभियान के तहत यह कार्रवाई हुई। अभियुकत के खिलाफ अतिरिकत प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संख्या 1 गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था।कस्बा चौकी प्रभारी राजेश शर्मा ने अपने हमराही पुलिस बल के साथ गश्त के दौरान अभियुकत अरविंद कुमार को उसके घर कस्बा चरथावल से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अभियुकत के पास से कोई बरामदगी नहीं हुई है और उसका कोई आपराधिक इतिहास भी दर्ज नहीं है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुकत की पहचान अरविंद कुमार पुत्र सुरेश चंद, निवासी मोहल्ला कानूनगोयान, कस्बा चरथावल, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है।

## आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल के साप्ताहिक क्रीड़ा उत्सव का रंगारंग समापन

**मुजफ्फरनगर।** स्थानीय आर्य एकेडेमी इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सैनिक परिषद के अध्यक्ष कर्नल सुधीर सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में अशोक बालियान उपस्थित रहे। एक सप्ताह से चल रहे विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ जिसमें बास्कटबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, टीटी लम्बी कूद , शतरंज, कैरम, आदि प्रतियोगिताएं में विभिन्न तत्वों के छात्र छात्रओ ने प्रतिभाग कर स्वर्ण रजत, व कास्य पदको पर अपनी दावेदारी ठोकी, ये खेलों के आयोजन अगामी परीक्षाओं के दबाव को कम करने के लिए भी महत्तवपूर्ण रहे। विभिन्न विद्यालयों से पधारे विशिष्ट अतिथि के रूप में हेरिटेज पब्लिक स्कूल से नीरज बालियान इंद्रप्रस्थ स्कूल मोरना से विराज तोमर, न्यू वेल्किन पब्लिक स्कूल से दुष्यन्त त्यागी, सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल से संदीप मलिक जी ने कार्यक्रम की शोभा बढाई।

विभिन्न प्रतियोगिता जिसमें रिले दौड़, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, कमांडो दौड़, मन चौन दौड़, व्हील बैरो दौड़, मैथ्स मेनिया दौड़, साईकिल दौड़ एव अभिभावकों के लिए आयोजित एवं फाउंडेशन स्टेज के नन्हे मुन्हे बच्चों के लिए एक विशेष स्किल बेस्ड दौड़ जिसमे सेववाटर दौड़, केटरपिलर दौड़, नुमरेसिया दौड़, अल्फाबेटिक दौड़, लाइफ साईकिल दौड़, का आयोजन किया गया इस आयोजन का मुख्या उद्देश्य बच्चों का शारीरिक विकास, संतुलन, समन्वय, एकाग्रता और मोटर स्किल को बढावा देना था। आयोजित खेलो का सभी उपस्तिथ लोगों ने भरपूर आनंद लिया तथा अतिथियों ने सभी विजेताओं को पदक एव ट्रॉफी से सम्मनित किया। मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में सभी बच्चों को अनुशासन एव प्रतिबद्धता के विषय पर महत्वपूर्ण जनकारी देकर सभी को जागरूक किया तथा खेलों के सफल आयोजन के लिए खेल स्टाफ एव स्कूल स्टाफ को बधाई दी अशोक बालियान ने अपने उद्बोधन में अयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर छत्रें द्वार रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिसमे अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ सम्मलित होकर भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या सोनिका आर्य ने पांच पिलर्स जिस पर ये खेल प्रतियोगिता अयोजित हुई थी उनके बारे में विशेष जानकारी दी। अंत में संस्था के प्रबंधक सुघोष आर्य (एड.) ने सभी अतिथि एव अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वन्देमातरम गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### प्रवेश द्वार के निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**भोपा।** रहकड़ा गांव मे प्रवेश द्वार के निर्माण का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए हंगामा किया तथा प्रशासन से निर्माण रोकने की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहकड़ा में तालाब के बराबर वाले मार्ग पर प्रवेश द्वार निर्माण कराने सूचना पर ग्रामीण इकठा हो गये और भूमि को श्मशान घाट आदि की बताते हुए विरोध किया।हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शान्ति स्थापित कर दोनों पक्षो से थाना पर जानकारी की जहां प्रधान पति परवेज का कहना है कि उसने मुख्य प्रवेश द्वार बनाए जाने के लिए प्रशासन से अनुमति ली हुई है। वहीं दूसरे पक्ष ने ग्राम प्रधान पति पर हठधमह्र करने के आरोप लगाये है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत एसडीएम से भी की है। पुलिस का कहना है गुरुवार को राजस्व टीम मौके पर आकर जांच पड़ताल करेगी।

## शहीद सैनिक की पत्नी से मिले एसएसपी

### शिवी द्वारा लिखी गई दस पुस्तकें खरीदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुस्तक 'आशिवी' दस प्रतिया क्रय की और उनकी धनराशि शिवी को दी गई। ली गई पुस्तके पुलिस लाइन स्थित लाइब्रेरी में रख दी गई है जिससे पुलिसकर्मी और अन्य पाठक इस पुस्तक से प्रेरणा ले सके।

पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन समस्याओं को सुन रहे थे इस दौरान उनके समक्ष एक युवती उपस्थित हुई। युवती ने अपना परिचय सैनिक की पत्नी के रूप में दिया। युवती ने बताया कि उसका नाम शिवी है और उनके पति आशिष स्वामी भारतीय सेना में कार्यरत थे। विवाह के पांच माह बाद ही एक दुर्घटना में उसके पति की मौत हो गई थी जिसके बाद उनको एक गहरी अघात लगा।

शिवी ने बताया कि उन्होने अपने जीवन, अपने पति आशिष स्वामी से हुई मुलाकात, उनके आपसी रिश्ते, संघर्ष और सहादत के बाद भावनात्मक सफर को शब्दो में पिरोते हुए एक पुस्तक लिखी है जिसका नाम 'आशिवी ' है। उन्होने एक पुस्तक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा को भेट की जहां पुस्तक को पढ़ते व समझते हुए एसएपी ने भावुक होते हुए शिवी के साहस, आत्मबल और संवेदनशील लेखनी की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि



शिवी मुख्यमंत्री द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान की सशक्त और प्रेरणादायक मिशाल है उन्होने दुख के बाद भी अपनी अनुभव को सकारात्मक रूप में समाज में प्रस्तुत किया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भनेड़ा में तेंदुआ दिखाई देने पर ग्रामीणों में भय का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा में एक बार फिर तेंदुए की आहट से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों का दावा है कि बीते करीब 15 दिनों से तेंदुआ गांव और आसपास के खेतों में घूम रहा है, लेकिन लगातार शिकायतों के बावजूद वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश और भय दोनों का माहौल बना हुआ है।मंगलवार को गांव भनेड़ा निवासी गजेंद्र सिंह और विजय सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उनके खेतों के आसपास तेंदुए की गति. विधियां लगातार देखी जा रही हैं। कई बार ग्रामीणों ने तेंदुए को प्रत्यक्ष रूप से देखने का भी दावा किया है। तेंदुए की मौजूदगी के चलते गांव के लोग खासे सहमे हुए हैं। शाम ढलते ही लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो जाते हैं और खेतों में जाना लगभग बंद कर दिया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी कई बार गांव में तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि हो चुकी है। इसके बावजूद वन विभाग की टीम समय रहते मौके पर नहीं पहुंच रही, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीते 15 दिनों से वे लगातार वन विभाग को सूचना दे रहे हैं, लेकिन कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग की एक टीम गांव में पहुंची और तेंदुए को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया गया। हालांकि, काफी देर तक जंगल और खेतों में तलाश के बावजूद तेंदुए का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद टीम वापस लौट गई, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है।



## डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद आरोपी डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। मेरठ क्षेत्र के गांव दबथुआ निवासी विकास कुमार अपनी पत्नी पूनम के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में शामली आया था। बताया जाता है कि जब वह वापस लौट रहा था तो काबडौत पुल के निकट डीसीएम चालक द्वारा बाइक में टक्कर मार दिए जाने से दंपत्ति जमीन पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने परिजनों को सूचना देते हुए दंपत्ति को शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# घर में घुसकर गर्भवती महिला से मारपीट

## शादी में गए परिजन, घर पर अकेली थी पुत्रवधु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

कैराना। कोतवाली क्षेत्र में घर में घुसकर गर्भवती महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना कैराना में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित तैय्यब पुत्र मीर अहमद निवासी मोहल्ला आलदरम्यान कैराना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 दिसंबर 2025 को वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ कांधला एक शादी समारोह में गया हुआ था। इसी दौरान उसके घर पर उसकी पुत्रवधु हिना पत्नी ताहिर अकेली मौजूद थी, जो गर्भवती है। आरोप है कि शाम करीब साढ़े पांच बजे सनवीर पुत्र नसीम उर्फ भोला और सायरा पत्नी नसीम उर्फ भोला घर में घुस आए और उसकी पुत्रवधु के साथ लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान गर्भवती महिला को गंभीर चोटें आईं। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

पीड़ित ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल महिला को उपचार दिलाया गया। पीड़ित ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है। तहरीर के आधार पर सम्बंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जिला अस्पताल में हृदय, किडनी व लीवर जांच की मशीन खराब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली जिला अस्पताल में हृदय, किडनी और लीवर जांच के लिए फुल्ली ऑटो बायोकैमिस्ट्री एनालाइजर मशीन खराब होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पडा। मशीन को ठीक करने के लिए बाहर से टेक्निशियन बुलाए गए थे। बुधवार को मशीन ठीक होने के साथ ही जांच शुरू को सकेगी।

गत सोमवार को शहर के जिला अस्पताल में हृदय, किडनी और लीवर जांच के लिए फुल्ली ऑटो बायोकैमिस्ट्री एनालाइजर मशीन खराब हो गई। जिसके बाद अचानक जांच बंद हो गई। जिला अस्पताल में फुल्ली ऑटो बायोकैमिस्ट्री एनालाइजर मशीन खराब होने से मरीजों को परेशानियां का सामना करना पडा।



# इनामी बदमाश की पुलिस के साथ मुठभेड़, एक घायल दूसरा फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** चेकिंग के दौरान पुलिस की पच्चीस हजार रूपए के इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाश का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस फरार बदमाश की तलाश कर रही है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के कब्जे से अवैध तमंचा, खोखा व जिंदा कारतूस सहित एक मोटरसाइकिल बरामद की है।सोमवार की देर शाम को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार खंद्रावली चौकी इंचार्ज विजेंद्र सिंह रावल के साथ फतेहपुर पुलिया के निकट संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

इसी बीच पुलिस को एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने बाइक सवार दोनों युवकों को रोकने का इशारा किया तो बदमाशों ने बाइक की स्पीड बढ़ा दी। पुलिस ने बाइक सवारों का पीछा किया तो एक बाइक सवार ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ में फायरिंग की तो एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि बदमाश का दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने घायल बदमाश को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम सुशील पुत्र रोहतास निवासी बधैव थाना आदर्श मंडी बताया।

पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा खोखा व जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पकड़े गए बदमाश ने लगभग तीन माह पहले क्षेत्र के गांव जसाला में अपने साथियों के साथ चोरी का प्रयास किया था, जाग होने पर बदमाश ने मां बेटे के ऊपर फायरिंग की थी। जिसमें सचिन और उसकी मां घायल हो गए थे।

वही पकड़ा गया बदमाश आदर्श मंडी थाना क्षेत्र से ट्रैक्टर चोरी के मामले में भी वांछित चल रहा था। जिस पर पच्चीस हजार रूपए का इनाम था। पकड़े गए बदमाश के फरार साथी की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही फरार बदमाश को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## एक नजर

### दहेज हत्या के आरोप में दो को जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में 25 वर्षीय विवाहिता की लगभग एक माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया धा। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया था मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति व सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी महिला आशा, पुत्री वेदपाल की शादी 26 फरवरी 2023 में थाना क्षेत्र के कघ्स्बा एलम निवासी आकाश पुत्र राजेश के साथ हुई थी।महिला का शव विगत 13 नवंबर को घर में फांसी पर लटका हुआ मिला था। ससुराल पक्ष नेमामले की सूचना पुलिस को दी थी। घटना की जानकारी मिलते हैं मौके पर थाना प्रभारी सतीश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस ने शव को नीचे उतार और फॉरेंसिक टीम ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मामले में मृतक महिला के पिता वेदपाल ने थाने पर तहरीर देकर पति ,आकाश,सांस कमलेश,नन्द मनीषा पर आंतरिक दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार को पुलिस ने पति आकाश व सास कमलेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



### समता प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विजय दिवस व जनपद स्तरीय समता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के चार विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने 135 में से 127 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली ने 109 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल ने 100 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा लाल नरसिंह दास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कैराना ने 82 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में जिला संघ संचालक देशपाल, अमन, अभिषेक, जगबीर शर्मा, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, प्रधानाचार्य संजय सैनी उपस्थित रहे। प्रबंधक रवि बंसल व सुमीत गुप्ता ने बालक बालिकाओं को स्वर्ण रजत व कांस्य पदक पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं की। इस अवसर पर पीटीआई नितिन कुमार, धीरज कुमार, सुमित कुमार ,रेनू रानी, राहुल कुमार, संदीप कुमार उपस्थित रहे।

### कन्फेक्शनरी दुकान में कुंबल लगाकर हजारों की नकदी व सामान साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस चौकी से महज 200 मीटर की दूरी मेरठ-करनाल हाईवे पर उपग्रामी पुल के पास स्थित अली कन्फेक्शनरी की दुकान में गत रात्रि अज्ञात बदमाशों ने कुंबल लगाकर सेंध लगाई और हजारों रूपए का माल व नकदी चुराकर फरार हो गए। दुकान मालिक नदीम निवासी चंदनपुरी ने बताया कि सुबह दुकान खोलने पर ही उन्हें चोरी का पता चला। चोरों ने दुकान के पीछे से कंबल कर अंदर प्रवेश किया और गैस सिलेंडर, एनर्जी ड्रिंक, सिगरेट, गुटखा के साथ-साथ गल्ले में रखी नकदी तक चुरा ली। नदीम ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। गाड़ी वाला पुलिस चौकी के पास इस चोरी ने क्षेत्र में सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



# पर्ची मोड बढ़ाए जाने को लेकर किसान नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली चीनी मिल में स्वत: पर्ची मोड बढ़ाए जाने को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में भाकियू पदाधिकारियों ने जिला गन्ना अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मिल की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्वत: पर्ची मोड बढ़ाने में छूट दिए जाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया है कि बीते दो-तीन दशकों से शामली चीनी मिल में मिल, विभाग और किसानों की सहमति से निर्धारित पर्ची मोड के अनुसार गन्ना आपूर्ति की जा रही है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होती थी। वर्तमान में स्वत: पर्ची मोड बढ़ाए जाने से किसानों के सामने गंभीर दिक्कतें उत्पन्न हो गई हैं। किसानों का कहना है कि शामली चीनी मिल की आपूर्ति व्यवस्था अन्य मिलों से अलग है। मिल में आने वाला समस्त गन्ना शामली कस्बे के बीच से होकर गुजरता है। केन यार्ड में जगह कम होने के कारण गन्ना ट्रालियों व बुग्गियों में सीधी भराई कर लाया जाता है। यदि गन्ना आड़ी भराई में लाया गया तो शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होगी और आम जनता व व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही किसानों ने यह भी बताया कि केन यार्ड में सीमित स्थान होने के कारण गन्ना उतारकर पुन: लाने की व्यवस्था संभव नहीं है। इससे तौल प्रक्रिया बाधित होगी, पेराई प्रभावित होगी और चीनी मिल को नुकसान पहुंच सकता है।



किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शामली चीनी मिल की विशेष परिस्थितियों को नजरअंदाज करते हुए स्वत: पर्ची मोड बढ़ाया गया तो किसान उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे और मिल बंद होने की स्थिति भी बन सकती है। इस अवसर पर युवा मंडल महासचिव मोहित शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान, जितेन्द्र, अमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## पशु क्रूरता अधिनियम में भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में पुलिस ने चेकिंग के दौरान आधा दर्जन से अधिक पशुओं से भरी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा था, जबकि पिकअप गाड़ी का चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम चौकी क्षेत्र में एक माह पूर्व पुलिस संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच पुलिस को बड़ौत की ओर से एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने पिकअप गाड़ी को रोककर तलाशी ली तो पिकअप गाड़ी में आधा दर्जन से अधिक पशुओं को क्रूरता पूर्वक भर गया था। चालक गाड़ी को छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गया था। मंगलवार को पुलिस ने गाड़ी चालक जियालाल पुत्र रामलाल गांव बिसौली थाना चंदौली को कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पिकअप गाड़ी चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



# ग्राम प्रधान प्रत्याशी के समर्थन में ऐतिहासिक जनसमर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** देहात ग्राम प्रधान प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित भव्य कार्यक्रम गांव के लोकतांत्रिक इतिहास में एक यादगार पल बनकर उभरा। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों, बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने यह संदेश साफ कर दिया कि प्रत्याशी ग"यूर हसन को गांव के हर वर्ग का भरपूर आशीर्वाद और समर्थन प्राप्त हो रहा है। पूरे गांव का माहौल उत्सव जैसा नजर आया और हर ओर विकास, एकता और प्रगति की बातें गूंजती रहीं।

कस्बे के नई बस्ती में कार्यक्रम स्थल को फूल-मालाओं और बैनरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। ग्रामवासियों ने प्रत्याशी ग"यूर हसन का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए फूलों की वर्षा की और विकास के नारों से वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। वक्ताओं ने कहा कि ग्राम प्रधान प्रत्याशी का व्यक्तित्व सरल, स्पष्ट और जनसेवा को समर्पित है, जो उन्हें आमजन के बीच खास बनाता है। उन्होंने हमेशा गांव की समस्याओं को प्राथमिकता दी है और हर सुख-दुख में ग्रामीणों के साथ खड़े रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान चुनाव में सहयोग के लिए गुलजार हमीद ने 21 हजार रूपए व हुस्ने आलिम ने 31 हजार रूपए दिए। सभा को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान प्रत्याशी ग"यूर हसन ने कहा कि उनका लक्ष्य गांव का सर्वांगीण और संतुलित विकास कराना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जीत के बाद सबसे पहले कच्ची सड़कों को पक्का कराया जाएगा, नालियों और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी, स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा पेयजल, स्ट्रीट लाइट, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार से जुड़े प्रयासों और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया।कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने प्रत्याशी के विचारों और विकास योजनाओं की जमकर सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल समर्थन नहीं, बल्कि गांव के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। सभी ने एकजुट होकर ग्राम प्रधान प्रत्याशी को पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में गांव विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। कार्यक्रम का समापन उत्साह और जोश के साथ हुआ। ग्रामीणों के चेहरों पर उम्मीद और भरोसा साफ झलक रहा था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि यह जनसमर्थन आने वाले चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएगा और गांव को विकास की नई दिशा देगा। इस दौरान अ"यूब चढ़ाव, आकिब, इकराम, आशु, दाऊद हसन, हाजी नफीस, अख्तर हेवा, आकिल, खुर्शीद, मसव्वर, हाजी वहिदा, सोम. ीन सिद्दीकी, मुबारिक हसन, अ"यूब काकड़ा, दिलशाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।






# जूनियर हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ममंगलवार को मिशन शक्ति फेस.5।0 के अंतर्गत मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम द्वारा जूनियर हाई स्कूल, अम्बेहटा याकुब पुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं, बालकों एवं अध्यापिकाओं को नए आपराधिक कानूनों, महिला सुरक्षा एवं सामा. जिक जागरूकता के प्रति संवे. दनशील बनाना रहा। कार्यक्रम में उप निरीक्षक लोकेश कुमार, महिला हेड कांस्टेबल नीतू तथा मोबाइल चालक हेड कांस्टेबल राहुल तोमर ने सहभागिता की। टीम ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को दंड से न्याय की ओर विषय के अंतर्गत नए आपरा. धिक कानूनों की जानकारी दी और बताया कि इन कानूनों से महिलाओं का सशक्तिकरण कैसे होगा। इस दौरान साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध तथा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को सुरक्षित रहने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने तथा कानून का सही उपयोग करने के बारे में जागरूक किया गया।टीम द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) एवं 108 एंबुलेंस सेवा शामिल हैं। इसके साथ ही सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, समूह विवाह योजना आदि के बारे में भी जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस टीम ने सभी से कानून के प्रति जागरूक रहने, महिलाओं व बालिकाओं के सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करने की अपील की।

# 76,400 रुपये की धनराशि कराई गई वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** साइबर ठगी का शिकार हुए एक पीड़ित को साइबर सेल थाना थानाभवन एवं साइबर सेल जनपद शामली की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के चलते राहत मिली है। पुलिस की तत्परता से पीड़ित के खाते से ठगे गए 76,400 रूपए सफलतापूर्वक वापस कराए गए।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शामली एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिक. ारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में की गई। थाना थानाभवन क्षेत्र में घटित साइबर अपराधों में पीड़ितों की धनराशि वापस कराए जाने के क्रम में यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता रवि कुमार पुत्र रणधोल, निवासी ग्राम उस्मानपुर, थाना थानाभवन, जनपद शामली के भारतीय स्टेट बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा 76,400 रूपए की धनराशि अवैध रूप से निकाल ली गई थी। इस संबंध में पीड़ित द्वारा दिनांक 13।12।2025 को ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल द्ध1930ऋ पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।शिकायत प्राप्त होते ही थाना थानाभवन की साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से पत्राचार किया तथा ठगी की गई धन. राशि को समय रहते होल्ड कराकर पीड़ित के खाते में वापस करा दिया।धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित रवि कुमार ने पुलिस अधीक्षक शामली, साइबर सेल थाना थानाभवन एवं साइबर थाना जनपद शामली का आभार व्यक्त किया है।

# सुंदर कांड सत्संग में राज राजेश्वर महाराज ने किए प्रवचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** प्राचीन मंदिर भगवान जगन्नाथ जी, बाला जी धाम में मगंलवार को सुन्दर कांड सत्संग मे प्रवचन करते हुए कथावाचक राज राजेश्वर महाराज ने कहा भक्ति में शक्ति होती है।

यह शक्ति ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण, प्रेम और अटूट विश्वास से उत्पन्न होने वाली वह दिव्य ऊर्जा जो भक्त को परमात्मा से जोड़ती है, उसे आंतरिक शक्ति, शांति और आनंद प्रदान करती है, और जीवन के सभी विकट रास्तों पर सहारा देती है, जिसमें ईश्वर की इच्छा ही सर्वोपरि होती है, न कि व्यक्ति की अपनी शक्ति। यह वह अ.श्य डोर है जो आत्मा को परमात्मा से मिलाती है, और जो केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और नि:स्वार्थ प्रेम से पोषित होती है। महाराज ने कहा यह एक असीम शक्ति का अनुभव कराती है, जिससे वह किसी भी कठिनाई का सामना कर सकता है। भक्त का काम सिर्फ प्रेमपूर्वक भक्ति करना है, और रक्षक स्वयं परमात्मा बन जाते हैं।

भक्ति के माध्यम से मन शांत होता है, नकारात्मक भावनाएं, क्रोध, अहंकार, दुख,आदि दूर होती हैं और जीवन में मधुरता व आनंद भर जाता है।यह मनुष्य को ईश्वर के करीब लाती है, जैसे चुंबक लोहे को खींचता है। यह आत्मा और परमात्मा के बीच एक शक्तिशाली आध्यात्मिक सेतु है। सच्ची भक्ति में शारीरिक श्रम और सेवा , जैसे गरीबों की मदद, आदि भी शामिल होती है, जिससे भक्ति और सशक्त बनती है और उसका फल अधिक मिलता है। इसका उदाहरणरू मीराबाई, कबीर, और सूरदास जैसे संतों ने अपनी भक्ति से समाज को प्रेम और मानवता का संद. ेश दिया, यह भक्ति की शक्ति का ही प्रमाण है। संक्षेप में, भक्ति में शक्ति का अर्थ है ईश्वर के प्रति प्रेम और समर्पण से प्राप्त वह अलौकिक बल जो जीवन को सार्थक बनाता है और आत्मा को परमात्मा के साथ एकाकार कर देता है। इस अवसर पर योगेश तायल सचिन गोयल, प्रभात तायल , सुरेन्द्र गर्ग, रवि तायल, अमित गर्ग, नवीन बन्धु, नवीन गोयल, आदि मौजूद रहे।

# पूर्वी यमुना नहर में मिला महिला का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सहारनपुर विकास नगर हाइवे पर गांव कलसिया के पास पूर्वी यमुना नहर मे महिला का नग्न अवस्था मे शव का पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांचकर कार्यवाही में लग गई है।

घटना मंगलवार की है कोतवाली बेहट क्षेत्र अंतर्गत गांव कलसिया में स्थित पूर्वी यमुना नहर पुल के पास नहर में एक नग्न महिला का शव पड़ा मिला शव के मिलने से हड़कंप मच गया। शव के पड़े होने की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी पुलिस बल को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और महिला पुलिस कर्मियों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मौके पर भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने महिला के शव की शिनाख्त कराई तो महिला के शव की शिनाख्त सपना (40 वर्ष)पत्नी प्रदीप कश्यप निवासी मोहल्ला खालसा कस्बा बेहट के रूप मे हुई।मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे।

पुलिस को मृतका महिला के पति प्रदीप कश्यप ने बताया कि उस की पत्नी तड़के घर से निकल गई थी।उसे तलाश किया तो कसबे के मंडी समिति के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में वह नग्गे पैर जाती हुई दिखाई दे रही है इस के बाद उस का कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। महिला के बरामद शव के संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि महिला के शव की शिनाख्त सपना पत्नी प्रदीप कश्यप के रूप मे हुई है। बीती रात महिला के परिजनों द्वारा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।

मृतका के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पायेगा पुलिस जांच पड़ताल करने में लगी हुई है।

## मुठभेड़ में इनामी दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गौकशी के मामले में वांछित चल रहे 25 हजार रूपए के इनामी बदमाश को घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, दो खोखा व दो जिंदा कारतूस 315 बोर, एक बिना नम्बर प्लेट लगी मोटरसाइकिल एवं एक जानलेवा हत्या के प्रयास की घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार मंडी कोतवाली पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी, उपनिरीक्षक विकास चारण व उपनिरीक्षक अवशेष भाटी के नेतृत्व में वाहन चौकिंग की जा रही थी। इसी दौरान 62 फुटा कच्चा रोड की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। संदिग्ध होने पर पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्तियों को जब रूकने का इशारा किया तो पुलिस को देखकर दोनों संदिग्ध बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

# महिलाओं पर न हो हिंसाः डा. जुबैरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** दिशा सामाजिक संगठन सुल्तानपुर के तत्वाधान में महिला हिंसा एवं जेंडर समानता विषय पर दिशा प्रांगण में जिला स्तरीय मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई।

मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में मीडिया से जुड़े लगभग 50 पत्रकारों एवं स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में संस्था के संस्थापक के एन तिवारी ने बताया कि दिशा संस्था महिलाओ की हिंसा एवं जेंडर समानता के मुद्दे पर 42 वर्षों से कार्य कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी भारत डोगरा नई दिल्ली ने महिलाओं के मुद्दे पर मीडिया की भूमिका को और मजबूत करने कई बात की। वरिष्ठ पत्रकार शाहिद जुबेरी ने कहा कि महिलाओं पर किसी भी प्रकार की हिंसा नहीं होनी चाहिए। पत्रकार श्याम कुमार सैनी एवं धीरज चौधरी ने भी महिलाओं हिंसा को खत्म करने की अपील तथा महिलाओं को शिक्षित करने हेतु आह्वान किया।

संस्था की वरिष्ठ कॉर्डिनेटर जाह्नवी तिवारी ने कहा कि सरकार ने महिलाओं के हित में अनेक कानून बनाए है। इन कनूनों का लाभ उठाने हेतु उनको जागरूक करने की जरूरत है। कार्यक्रम में रेहाना अदीब, पी राम, तसनीम एवं शाहीन प्रवीण आदि ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर शिवनंदन शर्मा, इंतजार बेग, जगपाल् उपाध्याय, विमल शर्मा, सुशील मोगा एवं अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे।

# टूटी पुलिया बनी राहगीरों की मुसीबत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पीडब्ल्यूडी की लापरवाही के चलते क्षेत्र के गांव चौरा कलां, चौरा खुर्द व नगला के बीच बनी पुलिया काफी दिनों से टूटी होने के कारण राहगीरों के लिए मुसीबतें खड़ी कर रही है।

चौरा कलां ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान समरयाब का कहना है कि इस पुलिया के टूटने से जहां ग्रामीणों का नजदीकी कस्बों से सम्पर्क टूट गया है वहीं क्षेत्र के किसानों के सामने शुगर मिल तक गन्ना पहुंचाने की बड़ी समस्या खड़ी हो गयी है। कुछ दिन पहले ग्रामीणों द्वारा इस पुलिया से आने जाने के लिए एक सीमेंटिड स्लेब डाला गया था, लेकिन दो दिन पूर्व रात्रि के समय स्लेब के ऊपर से अज्ञात भारी वाहन के गुजरने से वह भी टूट गया है। जिससे राहगीरों व किसानों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गयी है।

पुलिया निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को कंई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। इस सम्बन्ध में पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई ऋतुराज से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि अप्रैल माह से नया सत्र शुरू हो रहा है यदि जनप्रतिनिधि द्वारा प्रस्ताव दिया जाता है तो पुलिया का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# रैंकिंग में सुधार न हुआ, तो होगी कार्रवाईः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खराब रैंकिंग वाले विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए रैंकिंग को बेहतर करें अन्यथा कारवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति संबंधी आवेदन किसी भी स्तर पर लंबित न रहे।



जिलाधिकारी श्री बंसल कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी को छात्रवृत्ति में खराब प्रगति पर संतोषजनक जवाब नहीं देने पर प्रतिकूल प्रविष्टि की चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग की खराब प्रगति पर संबंधित अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने लो. निवि के नई सड़कों के निर्माण, एनआरएलएम, सेतु निगम, आईसीडीएस की खराब रैंकिंग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए रैंकिंग में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। नेडा विभाग को निर्देश दिए कि जिन वेंडरों ने पिछले माह में एक भी सोलर रुफ टॉप पैनल नहीं लगाया है उनकी सूची तैयार कर तत्काल प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम डैशबोर्ड में सर्वोच्च रैकिंग के लिए प्रयास करें तथा जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं पोर्टल को देखें एवं केपीआई (मुख्य प्रदर्शन संकेतक) पर दृष्टि रखें। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशों एवं उच्च प्राथमिकता वालें बिन्दुओं पर गंभीरता से कार्य करें। सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग वाले विभाग निरंतर समीक्षा कर कार्यों का फालोअप करें तथा रैकिंग गिराने वाले कारणों को देखने तथा सुधार करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस पोर्टल पर प्रकरणों का समय से गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना संबंधी प्रकरणों की अलग से बैठक कराने के निर्देश दिए। सभी खंड विकास अधिकारी फैमिली आईडी संबंधी लंबित आवेदनों को माह के अंत तक शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी डैशबोर्ड की महत्ता को समझें और लापरवाही न करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार मीणा, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अमित कुमार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संगीन वारदात में वांछित दो लोग किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर अमल करते हुए थाना नकुड़ पुलिस ने संगीन वारदात में वांछित दो आरो. पियों को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर क्षेत्राधिकारी नकुड़ रूचि यादव के पर्यवेक्षण और थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फरार चल रहे अकरम और जीशान को दबोच लिया।

घटना 9 दिसंबर 2025 की है, जब ग्राम तिरपडी में हथियारों के बल पर घर में घुसकर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। इस हमले में दो लोग घायल हो गए थे। मामले में पहले ही तीन आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं, जबकि बचे हुए दो वांछित अभियुक्तों अकरम और जीशान को पुलिस ने ग्राम ढकदेई बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई अपराधियों को सख्त संदेश है कि चाहे वे कितने भी शातिर क्यों न हों, नकुड़ पुलिस उन्हें ढूंढकर कानून के शिकंजे में जरूर कसेगी। पुलिस टीम की मुस्तैदी से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस अन्य संभावित साथियों की तलाश में जुटी है।

# नगर आयुक्त ने कराया समस्याओं का समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनसुनवाई में साफ-सफाई, अतिक्रमण, सीवर ढक्कन ठीक कराने, अवैध निर्माण हटवाने, पाइन लाइन ठीक कराने तथा आवारा कुत्तों को पकड़ने से सम्बंधित समस्याएं रही। साफ सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का नगरायुक्त शिपु गिरि ने तत्काल निस्तारण कराया। शेष समस्याओं के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।




वार्ड संख्या चार आर के पुरम निवासी मीनाक्षी ने तथा वार्ड संख्या 6 प्रगति विहार निवासी अजीम ने अपनी-अपनी कॉलोनियों में नालियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए, जिस पर नगरायुक्त ने तत्काल क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर सफाई कराते हुए समस्या का निस्तारण करा दिया। इसके अलावा वार्ड 52 के अजय अरोड़ा ने विजय सिनेमा के पास नाले की सफाई कराये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्ड 06 चिलकाना रोड निवासी सलीम पंवार ने चिलकाना रोड पर सूखे पेड़ कटवाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर उद्यान विभाग को टीम भेजकर सूखे पेड़ काटने के लिए निर्देश दिए गए। वार्ड 8 हकीमपुरा रोड के नदीम ने पानी की पाईप लाईन जोडेघ् जाने, वार्ड 58 गौरी शंकर बाजार निवासी अशोक वर्मा ने सीवर के दो ढक्कन ठीक कराने, वार्ड 19 न्यू गोपाल नगर के संदीप पुण्डीर ने गोपाल नगर से अवैध निर्माण को हटवाने, वार्ड 55 चंद्र नगर निवासी मनोज दिवाकर ने चंद्रनगर में सड़क से अतिक्रमण हटवाने तथा वार्ड 48 न्यू आवास विकास निवासी राजेंद्र चौधरी ने न्यू आवास विकास में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। नगरायुक्त ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव व मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव व बिकास धर दुबे, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश कुमार व निगम के पशुधन एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा साहित अभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आढ़त की दुकान में नकब लगा उड़ाए गेंहू, चावल व इन्वर्टर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव कोटा मे सीडकी पुलिस चौकी से मात्र पांच सौ मीटर दूरी पर स्थित आढत की दुकान में नकब लगाकर अज्ञात चोर गेंहू, चावल व इन्वर्टर बैटरा चोरी कर ले गए।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना गागलहेडी के गांव रंढाली निवासी आशीष पुत्र जगपाल ने राजकीय महाविद्यालय की ओर जाने वाले रास्ते मे हाइवे पर आढत की दुकान कर रखी है। सोमवार रात किसी समय अज्ञात चोरों ने दुकान की दीवार ने नकब लगाकर वहां रखा करीब पच्चीस कुंतल गेंहू, चार कुंतल कनक व इन्वर्टर बैटरा चोरी कर लिया। मंगलवार सुबह जब वह दुकान पर आया तो घटना का पता चलने पर उसके होश उड गए। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पर पंहुची और वहां का जायजा लिया। चोरी इस घटना से दुकानदारों मे रोष व्याप्त है। घटना की तहरीर पुलिस में दी गई है।

## श्रद्धालुओं में रोष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नई दिल्ली के झंडेवालान क्षेत्र में स्थित 1365 वर्ष पुराने ऐतिहासिक मंदिर-दरगाह बाबा पीर रतननाथ महाराज (पेशावर वाले) पर 29 नवंबर को की गई प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर श्रद्धालुओं और मंदिर प्रबंधन में गहरा रोष व्याप्त है।

मंदिर-दरगाह की प्रबंधक समिति एवं भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहारनपुर पहुंचकर नगर विधायक राजीव गुंबर से मुलाकात की और मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। श्रद्धालुओं ने विधायक को बताया कि यह ऐतिहासिक मंदिर-दरगाह सदियों से सनातन परंपरा, धार्मिक सौहार्द और सामा. जिक सेवा का केंद्र रहा है। यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना, अखंड राम नाम जप, लंगर सेवा तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियां निरंतर संचालित होती रही हैं।

# थाना प्रभारी विनय का जनता में बढ़ा विश्वास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में थाना प्रभारी विनय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस की सक्रियता ने अपराधियों के होश उड़ा रखे हैं चार्ज संभालते ही विनय शर्मा ने क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने का संकल्प लिया था और उनकी कार्यशैली ने इसे साबित भी कर दिखाया है अपराधियों में उनका नाम सुनते ही खौफ पैदा हो जाता है, जबकि आम जनता में सुरक्षा का भरोसा कायम हुआ है

पिछले कुछ महीनों में विनय शर्मा की टीम ने कई सराहनीय कार्रवाइयां की हैं साइबर ठगी के मामलों में पीड़ितों को लाखों रुपये वापस दिलाए गए दहेज प्रताड़ना और ट्रिपल तलाक जैसी घटनाओं पर त्वरित थ्प्त दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया गया नशे के अवैध कारोबार और चोरियों पर अंकुश लगाते हुए कई तस्करों और



गिरोहों को पकड़ा गया

खासतौर पर गौकशी और पशु तस्करी के मामलों में पुलिस ने कमर तोड़ अभियान चलाया है। हालिया मुठभेड़ों में कुख्यात अपराधी घायल हुए वह गिरफ्तार किए गए कई मामलों में हथियार छोड़कर बदमाश भागने को मजबूर हुए थाना प्रभारी टीम की दिन-रात गश्त और रणनी. तिक ऑपरेशनों से क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है

विनय शर्मा की सख्ती का असर यह है कि अब अपराधी क्षेत्र में सक्रिय होने से पहले दस बार सोचते हैं उनकी टीम महिला सुरक्षा साइबर क्राइम और कानून-व्यवस्था के लिए लगातार जागरूकता अभियान भी चला रही है। मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी से महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास जगा है।

जनता का कहना है कि विनय शर्मा जैसे अधिकारी पुलिस की छवि को नई ऊंचाई दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों को अब रात में भी सुरक्षा का एहसास होता है थाना फतेहपुर में कानून का राज कायम है और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं बची है। विनय शर्मा का यह जलवा आने वाले दिनों में और मजबूत होता नजर आ रहा है।

# महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** बेहट सर्किल में स्थित गांव धोलाहेड़ी में आज श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष्य में एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पूरे गांव में भ्रमण करते हुए मानव कल्याण का संदेश दिया है।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को कथा व्यास श्याम सुंदर महाराज वृंदावन वाले ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मानव जीवन को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया कि कथा के श्रवण से मनुष्य के विकार दूर होते हैं और भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य की प्राप्ति होती है।

कथा व्यास ने कहा कि हर प्राणी को भगवान की कथा को श्रवण करना चाहिए। कथा के श्रवण करने से ही मानव मात्र का कल्याण हो जाता है।

इस अवसर पर महिपाल, धर्मपाल, प्रमोद कुमार, अर्चना, शिक्षा, बबली, सुरेशो, सोनिया, आंचल, संदीप, हिमांशु आदि बहुत से ग्रामवासी उपस्थित रहे हैं।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है थाना बिहारीगढ पर खड़े 29 वाहनों की दिनांक 24.12. 2025 को नीलामी की जायेगी। इच्छुक बोली दाता नियत तिथि को प्रातः 10.00 बजे थाना बिहारीगढ नीलामी मे भाग लेकर उपरोक्त वाहनो की बोली लगा सकता है।

**(अक्षय शर्मा) थानाध्यक्ष**
**थाना बिहारीगढ जनपद स.पुर**
**मो.नं. 9454404178**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र नदीम को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**जुलेखा पत्नि स्व. इनाम निवासी ग्राम देवला, बेहट रोड, पोस्ट नगराजपुर, थाना कोतवाली देहात, जिला सहारनपुर।**

# हजरत कुतबे आलम उर्स के कार्यक्रमों का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** विश्व कल्याण की दुआ के साथ हजरत कुतबे आलम के सालाना उर्स के कार्यक्रम समाप्त हो गये। सोमवार की रात कव्वालों द्वारा कुतबे आलम तोरा मेला बिछड़ा जाए. .....पढ़ा तो माहौल द्रवित हो उठा, अगले साल मिलने की तमन्ना के साथ ही कव्वालियों का समापन हो गया। इसके साथ ही जायरीनों की वापसी हो गई।

हजरत कुतबे आलम का 502 वें उर्स के कार्यक्रम शुरु हुए थे। पांच दिन तक चले कार्यक्रमों का रविवार को समापन हो गया। इससे पूर्व सोमवार की रात दरगाह हजरत कुतबे आलम के सज्जादा नशीन के आवास से शाही चादर का जलूस निकला, सैंकड़ों अकीदतमंदों ने भाग लिया। दरगाह पर पहुंच कर अकीद. तमंदों के साथ सज्जादा नशीन ने विश्व शांति की दुआ की। दरगाह में रात भर कव्वालियों का सिलसिला चला, तडके चार बजे जिस समय कव्वालों द्वारा कुतबे आलम तोरा मेला बिछड़ा जाए......पढ़ा तो माहौल द्रवित हो उठा, अगले साल मिलने की तमन्ना के साथ ही कव्वालियों का समापन हो गया। मंगलवार को तडके कुल शरीफ हुआ व तबर्रुक तकसीम किया गया। उर्स के कार्यक्रमों की समाप्ति के साथ ही नगर के सभी विश्राम गृह व धर्मशालाएं जायरीनों से खाली हो गए।

# शोभित यूनिवर्सिटी को प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड से नवाजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्विद्यालय को विजय दिवस के अवसर पर दिल्ली के एनडीएमसी सेंटर में वेटर्न इंडिया द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में "प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड 2025" से सम्मानित किया गया है।

दिल्ली में शोभित विश्विद्यालय को यह पुरस्कार भारत के शीर्ष 13 विश्वविद्यालयों में शामिल होने के लिए प्रदान किया गया है, यह पुरस्कार विश्वविद्यालय की शैक्षिक उत्कृष्टता, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में किए गए कार्यों को मान्यता देता है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा प्रदान किया गया। पुरस्कार शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र व कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह ने प्राप्त किया। कुलाधिपति ने सभी हितधारकों को बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि विश्वविद्यालय को प्राप्त यह पुरस्कार शैक्षिक उत्कृष्टता, उच्चस्तरीय अनुसंधान तथा नवाचार के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सशक्त मान्यता है। यह उपलब्धि हमारे शिक्षकों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों की सामूहिक प्रतिबद्धता और परिश्रम का परिणाम है। कुलपति ने विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी लोगों को अनेक शुभकामनाएं दी और कहा कि यह सम्मान विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में किए गए सतत प्रयासों की स्पष्ट पहचान है। कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने भी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

# धार्मिक यात्रा को श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** श्री बालाजी धाम से एक हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं का जत्था देर सायं धार्मिक यात्रा राजस्थान के मेहन्दीपुर बालाजी के लिए रवाना हुआ।

संकटमोचन सेवासमिति के तत्वाधान में 14 बसों एवं दर्जनभर कारों द्वारा संकट निवारण हेतु प्रस्थान करने वाले श्रद्धालुओं को फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर रवाना किया गया। इससे पूर्व महंत सुशील शर्मा ने पंचमुखी हनुमान प्रतिमा के समक्ष संकट कटवाने जा रहे यात्रियों को विशेष अनुष्ठान पूजा करवाई और आवश्यक नियम बतायें। सुनीता शर्मा, सभासद शालू चौधरी, आशु गर्ग, पूर्व सभासद दीपांशु गोयल, भाजयुमो अध्यक्ष शशांक गोयल के अलावा सेवादार सुनील, प्रदीप, मुकेश, राजेश, बिजेंद्र, विवेक आदि रहे। बालाजी दरबार के लिए 15 दिसंबर की देर सायं को रवाना हुआ जत्था 25 दिसंबर 2025 सोमवार) तक रहेगा। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं संकटग्रस्त व्यक्तियों के बाबाजी की कृपा से संकट काटे जायेगे। इस दौरान बीच बीच में श्रद्धालुओं की वापसी होती रहेगी।

# जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज ने लगाया चिकित्सा शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्दी के मौसम में स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं बीमारियों से बचने हेतु जागरूक करने के लिए जामिया तिब्बिया देवबंद की ओर से गांव हाशिमपुरा स्थित विशाल भारतीय मॉर्डन पब्लिक स्कूल में चाइल्ड हैल्थ चैकअप कैंप लगाया गया। चिकित्सकों की टीम ने 140 बच्चों का की जांच कर उन्हें दवाइयां दी।






मंगलवार को जामिया तिब्बिया के अमराज ए अतफाल विभाग की ओर से आयोजित हुए चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उन्हें सर्दी के मौसम में होने वाली बीमारियों और उनके बचाव के बारे में बताया। अस्पताल के प्रबंधक डा. अनवर सईद ने बताया कि एनसीआईएसएम नई दिल्ली एवं क्यूसीआई0 नई दिल्ली कि ओर से यह निर्देश है कि आयुर्वेदिक तथा यूनानी कालेज द्वारा बच्चों के हैल्थ चौकअप कैम्प का आयोजन किया जाए।

स्कूल की प्रधानाचार्या मधु शर्मा ने कहा कि जामिया तिब्बिया अस्पताल द्वारा उठाया गया यह कदम बेसद सराहनीय है।

इस तरह के हेल्थ कैम्प समय-समय पर स्कूलों में लगाने चाहिए जिससे बच्चों के स्वास्थ की जानकारी उनके माता पिता और स्कूल को मिलती रहे।

इस दौरान डा. अहतशामुल हक, डा. जुवेरिया, आयशा मुसर्रत, मिस्बा नईम, सारा इब्राहीम, अरीबा, रिफत जहां, राधा रानी, आशा शर्मा, रेखा, सीमा, पूजा, योगिता, सरोज, ऊषा धीमान, सविता शर्मा, सुनीता धीमान आदि मौजूद रहे।

# सीएम नीतीश कुमार का नकाब हटाने का कृत्य शर्मनाक: उलेमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक महिला चिकित्सक के चेहरे से नकाब हटाए जाने की घटना को बेहद शर्मनाक और निंदनीय करार दिया। उन्होंने इस कृत्य के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से देश की महिलाओं से माफी मांगने की मांग की है।

दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान महिला के चेहरे से नकाब हटाना बेहद शर्मनाक और घोर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ एक महिला तक सीमित तक नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की महिलाओं की इज्जत, निजता और सम्मान पर सीधा हमला है। कहा कि किसी भी महिला के पहनावे में



जबरदस्ती दखल देना वो भी सार्वजनिक मंच से न इंसानियत के उसूलों के मुताबिक है और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप। कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि एक महिला का लिबास उसकी निजी पसंद और उसका सांविधानिक अधिकार है। नकाब, बुर्का, साड़ी या कोई भी अन्य पहनावा उस पर हाथ डालना और महिला की सहमति के बिना उसकी निजता को तोड़ना सरासर गलत है।



मदरसा जामिया शेखुल हिंद के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती असद कासमी ने घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि देश का संविधान सभी को अपने धर्म की मान्यताओं का पालन करने की स्वतंत्रता देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह कार्य गैर सांविधानिक है। उन्होंने कहा कि इस कृत्य के लिए मुख्यमंत्री को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए।

# मांगों को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भाकियू (तोमर) ने किसानों और क्षेत्रवासियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को एसडीएम को पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने ओवर लोड वाहनों पर रोक लगाने, तालाबो की सफाई और नागल क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की।



भाकियू (तोमर) के युवा इकाई के जिलाध्यक्ष सौरभ त्यागी के नेतृत्व में किसानों एसडीएम को दिए ज्ञापन में हादसे का कारण बन रहे ओवर लोड वाहन को सीज कर उन्हें प्रतिबंधित करने की मांग की। साथ ही नागल शुगर मिल से किसानों का बकाया दिलाए जाने और बस स्टैंड पर बिजली व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं को दुरुस्त कराने को कहा। ज्ञापन में बढ़ेडी कोली और बसेडा गांव के सभी तालाबो की पैमाईश कर उनकी साफ-सफाई कराए जाने की मांग की। साथ ही ज्ञापन में नागल बस स्टैंड पर बने अवैध टेंपो स्टैंड और वहां अतिक्रमण कर लगाई गई रेहड़ियों को भी हटाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते उक्त मांगों को पूर्ण नहीं किया गया तो भाकियू तोमर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन को मजबूर होगी। इस दौरान मोहित गोयल, रजनीश गुप्ता, नीरज राणा, डा. आजाद, अथर नकवी, सौरभ त्यागी, अमजद, अनुज चौधरी, मुजीबुर्रहमान और सुशील चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गोली लगने से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मंगलौर मार्ग पर ईंट भट्टा के निकट हुई मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। बाद में पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर सीएचसी में भर्ती कराया।



मंगलवार देर शाम करीब सात बजे देवबंद-बरला मार्ग पर थीतकी गांव के निकट वाहन चौकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान वहां से गुजर रही एक बाइक पर सवार एक व्यक्ति को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। उक्त व्यक्ति ने रुकने के बजाए तेज गति से बाइक दौड़ा दी। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश ने उन पर फायरिंग कर दी, जिसमें पुलिसकर्मी बाल बाल बच गए। बदमाश राजवाहे के रास्ते फरार होने लगा। पुलिस ने पीछा करते हुए बदमाश को देवबंद-मंगलौर मार्ग स्थित बार्डर पुलिस चौकी के समीप ईंट भट्ठे पर उसे घेर लिया। इस दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा चरथावल निवासी दानिश बताया। पुलिस के मुताबिक दानिश 25 हजार का इनामी शातिर अपराधी है और उसके खिलाफ मुजफ्फरनगर और देवबंद कोतवाली समेत विभिन्न थानों में 20 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है। कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा ने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से बिना नंबर प्लेट की बाइक और तमंचा बरामद हुआ है।

## ग्राम पंचायत में सरकारी धन का दुरुप्रयोग

**कोतवाली देहात।** ब्लॉक कोतवाली की ग्राम पंचायत आले अलीपुर में लगभग चार माह पूर्व ग्राम प्रधान के खाते में 8000 रूपए ग्राम पंचायत में सफाई कराने का पैसा डाला गया तथा लगभग दो माह पूर्व पुनः नाला सफाई करने के नाम पर 8500 रूपए ग्राम प्रधान के खाते में डाले गए। ग्राम पंचायत मे सफाई कार्य में प्रयोग की जाने वाली रिक्शा ठेली मरम्मत के 1200 रूपए अपने खाते में डालें, जो कि नियम विरूद्ध है। ग्राम प्रधान के खाते में केवल ग्राम पंचायत से केवल मानदेय ही डाला जा सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में बने पंचायत घर में भी मानकों की अनदेखी करते हुए सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। ग्राम प्रधान मौहम्मद असलम का कहना है कि ग्राम पंचायत में दो महिला सफाई कर्मी तैनात है, जबकि चार मौजे हैं। जो की सफाई कार्य करने में असमर्थ हैं। उनके द्वारा ग्राम पंचायत में कार्य कराने के बाद पंचायत खाते से उनके खाते में पैसे निकाले गए हैं। एडीओ पंकज कुमार का कहना है कि ग्राम प्रधान पंचायत में कार्य कराने के लिए ग्राम पंचायत खाते से ग्राम प्रधान अपने खाते मे 10000 से 15000 तक ले सकता है।

## स्काउट गाइड शिविर में छात्राओं को प्रशिक्षण

**धामपुर।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में तृतीय सोपान का शिविर लगाया गया, जिसमें 25 गाइडों ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम ध्वजारोहण के साथ कैम्प का शुभारम्भ किया गया, जिसमें प्रधानाचार्या श्रीमति आभावती के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। गाइड ट्रेनर पुष्पा चौहान के द्वारा सभी गाइड़ो को प्रार्थना, झण्डा गीत, नियम प्रतिज्ञा, बाँया हाथ मिलाना, विभिन्न प्रकार की गांठों का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें कि गाइड कैप्टन श्रीमति मीनाक्षी शर्मा का विशेष सहयोग रह। इसके पश्चात्ताप सभी गाइडों ने मिलकर टेंट और ब्रिज बनाये। साथ ही अनेकों प्रकार के व्यंजन भी बनाये। श्रीमति आभावती के द्वारा टेंटों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी गाइडों की प्रशंसा के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शिविर में आराध्या सिंह, इशिका सैनी, पूर्वी शर्मा, प्रेरणा राजपूत, सलोनी, जिया सैनी, कनिष्का, जिया रानी, कुमकुम चौहान, निराली शर्मा, कामाक्षी मित्तल, निशा आदि शामिल रहीं।

## आरएसएम में जागरूकता कार्यशाला

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज में एग्री-क्लीनिक्स एवं एग्री-बिजनेस सेंटर्स योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल की अध्यक्षता एवं डॉ. रवि धनकड़ के संयोजन में संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन आरएसएम कॉलेज धामपुर एवं नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में नाबार्ड से जिला विकास प्रबंधक डॉ. भूपेश पुनेरा ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि ACABC योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि स्नातकों को स्वरोजगार एवं कृषि उद्यमिता के लिए प्रेरित करना है। इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं को कृषि सलाह सेवाएं, इनपुट सप्लाई, कस्टम हायरिंग सेंटर, मृदा परीक्षण, पशुपालन, नर्सरी, एग्री-मार्केटिंग जैसे अनेक व्यवसाय स्थापित करने हेतु बैंक ऋण एवं अनुदान (सब्सिडी) की सुविधा प्रदान की जाती है। एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर के निदेशक डॉ. दीपक मेहंदी दत्ता ने योजना के बारे में बीएससी कृषि के छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा इस स्कीम के तहत सभी बीएससी कृषि स्नातक छात्र.छात्राओं को उद्यमी बनने के लिए 45 दिनों की निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यशाला में गौरव चौहान (मुख्य कार्यकारी, ग्रामोद्योग विकास संस्थान, बृजराज सिंह, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. विवेक यादव सहित अनेक शिक्षक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## क्लीनिक का ताला तोड़कर चोरी

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के गांव कक्कड़पुर उर्फ लकड़ा निवासी महेंद्र ने गांव माहेश्वरी जट मे डॉक्टर की दुकान कर रखी है। बीती रात्रि महेंद्र की दुकान के ताले तोड़कर चोरों ने दुकान में रखा बैटरा व दवाई चोरी कर ली। सोमवार को थाने पहुंच कर महेंद्र ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर सौपी।

## सीओ ने रात्रि ड्यूटियों का निरीक्षण किया

**नजीबाबाद।** क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने 15 व 16 दिसंबर की रात को विभिन्न थानों की रात्रि ड्यूटियों का निरीक्षण किया। इसमें थाना नजीबाबाद, थाना मंडावली, थाना नांगल और थाना किरतपुर पुलिस की समस्त रात्रि ड्यूटियां शामिल थीं। निरीक्षण के दौरान, क्षेत्राधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की जांच की और उन्हें कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय किया। इन समितियों को सतर्कता बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण के समय सभी संबंधित थानों के थाना प्रभारी निरीक्षक उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**नजीबाबाद।** थाना मंडावली के ग्राम कामगारपुर निवासी जयकुमार पुत्र मामराज सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जयकुमार ने बताया कि वह ग्राम में एक किराने की दुकान चलाता है। ग्राम का ही राजन पुत्र धीर सिंह उसकी दुकान पर सामान लेने आया था।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### ससुराल पक्ष पर लगाया दहेज हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाल देहात।** ग्राम मोथेपुर कृत में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है।



नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम दिल्ली भटपुरा निवासी संजीव कुमार की पुत्री सारिका का विवाह लगभग सात माह पूर्व थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव मोथेपुर कृत निवासी विशाल के साथ हुआ था। बीती देर रात्रि सारिका (20 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई। सूचना पर मृतका के मायके वाले ग्राम मोथेपुर कृत पहुंचे और उन्होंने मृतका के ससुराल पक्ष पर सारिका की दहेज की मांग पूरी न करने पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मृतका लगभग तीन माह की गर्भवती बताई जा रही हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार, सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी, फॉरेंसिक टीम, नायब तहसीलदार नगीना अजब सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार का कहना हैं कि घटना की तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के पश्चात मृत्यु के सही कारण का पता चलेगा।

## संजीव अग्रवाल उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा के संयोजक बने

**नजीबाबाद।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी एवं ट्रस्टियों की एक बैठक हापुड़ में चरक मेडिकल कॉलेज में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक गोयल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जिला बिजनौर के नजीबाबाद निवासी संजीव अग्रवाल को संगठन का उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा का संयोजक नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार गोयल ने खुद उनके नाम का प्रस्ताव रखा। सभा में उपस्थित कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार गर्ग, विनोद पहलवान, महामंत्री अनिल, प्रदीप विश्वकर्मा आदि उपस्थित सभी पदाधिकारी ने संजीव अग्रवाल के नाम पर अपनी सहमति जताई।

# घने कोहरे से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मंगलवार तड़के से धामपुर और आस-पास के इलाकों में घने कोहरे ने एक बार फिर जनजीवन को ठप कर दिया। सुबह होते ही सड़कों पर सफेद सन्नाटा छा गया और विजिबिलिटी इतनी कम रही कि दिन में भी वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। मुख्य मार्गों से लेकर गलियों तक कोहरे की मोटी परत दिखाई दी, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ।



### सड़कों पर रेंगते दिखे वाहन

कोहरे के साथ बढ़ी ठंड से बचने के लिए कई लोग घरों और चौराहों पर अंगीठी के सहारे हाथ तापते नजर आए। वहीं सड़कों पर रेंगते वाहन खतरे का संकेत देते दिखे। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और भारी वाहनों के लिए हालात अधिक जोखिम भरे रहे। कम दृश्यता के कारण अचानक ब्रेक लगने और सामने से आ रहे वाहनों का अंदाजा न लग पाने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

घने कोहरे का सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों पर देखने को मिला। स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई अभिभावकों ने सुरक्षा को देखते हुए बच्चों को घर से बाहर न भेजने का निर्णय लिया।

बुजुर्गों के लिए भी ठंड और कोहरे के कारण सुबह की दिनचर्या प्रभावित रही।

प्रशासन और स्थानीय लोगों ने वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के दौरान वाहन धीमी गति से चलाएं, हेडलाइट, फॉग लाइट और इंडिकेटर का सही प्रयोग करें तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखें। मौसम साफ होने तक अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

## मुख्यमंत्री योगी से मिले पूर्व भाजपा विधायक डा. इंद्रदेव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान धामपुर और बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे तथा प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

भेंट के दौरान पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने क्षेत्र की जनसमस्याओं, अधोसंरचना विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विषयों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने दोनों विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों को और गति देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व विधायक से वार्ता करते हुए आश्वासन दिया कि धामपुर और बढ़ापुर क्षेत्रों में विकास के मार्ग में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित से जुड़े विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

शिष्टाचार भेंट के दौरान विभिन्न समसामयिक मुद्दों और क्षेत्रीय विकास से जुड़े अनेक बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई। इस मुलाकात को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## जानलेवा हमले में तीन को उम्रकैद

**नजीबाबाद।** एससी एसटी एक्ट के विशेष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार ने वंचित वर्ग के सफाई कर्मचारी पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल करने के मामले में आरोपित सुलेमान, इमरान उर्फ भूरा और सुल्तान को दोषी माना है। न्यायाधीश ने तीन आरोपितों को आजीवन कारावास और 12-12 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपित सुलेमान से छूरा बरामद होने पर उसे दो वर्ष की कैद और दो हजार रुपये जुर्माने की सजा भी सुनाई है। विशेष लोक अभियोजन अधिकारी शलभ शर्मा के अनुसार नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी हरिलाल पटेल ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा था कि नवीन पुत्र सुभाष निवासी मौहल्ला जाब्तागंज, थाना नजीबाबाद नगर पालिका में सफाई कर्मचारी है। 30 सितंबर 2018 को वह जाब्तागंज पुलिस चौकी मार्ग के पास सफाई कर रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने छुरे से हमला कर नवीन को गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में नवीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके बाद अज्ञात हमलावर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। विवेचना के बाद आरोपित सुलेमान, इमरान उर्फ भूरा और सुल्तान के नाम उक्त घटना में प्रकाश में आए। पुलिस ने आरोपित सुलेमान और सुल्तान को गिरफ्तार किया था तथा उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त छूरा भी बरामद किया गया।

## केएस एकेडमी में कार्निवाल का समापन

**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रेन एकेडमी में चल रहे कार्निवाल का आज समापन हो गया। कार्निवल में बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने कहा कि बच्चों में प्रतियोगिता की भावना रहनी चाहिए। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बौद्धिक गेम से भी जुड़ा रहना चाहिए। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने सरस्वती वंदना, मूक नृत्य, विभिन्न संस्कृति से जुड़े नृत्य प्रस्तुत किए। छात्राओं ने गुजराती नृत्य, पंजाबी भांगड़ा नृत्य, कश्मीर, केरल, मणिपुर तथा अरुणाचल प्रदेश के नृत्य प्रस्तुत किए। दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई।

## अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने कामिल

**नगीना।** अन्नदाता किसान यूनियन के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी स्टेशन रोड स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे। सम्मान समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने मंच से घोषणा की कि अब बिजनौर जिले के युवा अल्पसंख्यक मोर्चे की कमान कामिल अहमद संभालेंगे। इस घोषणा के होते ही पूरा हॉल तालियों की तेज गूंज से भर उठा। उन्होंने उम्मीद जताई कि वो शीघ्र ही नई कार्यकारिणी का गठन करेंगे और संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर 8, 9 व 10 जनवरी को प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला महासचिव शाहनवाज सैफी सलमान अहमद विधानसभा अध्यक्ष नजीबाबाद अर्जुन सिंह दीपक कुमार, बढ़ापुर विधानसभा अध्यक्ष नई मंसूरी, नगीना तहसील अध्यक्ष सलीम अहमद, ग्राम जगदीशपुर अध्यक्ष अब्दुल हमीद, इफ्तिखार अंसारी, कय्यूम मंसूरी, मौहम्मद उबेद के अलावा तिलक सिंह, मौहम्मद यामीन, जाकिर हुसैन, राजीव कुमार, मौहम्मद हसन, शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

## आसपा का खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम

**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष व सभासद मौ. असलम द्वारा एक खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम अकबराबाद चौक स्थित एक बैंवट हाल में संपन्न हुआ। खिचड़ी भोज कार्यक्रम में नगरपालिका के सभासद, विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग, समाजसेवक, पत्रकार, गणमान्य व स्थानीय लोग आमंत्रित किए गए। खिचड़ी भोज स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल सभी ने खिचड़ी भोज का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर सभासद व आसपा नगर अध्यक्ष मौ. असलम पूरी तरह से सियासी चर्चा से दूर रहे। इसे निजी कार्यक्रम बताते हुए उन्होंने मीडिया कर्मियों के सवालों पर कुछ भी कहने से परहेज किया और खिचड़ी भोज का आनंद लेने की बात कही। इस मौके पर भाजपा नेता व व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष कय्यूम राइन, समाज सेवक परवेज आदिल, सभासद संजीव शर्मा, शानू मलिक, सरदार योद्धवीर सिंह, पालिक. ाध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी सरफराज अंसारी आदि मौजूद रहे।

## मौ. असलम अंसारी नगर प्रभारी नियुक्त

**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने मौहल्ला नालबंदान निवासी मौ. असलम अंसारी को आसपा का नगीना नगर प्रभारी नियुक्त किया है, जिसकी घोषणा उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी की है। नवनियुक्त नगर प्रभारी असलम अंसारी ने बताया कि आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, मुस्लिम भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक परवेज पाशी, सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर, विधायक पद के संभावित प्रत्याशी दीपक कुमार व पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में मौहम्मद असलम अंसारी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उनके नगर प्रभारी पद की नियुक्ति की घोषणा की गई।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत किया जागरूक

**चांदपुर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत ढाली बाजार क्षेत्र में महिला आरक्षी प्रीति तोमर व प्रेरणा धामा द्वारा रास्ते में आने जाने वाली बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया तथा महिला हेल्प लाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया। लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया तथा एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया।

## गुलाब सिंह महाविद्यालय में गोष्ठी

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उदिता राजपूत के कुशल निर्देशन में हुआ। यह विचार गोष्ठी सरकार के नई चेतना- पहल बदलाव की अभियान के तहत हिंसा रोकने में युवाओं की भूमिका विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रो. रामबिलास यादव ने स्वयंसेवकों को लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा के विरुद्ध उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से समझाया।

**Notice**


I, **MUSTUFA** S/o **GULAM SABIR,** R/o Mohalla Tankan gangoh, Ps. gangoh, Dst. Saharanpur, U.P. 247341, have changed my name to **MD MUSTAFA** for all future purposes.

**सूचना**

मेरे स्टेट बैंक के खाता संख्या 33384000893 में मेरा नाम त्रुटिवश मु. इस्तेखार लिखा गया, जबकि मेरा असल नाम मु. इफ्तेखार है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मु. इफ्तेखार पुत्र मौ. मुर्तजा निवासी मोहल्ला बेरुन कोटला, देवबंद सहारनपुर।**

# आईपीएल ऑक्शनः प्रशांत-कार्तिक क्रमशः 14.20 करोड़ में बिके







● दोनों को सीएसके ने बेस प्राइस से 47 गुणा ज्यादा कीमत में खरीदा, ग्रीन सबसे महंगे विदेशी, ग्रीन को 18 रुपये ही मिलेंगे



**अबू धाबी, वार्ता।** आस्ट्रेलिया के आलराउंडर कैमरन ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें मंगलवार को अबु धाबी में चल रहे मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा। ग्रीन ने अपने ही देश के मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्हें 2024 में केकेआर ने ही 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। ऋषभ पंत (27 करोड़) इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। 20 साल के प्रशांत वीर और 19 साल के कार्तिक शर्मा एक समान 14.20-14.20 करोड़ में बिके हैं। दोनों को सीएसके ने 30 लाख की बेस प्राइस से 47 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीदा। प्रशांत उत्तर प्रदेश के हैं, जबकि कार्तिक राजस्थान के हैं। इनके अलावा, जम्मू एंड कश्मीर के आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ रुपए में में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। तेज गेंदबाजों के सेट में कोलकाता ने श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना (18 करोड़) को अपने साथ जोड़ा न्यूजीलैंड के जैकब डफी को आरसीबी और एनरिक नार्त्या को एलएसजी ने 2-2 करोड़ में खरीदा। स्पिनर्स रवि बिश्नोई को त्त ने 7.20 करोड़ में खरीदा। वेंकटेश अय्यर को आरसीबी ने महज 7 करोड़ रुपए में खरीद लिया। उन्हें 2024 के मेगा ऑक्शन में केकेआर ने 23.75 करोड़ में खरीदा था। कोलकाता ने भले ही कैमरन ग्रीन को 25.2 करोड़ में खरीदा है, ग्रीन को 18 करोड़ रुपए ही मिलेंगे। 7.2 करोड़ रुपए बीसीसीआई के वेलफेयर फंड में जमा करा दिए जाएंगे। बीसीसीआई ने पिछले साल ही विदेशी खिलाड़ियों के लिए मिनी ऑक्शन में 18 करोड़ रुपए की अपर लिमिट तय कर दी थी। ताकि विदेशी खिलाड़ी ज्यादा डिमांड का अनुचित फायदा न उठा पाएं। 10वें सेट में यश राज पुंजा पर राजस्थान रॉयल्स ने 30 लाख की बेस प्राइस पर भरोसा जताया। विग्नेश पुथुर भी 30 लाख में राजस्थान रॉयल्स के खाते में गए। प्रशांत सोलंकी को 30 लाख में केकेआर ने खरीदा। कर्ण शर्मा, शिवम शुक्ला, कुमार कार्तिकेय सिंह और वहीदुल्लाह जदरान अनसोल्ड रहे। सुशांत मिश्रा को आरआर ने 90 लाख में खरीदा,नमन तिवारी को एलएसजी ने एक करोड़ रुपए में खरीदा, अशोक शर्मा को जीटी ने 90 लाख में खरीदा, आठवें सेट (विकेटकीपर) में सबसे बड़ा नाम कार्तिक शर्मा रहे। ऑक्शन की शुरुआत में रुचित अहीर और वंश बेदी 30 लाख की बेस प्राइस पर अनसोल्ड रहे, जबकि तुषार रहेजा भी खरीदार नहीं जुटा सके। 30 लाख की बेस प्राइस के साथ उतरे कार्तिक पर टीमों के बीच जबरदस्त बिडिंग हुई और आखिरकार चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें 14.20 करोड़ रुपए में खरीद लिया। मुकुल चौधरी को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2.60 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा, जबकि तेजस्वी सिंह को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 3 करोड़ रुपए में खरीदा। राजस्थान के मुकुल चौधरी को एलएसजी ने 2.60 करोड़ में खरीदा कार्तिक शर्मा भी 14.20 करोड़ में बिके, सीएसके ने खरीदा। 7वां सेट अनकैप्ड आलराउंडर्स का रहा। इसमें 10 प्लेयर्स थे। इनमें से 3 को खरीदा गया। जबकि 7 अनसोल्ड रहे। आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ में डीसी ने, प्रशांत वीर को 14.20 करोड़ सीएसके और शिवांग कुमार को 30 लाख एसआरएच ने खरीदा। राजवर्धन हंगरगेकर (40 लाख), तनुष कोटियान (30 लाख), महिपाल लोमरोर (50 लाख), कमलेश नागरकोटी (30 लाख), विजय शंकर (30 लाख), सनवीर सिंह (30 लाख) और एडेन टाम (30 लाख) अनसोल्ड रहे। उत्तर प्रदेश के प्रशांत वीर को सीएसके ने 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा है। उन्होंने वे यूपी टी-20 लीग के एमर्जिंग प्लेयर रहे थे। 20 साल के प्रशांत ने 10 मैच में 155.34 के स्ट्राइक रेट से 320 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, गेंदबाजी में 8 विकेट भी झटके। 30 लाख रुपए की ब्रस प्राइस वाले आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ रुपए में में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा है। पेस बालिंग आलराउंडर ने पिछले रणजी सीजन के 8 मैचों में 44 विकेट झटके थे। छठा सेट अनकैप्ड बैटर्स का था। ऐसे प्लेयर जो एक भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेल सके हैं। इसमें 6 प्लेयर्स के नाम ऑक्शन पूल में लाए गए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मारिया केरी 2026 विटर ओलंपिक्स के उद्घाटन समारोह में शिरकत करेगी

**मिलान, वार्ता।** अमेरिकी गायिकां और पॉप स्टार मारिया केरी मिलानो-कोर्टिना छह फरवरी को इटली की राजधानी मिलान के सैन सीरो स्टेडियम में होने वाले 2026 विटर आलंपिक के उद्घाटन समारोह में मुख्य आकर्षण का केन्द्र होंगी। केरी यहां उद्घाटन समारोह में मौजूद लोगों के लिए खास पेशकश करेंगी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा, ष्चाओ। मिलानो कोर्टिना 2026 के लिए तैयार हो जाइए। छह फरवरी को ओलंपिक उद्घाटन समारोह के लिए स्टेडियम सैन सिरो में मिलते हैं। मिलते हैं मिलान में। यह पहली बार होगा जब पांच बार की ग्रैमी अवॉर्ड विजेता केरी किसी ओलंपिक उद्घाटन समारोह में गाएंगी।

### पाकिस्तान भी अंडर-19 एशिया कप सेमीफाइनल में

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान ने मंगलवार को अंडर-19 एशिया कप में यूएई को 70 रन से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई को 242 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में यूएई की टीम 37-5 ओवर में 171 रन पर ढेर हो गयी। यूएई के लिये इयान मिस्बाह की 77 रन की पारी बेकार गई। पृथ्वी मत्तु 27 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान किरण रॉय ने 13 रन देकर अब्दुल सुबहान का विकेट लिया। यूएई के सात खिलाड़ी 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पाकिस्तान के लिए अब्दुल सुबहान ने 7.5 ओवर में 31 रन देकर चार खिलाड़ियों को आउट किया। मोमिन कमर और अहमद हुसैन ने एक-एक विकेट लिया। पाकिस्तान के लिए अहमद हुसैन ने 65 रनों की पारी खेली।




# एकाना में सीरीज पर जीत की मुहर लगाने उतरेगी भारतीय टीम

**पांच मैचों की सीरीज में 2-1 के बढ़त हासिल कर चुकी मेजबान टीम आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी**

**लखनऊ, वार्ता।** भारतीय टीम जब बुधवार को यहां एकाना स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में जीत की मुहर लगाने के इरादे से मैदान में उतरना चाहेगी, लेकिन कुछ खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर भी दर्शकों की निगाहें टिकी होंगी। पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर चुकी मेजबान टीम आत्म-विश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी, खासकर पिछले मैच की जीत के बाद। तीसरे टी-20 मुकाबले में भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 117 रन पर ऑलआउट कर दिया। उसके बाद भारतीय टीम ने तीन विकेट गंवाकर यह लक्ष्य 15-5 ओवर में बेहद आसानी से हासिल कर लिया।

तीसरे मैच में एक बार फिर साबित हुआ कि अभिषेक शर्मा भारत की विस्फोटक शुरुआत के लिए कितने अहम हैं। अभिषेक के जोड़ीदार शुभमन गिल ने जहां 28 गेंदों पर 28 रन बनाए, वहीं खुद अभिषेक ने 18 गेंद पर तीन चौकों और तीन छक्कों के साथ 35 रन बनाकर भारत को धुआंधार शुरुआत दी। गिल के अलावा भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पिच पर संघर्ष करते नजर आए हैं। दोनों ही बल्लेबाज अतीत में खुद को साबित कर चुके हैं और इस मैच में रन बनाकर अपने रंग में लौटना चाहेंगे।

गेंदबाजी की बात करें तो अक्षर पटेल के चले जाने से पश्चिम बंगाल के ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को अपना लोहा मनवाने का मौका मिला है। वह इस मौके को दोनों हाथों से लपकना चाहेंगे। अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की जोड़ी भारत को गेंद से शुरुआती सफलताएं दिलाने में सफल रही है, वहीं वरुण चक्रवर्ती की फिरकी भी दक्षिण अफ्रीका के लिए एक अबूझ पहेली साबित हुई है। बुमराह के टीम में होने पर अब भी संशय है लेकिन उनकी गैर-मौजूदगी में भी भारतीय गेंदबाजी अजेय प्रतीत हुई है। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका खुद के हालात ढाक के तीन पात की तरह हैं। तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में उनकी चिर परिचित खामियां सामने आईं। पिच पर गेंद की हरकत और भारतीय गेंदबाजों के अनुशासन के सामने केवल एडन मार्करम ही पिच पर टिके रहे। अगर मेहमान टीम को सीरीज को जिन्दा रखना है तो मार्करम और क्विटन डी कॉक को अब मजबूती के साथ पारी की शुरुआत देनी होगी।

# एडिलेड एशेज टेस्ट में बॉन्डी बीच पीड़ितों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

● **मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौ न रखा जाएगा, झंडे आधे झुके रहेंगे, खिलाड़ी काली आर्म बैंड बाधेंगे**

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के लोकप्रिय गायक जॉन विलियमसन बुधवार से शुरू होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट से पहले यहां बॉन्डी बीच आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एडिलेड ओवल में अपना प्रसि( गाना 'ट्रू ब्लू' गाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस पिक बॉल टेस्ट से पहले कई यादगार कार्यक्रमों की घोषणा की है। यह मैच रविवार के आतंकवादी हमले के बाद देश का पहला बड़ा खेल आयोजन होगा। मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा जाएगा। झंडे आधे झुके रहेंगे, खिलाड़ी काली आर्मबैंड पहनेंगे और मुकाबले के लिए सुरक्षा भी बढ़ा दी जाएगी। इसके साथ ही स्टेडियम में खास तौर पर पुलिस तैनात की जाएगी। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने माना कि रविवार की घटना ने उन्हें और उनके परिवार को बहुत प्रभावित किया। उन्होंने इस हमले को बहुत गहरा सदमा करार दिया। कमिस ने कहा कि ज्यादातर दूसरे ऑस्ट्रेलियाई लोगों की तरह, मैं भी इसे देखकर डर गया था। मैंने बस बच्चों को सुला दिया और न्यूज चालू कर दी। मैं और मेरी पत्नी हैरानी से देख रहे थे। उन्होंने कहा कि यह (बॉन्डी बीच) हमारे घर के पास ही है, और हम बच्चों को अक्सर वहां ले जाते हैं। इसने मेरे दिल को बहुत छुआ। मुझे सच में बॉन्डी के लोगों और खासकर यहूदी समुदाय के लिए बहुत बुरा लग रहा है।

# कमिंस, लॉयन की हुई टीम में वापसी

● **कमिंस और लॉयन ने आलरांउर माइकल नेसर और तेज गेंदबाज ब्रेडन की जगह ली**



एडीलेड, वार्ता। एडिलेड ओवल में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट में कप्तान पैट कमिस और अनुभवी ऑफ-स्पिनर नेथन लायन की वापसी हो गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को पिक बॉल टेस्ट के लिए टीम का ऐलान करते हुए यह जानकारी दी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि कमिस और लायन ने ऑलराउंडर माइकल नेसर और तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट की जगह ली है, जबकि 39 वर्षीय सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पीठ की चोट के कारण अब भी टीम से बाहर हैं। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल पांच टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज में 2-0 से आगे है। जोश इंग्लिस एकादश में बरकरार हैं और नंबर सात पर बल्लेबाजी करते रहेंगे। इस बीच, कप्तान कमिस ने ख्वाजा की निराशा को समझते हुए सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत स्थिति के बावजूद टीम से बाहर होने के बाद उनके रवैए की तारीफ की। कमिस ने कहा कि वह एक सच्चे 'टीम मैन' हैं। टीम को जो भी चाहिए, वह करेंगे। और यह सिर्फ उजी (उस्मान) ही नहीं, बल्कि बो वेबस्टर भी हैं जो इन तीन टेस्ट मैचों में टीम से बाहर रहे हैं। नेसर ने पांच विकेट लिए हैं, और डॉगेट ने पहले दो टेस्ट खेले हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें एशेज सीरीज जीतने के लिए एक स्क्वाड की जरूरत है, और वे सभी शानदार प्रदर्शन करते हैं। इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की सीरीज के बाद कमिस पहली बार टेस्ट में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने पुष्टि की है कि वह पूरी तरह से फिट हैं और वर्कलोड के मामले में उन पर कोई पाबंदी नहीं होगी। कमिस ने कहा कि हां, मैं खेलने के लिए तैयार हूं। मैं कुछ समय से 100 प्रतिशत स्तर पर गेंदबाजी कर रहा हूं। अगर मैंने ब्रिस्बेन में खेला होता, तो शायद मैं सीमित संख्या में ही ओवर फेंक पाता, लेकिन यह मैच किसी भी दूसरे टेस्ट की तरह ही है। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश की घोषणा सोमवार को की।

इसमें तेज गेंदबाजी आक्रमण में गस एटकिसन की जगह जोश टंग को शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया की सीरीज में बढ़त के बावजूद, कमिस को मेहमान टीम से मजबूत वापसी की उम्मीद है। कमिंस ने कहा कि मुझे नहीं लगंता कि यह पहले दो टेस्ट मैचों से कुछ अलग होगा। आपके पास कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी समय मैच जिता सकते हैं, आपको बस प्लान ए, प्लान बी रखना होगा, जैसा कि आप ज्यादातर टीमों के साथ करते हैं। लेकिन उनके पास जाहिर तौर पर कुछ बहुत मजबूत खिलाड़ी हैं, और आप उन्हें खुलने के लिए थोड़ी सी भी जगह नहीं दे सकते।

### श्रीगंगानगर अंडर-14 क्रिकेट टीम घोषित

**श्रीगंगानगर, वार्ता।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ ने राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के लिए जिला टीम की घोषणा कर दी है। संघ के सचिव विनोद सहारण ने मंगलवार को बताया कि टीम का चयन जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर और अभ्यास मैचों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।उन्होंने बताया कि विनय को कप्तान और आरव प्रताप बाना को उपकप्तान बनाया गया है।

**टीमः** विनय (कप्तान), आरव प्रताप बाना (उपकप्तान), अनमोल, हर्ष, निर्भय, गुरसांत, गुरशरणसिंह, देवकुमार, अरनव , अविरल, भव्यजीतसिंह, लक्ष्य, रोबिनसिंह, रणवीर व शुभम।

स्टैंडबाय खिलाड़ियों में पीयूष, एकमजीतसिंह, जसकिरतसिंह, अथर्व गोयल और पार्थ गेरा शामिल हैं।

# इंटर मियामी में शामिल हुए सर्जियो



**वाशिंगटन, वार्ता।** मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के क्लब इंटर मियामी ने रियल मैड्रिड के पूर्व डिफेंडर सर्जियो रेगुइलोन को फ्री ट्रांसफर के तहत अपने क्लब में शामिल कर लिया है। रेगुइलोन ने 12 महीने के एक्सटेंशन के विकल्प के साथ दो साल के करार पर सहमति जताई है। स्पेन के इस फुटबॉलर ने जून में टोटेनहम हॉटस्पर से अलग होने के बाद से किसी क्लब का दामन नहीं थामा था। उन्होंने लंदन क्लब के लिए कुल 73 मैच खेले और दो गोल भी किए। रेगुइलोन ने कहा, ष्यह एक बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। एक चैंपियन क्लब जो बहुत अच्छा कर रहा है, वहां आकर खेलना और जीतना, यही मुझे आकर्षित करता है। मेरा लक्ष्य जीतते रहना है, उन ट्रॉफियों को हासिल करना है जो हमारे पास नहीं हैं। इंटर मियामी ने यह घोषणा वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 की जीत के साथ अपना पहला एमएलएस खिताब हासिल करने के नौ दिन बाद की है। इंटरमियामी इससे पहले 2023 में अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेसी, सर्जियो बुस्केट्स, जॉर्डी अल्बा और लुइस सुआरेज जैसे ला लिगा के दिग्गजों को भी क्लब में शामिल कर चुका है।

### संतोष ट्रॉफी में दिल्ली टीम की कप्तानी हिमांशु राय को

**नई दिल्ली, वार्ता।** बिहार के बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम में 19 दिसंबर से होने वाली संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप के लिये दिल्ली टीम की कप्तानी हिमांशु राय को सौंपी गयी है। टीम मैनेजर (बैंक ऑफ इंडिया) सुनील दत्त ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री दत्त ने बताया कि शिखर शाव टीम के उपकप्तान होंगे। दिल्ली 19 दिसंबर को रेलवे के विरुद्ध खेल कर अभियान की शुरुआत करेगी। ग्रुप की अन्य टीमें मेजबान झारखण्ड और बिहार हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नये नियमों के अनुसार, टीमें दूसरे राज्यों के खिलाड़ियों को मैदान पर नहीं उतार सकतीं। इस बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप एक नये ढांचे और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने पर ज़डादा ज़ोर के साथ शुरू होने वाली है।

# कुंडू का दोहरा शतक, भारत ने मलेशिया को हराया



● **अंडर-19 एशिया कप के मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 315 रन से मात दी**

**दुबई, वार्ता।** अभिज्ञान कुंडू के दोहरे शतक (209) और दीपेश देवेंद्रन (22/5) के पांच विकेटों की बदौलत मंगलवार को यहां अंडर-19 एशिया कप 2025 के मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 315 रन से मात दी। भारतीय युवाओं ने मलेशिया के सामने 50 ओवर में 409 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में मलेशियाई टीम 32.1 ओवर में 93 रन पर ऑलआउट हो गई। मलेशिया की ओर से हमजा पंगी ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। मलेशिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए कप्तान और सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को 14 रन पर पवेलियन लौटा दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे विहान मल्होत्रा भी कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए और सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए, लेकिन वैभव सूर्यवंशी ने वेदांत त्रिवेदी के साथ मिलकर पारी को संभाल लिया। त्रिवेदी ने पहले सूर्यवंशी के साथ मिलकर 40 रन जोड़े। इसके बाद उन्हें कुंडू का साथ मिला और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 181 गेंदों पर 209 रन जोड़कर मलेशियाई गेंदबाजी की कमर तोड़ दी। त्रिवेदी 106 गेंदों पर सात चौकों के साथ 90 रन बनाकर अपने शतक से चूक गए, जबकि कुंडू ने 80 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। मैच के अंतिम ओवरों में कुंडू ने आक्रामक बल्लेबाजी कर न सिर्फ भारत को 400 रन के पार पहुंचाया, बल्कि यूथ एकदिवसीय क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय भी बन गए। इस 17 वर्षीय खब्बू बल्लेबाज ने 125 गेंद पर 17 चौकों और नौ छक्कों के साथ 209 रन बनाए। इससे पहले यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय वैभव सूर्यवंशी थे, जिन्होंने इसी टूर्नामेंट में यूएई के खिलाफ पिछले मैच में 171 रन बनाए थे। कुंडू ने 44 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरा किया और सिर्फ 80 गेंदों में शतक जड़ डाला। वह 46वें ओवर में 150 रन तक पहुंचे और फिर रफ्तार पकड़कर 49वें ओवर में 121 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया। उन्होंने कनिष्क चौहान के साथ 36 गेंदों में 87 रनों की तूफानी साझेदारी करके भारत को 50 ओवर में सात विकेट पर 408 रन बनाने में मदद की। कुंडू का स्कोर अंडर-19 क्रिकेट में द. अफ्रीका के जोरिक वैन शाल्कविक के 215 रनों के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

### यूथ वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने अभिज्ञान कुंडू

**दुबई, वार्ता।** अभिज्ञान कुंडू मंगलवार को यहां मलेशिया के खिलाफ अंडर-19 एशिया कप 2025 मैच के दौरान यूथ वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस 17 वर्षीय खब्बू बल्लेबाज ने 125 गेंद पर 17 चौकों और नौ छक्कों के साथ 209 रन बनाए।

इससे पहले यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय वैभव सूर्यवंशी थे, जिन्होंने इसी टूर्नामेंट में यूएई के खिलाफ पिछले मैच में 171 रन बनाए थे। यहां दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में कुंडू वैभव सूर्यवंशी के आउट होने के बाद क्रीज पर आए और आते ही तेजी से रन बनाने लगे। उन्होंने 44 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया और सिर्फ 80 गेंदों में शतक जड़ डाला। वह 46वें ओवर में 150 रन तक पहुंचे और फिर रफ्तार पकड़कर 49वें ओवर में 121 गेंदों में दोहरा शतक बना डाला। उन्होंने वेदांत त्रिवेदी के साथ 209 रन और कनिष्क चौहान के साथ 36 गेंदों में 87 रनों की तूफानी साझेदारी करके भारत को 50 ओवर में सात विकेट पर 408 रन बनाने में मदद की।

# 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी प्रतियोगिता का शानदार आगाज

## राज्यमंत्री कुंवर बृजेश, रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम व शहर विधायक राजीव गुंबर ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता कुराश का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह एवं नगर विशायक राजीव गुम्बर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सबका मन मोह लिया।

डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लोनिवि राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने खिलाड़ियों को खेल की भावना के साथ मैदान में उतरने का संदेश देते हुए कहा कि हमारी भावनाएं प्रतिद्वंदी को खिलाड़ी की भावना से पराजित करने की होनी चाहिए, दुश्मन की भावना से नहीं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपने खेल के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें और भविष्य में एक अच्छा खिलाड़ी बनकर देश, प्रदेश व जिले का नाम रोशन करें। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना, वैदिक मंगलाचरण एवं गणेश वंदना से की गई। संयुक्त शिक्षा निदेशक राणा सहस्रांशु कुमार सुमन ने मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह का अंग वस्त्र, बाल वृक्ष एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार पाठक ने नगर विधायक राजीव कुमार गुम्बर, टीका के प्रेसिडेंट रवि कपूर एवं जनरल सेक्रेटरी विक्रांत कुमार का बाल वृक्ष एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा कुराश से संबंधित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के लिए पत्रिका तक्षण का विमोचन भी किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने द्वारा सभी से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने का अनुरोध किया गया। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने कार्यक्रम की व्यवस्था में लगे हुए सभी समितियो के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।






इस दौरान श्री हिंदू कन्या इंटर कॉलेज सहारनपुर, शुकदेव संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, कराकुलम नाट्य अकादमी, डांस प्वाइन्ट तथा सरस्वती सदन सबदलपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। प्रतियोगिता में कुल 18 राज्यों से आए हुए 677 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।मुख्य अतिथि के समक्ष दो मैच से खेल का आगाज किया गया जिसमें 25 कि.ग्रा. वर्ग में (अंडर-14 पुरूष) तनिश सोनी (विद्या भारती) और एकम सिंह (जम्मू-कश्मीर) के बीच फाइट हुई जिसमें तनिश सोनी विजयी रहे। 24 किग्रा वर्ग में (अंडर-14 महिला) कोनेपल्ली कैथराना आन्ध्र प्रदेश और पलक दिल्ली के बीच फाइट हुई जिसमें कोनेपल्ली कैथराना विजयी हुई।

# गंगोह विधायक चौ. किरत ने किया गोशाला का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गौमाता की सेवा, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विधानसभा क्षेत्र अर्न्तगत ग्राम पंचायत खालिदपुर में नवनिर्मित गौशाला का विधिवत उद्घाटन किया गया।

विधायक किरत सिंह ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए गौशाला का निर्माण गौमाता की सेवा, संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है इस पहल से न केवल निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता, पशु कल्याण एवं सामाजिक सहभागिता को भी नई दिशा मिलेगी।



उन्होंने इस पुनीत कार्य में सहयोग करने वाले सभी जनप्रति. निधियों, ग्रामवासियों एवं अधिकारियों का आभार जताया। ग्राम प्रधान रोशन देवी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मदनपाल सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ. सत्यपाल सिंह, एडीओ अनिल कुमार, वीडीओ परवेज असलम, दीपक शर्मा, ग्राम सचिव विनय कुमार, सुनील आदि मौजूद रहे।

## साईकिल चोरी

**चिलकाना।** बरथाकायस्थ पठेड़ में घर के सामने खड़ी हुई एक साईकिल को अज्ञात चोर चोरी करते हुए वहां से फरार हो गए। साइकिल को दाएं बाएं भी ढूंढने का प्रयास किया लेकिन कुछ भी पता नहीं लग पाया।

पठेड चौकी क्षेत्र के ग्राम बरथाकायस्थ निवासी आबिद पुत्र अय्याज अपनी काले रंग की बाईस इंची एटलस साईकिल घर के बाहर ही खड़ी कर अंदर गया था। जैसे ही कुछ देर बाद आबिद घर से बाहर आया तो उसने देखा कि उसकी साईकिल वहां से गायब थी। आबिद ने अपनी साइकिल को ढूंढने का प्रयास भी किया लेकिन उसकी साईकिल कही नहीं मिली। आबिद ने बताया कि उसकी साईकिल की कीमत लगभग पाँच हजार रुपये थी। वह मजदूरी का कार्य करता है अब वह दोबारा से साइकिल लेने में भी असमर्थ है।

# बाइक सवार की टक्कर से चाट विक्रेता घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नकुड़ कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा अफगान में सोमवार शाम करीब 6 बजे सहारनपुर रोड ईदगाह के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। चाट की रेहड़ी लगाने वाले 50 वर्षीय विष्णु को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में विष्णु गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे परिजनों द्वारा एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां घायल का उपचार चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल विष्णु को उठाकर सहारनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि हादसे में विष्णु की दोनों टांगों में चोट आई है उनका इलाज चल रहा है।

**■ मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को निजी अस्पताल में कराया भर्ती**

विष्णु चाट की रेहड़ी लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। इस हादसे के बाद परिवार आर्थिक संकट में आ गया है, क्योंकि उनकी रोजी-रोटी का एकमात्र सहारा अब घायल है।

अज्ञात मोटरसाइकिल सवार टक्कर मारने के बाद फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची मामले की जांच कर रही है।

## खाईबाड़ पकड़ा

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी व ताश पत्ते बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच.एन. सिंह व उपनिरीक्षक धीरसिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी पवन पुत्र हरिसिंह निवासी खुर्जा मील थाना कुतुबशेर को खुर्जा मील कालोनी के पास से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 हजार रूपए की नगदी व ताश पत्ते बरामद कर लिए।

# जरूरतमंदों की मदद को आगे आएं: रूही अंजुम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि ठंड के इस मौसम में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए सम्पन्न लोगों को आगे आना चाहिए।

रूही अंजुम ने यह बात डिफेंस कालोनी में हेच फाउंडेशन द्वारा आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में कही। उन्होने कहा कि समाज का एक बडा हिस्सा आज भी गरीबी की ऐसी छाया में जी रहा है कि वह अपनी जरूरते पूरी नही कर सकता। ठंड के मौसम में उनके पास गर्म कपडे खरीदने तक के पैसे नही होते। इसलिए फाउंडेशन द्वारा गरीबों को कम्बल वितरण कर महान कार्य किया जा रहा है। इस दौरान फरहा खान, उसमान, जुबैर, जिन्दा हसन, देव गोस्वामी, जातिन्द्र सिंह, सलमान, एनजीओ को बाबर, आयशा व शाईस्ता आदि मौजूद रहे।




# खेलों में महिलाओं को भी बढ़ाएं आगे: चौ.नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि खेलों को बढावा देने के लिए महिलाओं को भी आगे आने का अवसर देना होगा।

चौ. नीरपाल सिंह ने यह बात ज्योति शर्मा को प्रदेश सचिव, रंजीता वर्मा को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व शैलेश चौधरी को क्षेत्रीय महासचिव बनाये जाने के दौरान कही। उन्होने कहा कि तीनों पदाधिकारियों को प्रदेशाध्यक्ष दीपक तोमर के साथ मनोनयन पत्र भी सौंपे। उन्होने कहा कि महिला देश की रीढ है और आज बेटियों ने खेलों में गोल्ड मैडल जीतकर सम्मान बढाया है। उन्होने कहा कि खेलो में बेटियों का भविष्य सुरक्षित है, खेलो से मान सम्मान के साथ साथ सरकारी नौकरी, रोजगार मिलता है, बेटियां आत्म निर्भर बन जाती है। हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भी खेलो के माध्यम से बेटियों को प्रोत्साहित कर रहे है।



इस दौरान नवनियुक्त प्रदेश सचिव ज्योति शर्मा व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रंजिता वर्मा ने कहा कि हमें जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे ईमानदारी से निभायेंगे।

अध्यक्षता चौ सतपाल सिंह व संच. ालन एडवोकेट जयराज सिंह ने किया। इस अवसर पर विनय प्रधान, प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह, नरेश मल्हाहपुर, संगीत पंवार, संदेश फौजी, राज. कुमार, विपिन राठी, पूजा राजपूत, प्रीति, विभा आदि उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय वर्कशाप का समापन

**सहारनपुर।** जेवी जैन महाविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय वर्कशॉप का समापन आज को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस वर्कशॉप में बीकॉम तृतीय सेमेस्टर के कुल 450 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई।

महाविद्यालय में आयोजित रिटेल मैनेजमेंट विषयक इस वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के रूप में शिव कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को खुदरा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने रिटेल मैनेजमेंट का परिचय, प्रबंधन के कार्य, रणनीतिक प्रबंधन संरचना, व्यावसायिक निर्णय प्रक्रिया, ऑनलाइन खरीदारी, सूची प्रबंधन तथा निधि प्रवाह विवरण विषयों को समझाया।

# सोफिया स्कूल में मनाया क्रिसमस पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कॉन्वेंट स्कूल सोफिया स्कूल में क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया गया।

सोफिया स्कूल की सिस्टर और अध्यापिकाएं क्रिसमस के रंग में रंगी हुई थी। सेंट मेरिज अकैडमी की सिस्टर प्रिंसिपल शीला सोलंकी भी अपने स्कूल अध्यापिकाओं और अध्यापकों के साथ सोफिया स्कूल पहुंची और क्रिसमस के संगीत सुनाकर कार्यक्रम का आनंद लिया। क्रिसमस पर्व की तैयारियां हम लोग 15 दिन पहले से ही कर रहे हैं और हर ग्रुप में क्रिसमस के गीत गाकर लोगों को क्रिसमस की बधाइयां भी दे रहे हैं। इस मौके पर सोफिया गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्य ने भी अपने स्कूल में क्रिसमस की झांकियां बना रखी थी। सेंट मेरिज एकेडमी की प्रिंसिपल शीला सोलंकी सोलंकी ने बताया कि हमारे स्कूल में भी जल्दी ही क्रिसमस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर फादर संत टियागो, सोफिया हिंदी मीडियम की प्रधानाचार्य सिस्टर जीवन लता, सिस्टर उषा, माइकल सोलोमन, शालिनी, ईवा जोसेफ, लुईजा, क्रिस्टल, मास्टर अजय आदि मौजूद रहे।



## बच्चों का भ्रमण

**सहारनपुर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. विमला वाई. एवं कुलसचिव ममल कृष्ण ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों के साथ पुष्पांजली बाल संप्रेषण बालि. का आवासीय गृह, जनता रोड, का भ्रमण एवं निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कम्युनिटी एजुकेशन एंड डिसएबिलिटी स्टडीज से श्रीमती सुनीता सोनकर, स्कूल ऑफ मनोविज्ञान से श्रीमती कोमल त्यागी, स्कूल ऑफ सोशल वर्क से अंकुर कुमार तथा स्कूल ऑफ विधि अध्ययन से भव्य सोम गर्ग उपस्थित रहे। इस दौरान कुलपति ने संस्थान में रह रही बालिकाओं की दैनिक गति. विधियों, शैक्षिक कार्यों, स्वास्थ्य एवं देखभाल व्यवस्थाओं तथा प्रशास. निक कार्यप्रणाली का गहन अवलो. कन किया। उन्होंने बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी प्रतिभा एवं कार्यों की सराहना की।

# वार्ड के लोग उठाएं योजना का लाभ: नदीम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्ड संख्या 59 के पार्षद नदीम अंसारी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित बिजली बिल राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिशासी अभियंता, विद्युत नगरीय वितरण खंड (रेड एवं एडमिन) 33/11 केवी उपकेंद्र घंटाघर से मुलाकात की। इस दौरान पार्षद नदीम अंसारी ने योजना के अंतर्गत बकाया बिजली बिलों पर मिलने वाली मूलधन व ब्याज में छूट की प्रक्रिया, पात्रता और लाभ उठाने के तरीकों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

पार्षद नदीम अंसारी ने अधिकारियों से स्पष्ट किया कि इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य वार्ड 59 के उन उपभोक्ताओं को राहत दिलाना है, जो लंबे समय से बकाया बिजली बिलों के कारण परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम जनता को आर्थिक राहत मिले और बिजली उपभोक्ता योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि योजना से जुड़ी सही और प्रमाणिक जानकारी लेकर वे अपने वार्ड के बकायेदार उपभोक्ताओं को जागरूक करेंगे, ताकि वे समय रहते योजना का लाभ लेकर अपने लंबित बिलों का निस्तारण कर सकें। पार्षद ने आश्वा. सन दिया कि वार्ड 59 की जनता के हित में वे लगातार प्रयासरत रहेंगे और जनसमस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से समन्वय बनाए रखेंगे।

# मारपीट के विरोध में निगम गैराज में हड़ताल

## कार्रवाई न होने पर आज से बेमियादी हड़ताल व सफाई व्यवस्था ठप्प करने की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम गैराज में तैनात चालक के साथ मारपीट व तोडफोड की घटना के बाद गैराज कर्मचारियों ने हडताल रखी। साथ ही चेतावनी दी कि यदि आरोपियों पर कार्यवाही नही हुई तो अनिश्चितक. ालीन हडताल शुरू कर दी जायेगी और पूरे शहर में कोई भी सफाई कार्य नही होगा।

हडताल कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि चालक पद पर तैनात कर्मचारी अमित चौटाला अपने वाहन से कूडा लेकर गोकलपुर स्थित डम्पिंग ग्राउंड जा रहा था जहां काले रंग की थार गाडी में आये व्यक्ति ने उसे कूडा डालने से रोका और कहा कि वह डम्पिंग ग्राउंड से दूर कूडा डाले। चालक द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मार पिटाई करते हुए जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया।



इतना ही नही वाहन को भी नुकसान पहुंचाया गया। कर्मचारियों ने बताया कि अमित चौटाला द्वारा थाना देहात कोतवाली में तहरीर दे दी गयी है, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की गयी जिसके कारण गैराज के सभी कर्मचारी हडताल पर है और यदि इसके बाद भी कार्यवाही नही होती है तो कल (आज) से अनिश्चितकालीन हडताल कर पूरे शहर की सफाई व्यवस्था ठप्प की जायेगी।

इस दौरान पवन प्रधान, सलमान, अमित चौटाला, भंवर सिंह, फैसल, नजाकत, कैलशचंद, अमन आदि मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का सहारनपुर बंद आज

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग को लेकर कल (आज) होने वाले बंद को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है।

बार संघ सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर किए किए जाने वाले बंद को उनका पूर्ण समर्थन रहेगा। बैठक में अध्यक्ष अभय सैनी एडवोकेट, महासचिव अजय कौशिक सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया। सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में कल 17 दिसंबर को प्रस्तावित सहारनपुर बंद को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। बंद के समर्थन में सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा, वरिष्ठ महामंत्री सुरेन्द्र मोहन चावला, महानगर महामंत्री पुनीत चौहान एवं कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी उपस्थित रहे। इसके साथ ही व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय प्रवक्ता व प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम नारंग ने भी बंद को समर्थन देने की घोषणा की। आवास विकास व्यापार संघ के अमित गर्ग ने भी बंद के समर्थन की बात कही। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने भी बंद को अपना समर्थन दिया। इसके अतिरिक्त पुरानी मंडी क्षेत्र के सभी व्यापार संगठनों ने भी बंद रखने की घोषणा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि कल सभी अधिवक्ता व्यापार संगठनों के साथ मिलकर सहारनपुर बंद को सफल बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# प्रशान्त के चेन्नई सुपर किंग्स में चयन होने पर जताया हर्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** क्रिकेटर प्रशांतवीर की आईपीएल में बड़ी सफलता से पूरे शहर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। जानकारी के अनुसार, चेन्नई सुपर किंग्स ने प्रशांतवीर को 14 करोड़ रुपए से अधिक की राशि में खरीदा है, जो न केवल सहारनपुर क्रिकेट के लिए गर्व की बात है, बल्कि छोटे शहर के खिलाड़ियों के लिए भी बड़ी प्रेरणा है।

एसडीसीए के चेयरमैन मोहम्मद अकरम ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि षप्रशांतवीर का चयन और इतनी बड़ी रकम में आईपीएल में खरीदना यह दिखाता है कि कड़ी मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमक सकता है। यह सहारनपुर क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक पल है और आने वाले समय में और भी युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा।ष



इस अवसर पर एसडीसीए के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सचिव लतीफ उर रहमान, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह और कोषाध्यक्ष पाली कालड़ा ने प्रशांतवीर को बधाई दी। इसके अलावा संरक्षक अमर गुप्ता, राज कुमार राजू, यूपीसीए कमेटी सदस्य साजिद उमर, मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, जॉइंट सेक्रेटरी महेश शर्मा, भूपेंद्र कच्छल, विनय कुमार, सत्यम शर्मा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राकेश शर्मा, रणधीर कपूर, राजीव गोयल टप्पू, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, अर्जुन चौहान, आदिल खान, भावना तोमर, तनवीर खान, संजय विश्वकर्मा, शोएब अहमद, सचिन सैनी, पीयूष राणा, रविश राठी, अर्जुन कुमार, अंजर अली, प्रीति मेहरा, राज शेखर, राव मुजीब, अक्षय चौहान, आयुष चौधरी, प्रिंस पटेल, ललित पंवार और मृदुल गर्ग सहित एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने प्रशांतवीर की इस बड़ी उपलब्धि पर खुशी जताई।

जानकारी के अनुसार, प्रशांतवीर के पिता रामेंद्र त्रिपाठी अमेठी के रहने वाले हैं और माता का नाम अंजना देवी है। प्रशांतवीर के भाई का नाम आर्यवीर त्रिपाठी और बहन का नाम निकिता त्रिपाठी है। प्रशांतवीर ने 2018 में राजीव गोयल टप्पू की अकादमी से अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की। उनके पिता शिक्षक हैं और परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। उनके दादा एलआईसी से सेवानिवृत्त हैं और उनकी पेंशन से ही प्रशांतवीर के क्रिकेट के खर्च पूरे होते थे। एसडीसीए के डायरेक्टर मोहम्मद अकरम ने प्रशांतवीर के क्रिकेट टैलेंट को देखते हुए उन्हें पूरी मदद प्रदान की, बैट, पैड, किट और जूते उपलब्ध कराए और प्रशिक्षण में मार्गदर्शन किया।

प्रशांतवीर ने अंडर 19 और अंडर 23 टीमों में खेलते हुए सर्वाधिक विकेट और रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद उन्होंने रणजी ट्रॉफी और यूपी टी-20 लीग नोएडा किंग्स के लिए भी खेला। इस साल वह टीम के कप्तान भी रहे। एसडीसीए के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रशांतवीर की यह बड़ी सफलता छोटे शहर के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी और यह साबित करती है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसी भी खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकती है।

सहारनपुर के खेल प्रेमियों ने भी प्रशांतवीर की आईपीएल में सफलता और 14 करोड़ रुपए से अधिक की राशि में खरीद को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## शोभायात्रा निकाली

**सहारनपुर।** श्री साई हरि संकीर्तन परिवार समिति के तत्वावधान में पटेल नगर से भव्य श्री साई पालकी शोभायात्रा धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई।

हर वर्ष की परंपरा के अनुसार शोभायात्रा के आगे श्रद्धा सबूरी का ध्वज लिए हुए युवक चल रहे थे। इसके साथ ही भगवान गणेश की सुंदर झांकी आकर्षण का केंद्र रही। पटेल नगर को चावड़ी के रूप में भव्य रूप से सजाया गया, जहां से नासिक बैंड के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभा यात्रा के दौरान मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने बाबा का स्वागत किया। डीजे पर साई भजनों की मधुर धुनों पर महिलाएं, बच्चे और युवक नाचते-गाते साई बाबा की जय के जयघोष लगाते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा पटेल नगर से प्रारंभ होकर रेलवे क्लब स्थित बाबा की द्वारका माई पर जाकर संपन्न हुई।

# गिरता रुपया

मंगलवार को आखिरकार रुपया अब तक की सबसे बड़ी गिरावट के द्वार पर पहुंच ही गया। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये की कीमत डॉलर के मुकाबले बराबर नीचे गिरते हुए 91 रुपये से ऊपर पहुंच गई है। दोपहर से पहले तो यह 91.14 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया। निश्चित रूप से यह किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए कोई अच्छे संकेत नहीं हैं। हालांकि कुछ अर्थशास्त्री ऐसा भी मानते हैं कि कई बार पैसों की गिरावट अर्थव्यवस्था को मजबूत भी करती है, लेकिन ऐसा कम ही देखने को मिलता है। अक्सर देखने में आता है कि देश की साख ही वहां की मुद्रा की साख तय करती है और यह सबकुछ अर्थव्यवस्था पर ही टिका होता है। इस मायने से अगर देखें, तो भारत की अर्थव्यवस्था काफी दबाव में दिखाई देती है। ऐसा विपक्षी दल भी बराबर आरोप लगाते रहते हैं कि भारत का रुपया गर्त में जा रहा है और यह सब इसलिए हो रहा है कि विकास को गति नहीं मिल रही है और हमारा निर्यात नहीं बढ़ पा रहा है। हाल के महीनों में जिस तरह अमेरिका का रवैया भारत के प्रति रहा है वह भी निराश करने वाला है। ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो यह मानकर चल रहे हैं कि जिस तरह अमेरिका व्यापार के मामले में भारत के साथ अड़ियल रवैया अपना रहा है, भारत की मुद्रा का नीचे जाना उसका भी एक परिणाम है। भले ही भारत सरकार खुलकर स्वीकार न करे, लेकिन हकीकत यही है कि जिस तरह के प्रतिबंध टैरिफ के रूप में अमेरिका ने लगाए हैं, उनका असर अब दिखाई दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति पीएम मोदी से कुछ अधिक ही नाराज दिखाई दे रहे हैं। यह अलग बात है कि वह विभिन्न मौकों पर पीएम मोदी की प्रशंसा करते नहीं थकते और अपना मित्र बताते हैं, लेकिन इसके साथ ही वह ऑपरेशन सिंदूर के मामले में बार-बार यह कहकर कि भारत-पाक के बीच युद्ध उन्होंने ही रुकवाया था, पीएम मोदी के सामने असहज स्थिति पैदा करते रहते हैं, क्योंकि जहां तक बात भारत की है भारत स्पष्ट कर चुका है कि भारत-पाक के बीच युद्ध रुकवाने में किसी तीसरे देश का कोई लेना-देना नहीं है। इसके साथ ही ट्रम्प इस बात को लेकर भी भारत से नाराज नजर आते हैं कि भारत रूस से तेल व अन्य सामान ले रहा है। अमेरिका की नजर में भारत का यह फैसला एक तरह से रूस द्वारा यूक्रेन में नरसंहार करने जैसा है। जहां तक बात भारत की है, उसने साफ कर दिया है कि वह अपनी व्यापार या अन्य कोई विदेश नीति किसी के कहने पर नहीं बनाएगा। अगर भारत के स्वाभिमान के रूप में जोकि बेहद जरूरी भी है देखें, तो हमें पैसे की गिरावट की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए, क्योंकि जब टकराव होता है और स्वाभिमान की बात आती है, तो छोटे-मोटे नुकसान की परवाह नहीं होती। अच्छी बात यही है कि अभी भी भारत-अमेरिका के बीच व्यापा. रिक मसलों को सुलझाने की बातचीत जारी है।

## मनरेगा का नाम बदलना सनक



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना(मनरेगा) का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक का परिणाम है और ऐसा कर वह गरीबों के हक मार रही है, मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करना चाहती है, इस योजना से देश के गरीब से गरीब मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलती है, लेकिन मोदी सरकार को योजनाओं के नाम बदलने की सनक है, नाम बदलना इनकी सनक है और हर नाम को वह बदल रही है, सरकार जब भी नाम भी बदलती है तो सरकार का खर्च होता है। महात्मा गांधी देश के राष्ट्रपिता हैं और उनके नाम पर मनरेगा कानून में बड़ा बदलाव किया जा रहा है और इस योजना को कमजोर कर खत्म करने की योजना चल रही है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव**

# प्रकृति ने कैंसर वापस करना शुरू कर दिया





**पवन सिंह**

मैं हमेशा अध्ययनों, रिसर्च रिपोर्ट, आंकड़ों, विश्लेषणों के आधार पर तथ्यात्मक लिखने का प्रयास करता हूं। विगत कुछ सालों में प्राकृतिक संसाधनों को लूट लेने की जो भयावह हवस मची है, वह खतरनाक हो चली है। दूसरी ओर, आम जनता ने भी चंद रुपयों के लिए अपनी आवाज, अपनी सोच को गिरवी रख दिया है और वह खामोश है। मीडिया पर संसाधनों को लूटने वाले गिरोह का कब्जा है। इन सबका समग्र परिणाम मानव जीवन का समय से पूर्व अंत हो जाना है। प्राकृतिक संसाधनों के डकैतों और उनके कुछ हजार आका, तो इस देश को एक दिन प्राकृतिक रूप से विकलांग बनाकर सभ्य देशों की ओर ठिकाना बना चुके होंगे और इधर बचेगी भयावह बीमारियों, बूंद-बूंद पानी को तरसती व भूख से लड़ती 95 प्रतिशत आबादी। आइए आज सच दिखाते हैं दिल्ली का। जहां कुछ हजार लाख सक्षम लोग एयर प्योरीफायर लगाकर अपने फेफड़े कुछ हद तक बचाए हुए हैं लेकिन शेष जनता एयर प्योरीफायर भी आखिर कब तक और कहां-कहां दिल्ली को आखिरकार कुछ ही सालों में कैंसर ने घेर लिया है और यह मैं नहीं कह रहा, जो रिपोर्ट्स मैंने जुटाई हैं, वह कह रही हैं। दिल्ली पर कैंसर लगातार अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। दिल्ली के एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी AQI की विगत कुछ सालों की रिपोर्ट्स को आप देखें तो पाएंगे कि अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से इस वायु गुणवत्ता की खराब क्वालिटी की गिरावट आरंभ होती है वह दीपावली के अगले ही दिन से सीधे 400 का खतरनाक स्तर छू लेती है और यह लगातार भयावह स्तर तक बढ़ता रहता है और बना रहता है। यह हालात लगभग चार माह तक बने रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के ग्रीन दीपावली के एक सुझाव आदेश को दिल्ली के लोगों ने अपने फेफड़ों की ताकत से मसल दिया और सुप्रीम कोर्ट के बाहर जाकर जबरदस्त आतिशबाजी कर आए। बहुत अच्छा किया आपने लेकिन जो गैसें आपने खुद अपने, अपने बच्चों व बूढ़े मां-बाप की नाकों व फेफड़ों के सामने पैदा की हैं, वह सबसे पहले किसकी सांसों में प्रवेश करेंगी? जब आप आतिशबाजी करते हैं तो आप हवा में सल्फर डाइऑक्साइड SO2 छोड़ रहे होते हैं। यह फेफड़ों पर सीधा अटैक करता है और सांस की बीमारियों को बढ़ाता है। आप नाइट्रोजन ऑक्साइड यानी NO2 पैदा कर रहे होते हैं जो श्वसन संबंधी समस्याओं को बढ़ाता है। आप कार्बन मोनोऑक्साइड यानी CO पैदा कर रहे होते हैं जो रंगहीन, गंधहीन व एक बेहद जहरीली गैस है। यह गैस शरीर में ऑक्सीजन की कमी पैदा करती है।

आप पार्टिकुलेट मैटर यानी PM 2.5 - PM 10 पैदा कर रहे होते है। यह हवा में मौजूद सूक्ष्म कण होते हैं जो फेफड़ों में गहराई तक जाकर सूजन पैदा करते हैं व गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। आप पटाखे जला कर यहीं नहीं रुकते, आप भारी धातुएं जैसे- कैडमियम, सीसा, क्रोमियम व सबसे डरावनी धातु पारा, जैसी भारी धातुएं धुएं के साथ हवा में भर रहे होते हैं और वो अपने भीतर उतार रहे होते हैं। बेशक आप यह कह कर तसल्ली कर सकते हैं दो तीन दिनों में क्या होता है, लेकिन होता तो बहुत कुछ है, बस चूंकि तात्कालिक प्रसाद नहीं मिलता है, इसलिए हम सब हर फ्रिक को धुंए में उड़ाता चला गया, टाइप्स ले लेते हैं। आखिरकार इस साल दिल्ली के तमाम बड़े चिकित्सकों को चेतावनी जारी करनी पड़ी कि गर्भवती महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग। कुछ महीनों के लिए दिल्ली छोड़ दें। यह अच्छे संकेत नहीं हैं। दिल्ली पर कैंसर जबरदस्त हमला कर चुका है। दिल्ली और एनसीआर रीजन के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 0.74 वर्ष आयु वर्ग में हर 6 पुरुषों में एक को और हर 7 महिलाओं में एक को उसके जीवनकाल में कैंसर होने की आशंका है। यह राजधानी के वातावरण और प्रदूषण स्तर की भयावह तस्वीर पेश करती। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टिट्यूट के कार्यकारी निदेशक और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर अतुल माथुर ने एक न्यूज चैनल को इंटरव्यू दिया था। बकौल डाक्टर माथुर आप प्रदूषण को दो तरह से बांट सकते हैं। एक है नाइट्रोजन ऑक्साइड जिसमें जैसी हानिकारक गैसें हैं और दूसरा कण पदार्थ यानी पार्टिकुलेट मैटर। ऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, और दूसरा है कण पदार्थ। जब यह कण शरीर में प्रवेश करते हैं, तो यह शरीर की धमनियों में सूजन पैदा करते हैं।

यह वह मौसम है, जब कई तरह के वायरस फैलते हैं। उन्होंने आगे चेतावनी दी कि व्यापक वायरल गतिविधि से ग्रस्त मौजूदा मौसम स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ा सकता है। सलाह यह है कि बाहर कम निकलें और हल्के मास्क पहनें। दिसम्बर, 25 के अंतिम सप्ताह में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सीपीसीबी की एक और भी डरावनी रिपोर्ट आई जिसके अनुसार दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई बढ़कर 497 हो गया। दिल्ली में वायु प्रदूषण, खासकर PM 2.5 कणों के कारण, फेफड़ों के कैंसर का एक बड़ा जोखिम है, जो धूम्रपान न करने वालों को भी डस रहा है। यह डीएनए तक को नुकसान पहुंचा रहा है और कोशिकाओं में उत्परिवर्तन कर रहा है। इससे कैंसर का खतरा बढ़ रहा है और श्वसन व हृदय रोग बढ़ रहे हैं। PM 2.5 के बेहद छोटे कण फेफड़ों में गहराई तक जाते हैं और खून में मिल जाते हैं। यह कण कोशिकाओं के डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे कोशिकाओं में बदलाव आता है, जो कैंसर का कारण बन जाता है। प्रदूषण से शरीर में सूजन बढ़ती है, जो इन उत्परिवर्तित कोशिकाओं को जागृत कर ट्यूमर बनाने में मदद कर सकती है। यही कारण है कि प्रदूषण के कारण फेफड़ों के कैंसर का खतरा धूम्रपान न करने वालों के लिए भी बढ़ गया है। अस्थमा और COPD क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज अब दिल्ली में एक बड़ी बीमारी हो चुकी है। आपको AQI का स्तर भी बता दूं 0-50 सबसे अच्छी वायु, 51-100 मध्यम वायु गुणवत्ता, 101-150 संवेदनशील और हानिक. ारक स्तर, 151-200 खतरनाक स्तर, 201-300 बहुत ही ज्यादा खतरनाक, 301-500 भयावह व जानलेवा स्तर और हम इसी स्तर को जी रहे हैं।

चूंकि ऐसा कोई पैमाना नहीं है कि मृत्यु का कारण प्रदूषण लिख सकें, इसलिए हम सब खामोश रहते हैं। जबकि मृत्यु के मुख्य कारकों में प्रदूषण है। दिल्ली और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में 2015 से 2024 के बीच 10 साल में कैंसर के मामले 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गए हैं जबकि अकेले दिल्ली में कैंसर के मामलों में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो गई है। यह सारी जानकारी केंद्र सरकार की ओर से संसद में दिए गए डेटा में सामने आई है। भारत में प्रति एक लाख आबादी पर कैंसर की दर 98.5 है। यानी, भारत में एक लाख लोगों में से हर साल औसतन 98 या 99 नए कैंसर मरीज सामने आ रहे हैं। इस हिसाब से भारत में हर साल कैंसर के 14.13 लाख नए मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में कैंसर के 15.33 लाख से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। 2015 में 13.88 लाख मामले सामने आए थे। वर्ष, 2015 में दिल्ली में कैंसर के 19,168 मामले सामने आए थे, जिनकी संख्या 2024 में बढ़कर 28,387 हो गई। दीपावली के दौरान दिल्ली में विगत कुछ सालों से प्रदूषण साक्षात मौत जैसा बढ़ रहा है चूंकि वह फौरी तौर पर नुकसान नहीं पहुंचा रहा लेकिन कुछ ही सालों में वह शरीर पर हमला कर रहा है। दीपावली के दौरान AQI श्रेणी 300-500 तक पहुंच जाता है, जिसमें PM 2.5 के स्तर में भारी उछाल यहां तक कि कभी-कभी 675 -g/m³ या उससे भी ऊपर चला जाता है जो सामान्य स्तर से कई गुना ज्यादा होता है। पटाखों के इस्तेमाल और स्थिर मौसम के कारण लाखों टन जहरीली गैसें वापस फेफड़ों में चली जाती हैं। दिल्ली तो कैंसर की सेज पर बैठ चुकी है और अन्य राज्य भी कम पीछे नहीं हैं। दूसरी ओर जंगल और पहाड़ों की लूट इस देश का चेहरा सोमालिया जैसा बना कर रख देंगे। लाखों-करोड़ों लोग मारे जाएगे और औसत आयु 60-65 तक या और उससे नीचे चली जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांपों ने अपनी टांगें कैसे गंवाई

**नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवत: उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा।**



सांप बड़े विचित्र कशेरुकी जीव होते हैं। इनका शरीर इतना पतला होता है कि इसमें दूसरे फेफड़े के लिए जगह नहीं होती। यह अपनी जीभ से सूंघते हैं और सबसे खास बात तो यह कि इनकी टांगें नहीं होती। अब एक दर्जन से अधिक सांप प्रजातियों के जीनोम को अनुक्रमित कर उन उत्परिवर्तनों का पता लगाया गया है जिनके कारण टांगें लुप्त हुई थीं। कई अन्य लक्षणों से सम्बंधित डीएनए भी पता चले हैं। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज में चेंग्दू इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजी के सरीसृपविज्ञानी जिया-तांग ली और उनके सहयोगियों ने सांपों के 12 कुलों की 14 प्रजातियों के जीनोम का अनुक्रमण किया। सैंपल में शामिल सांप जैव विकास की 15 करोड़ वर्षों की अवधि का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उन 11 सांप प्रजातियों के जीनोम भी शामिल कर लिए जिन्हें पहले अनुक्रमित किया जा चुका था। सेल में प्रकाशित इस अध्ययन में टीम ने बताया है कि भुजाओं के विकास को नियंत्रित करने वाले जीन द्धपीटीसीएच1ऋ में तीन स्थानों से डीएनए खंड गायब थे। पूर्व शोधकर्ताओं का ख्याल था कि पीटीसीएच1 की गतिविधि को नियंत्रित करने वाले डीएनए खंड में उत्परिवर्तन कुछ हद तक टांगों के गायब होने के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन अब लग रहा है कि स्वयं जीन में हुए उत्परिवर्तन भुजाओं के ]ास के लिए जिम्मेदार है। सभी सांपों में पीटीसीएच1 में एक जैसे उत्परिवर्तन पाए गए और इस आधार पर यह टांगों के लोप का कारण लगता है। और तो और, जब ली की टीम ने चूहों में एक समकक्ष जीन में वही उत्परिवर्तन किए तो चूहों के पैर की उंगलियों की हड्डियां बहुत छोटी हो गई थीं।

इसके अलावा उन्होंने सांपों की अन्य आनुवंशिक विशेषताओं को भी देखा है। पूर्व में किए गए अधूरे जीनोम के विश्लेषण के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना था कि सरीसृपों ने दृष्टि के मुख्य जीन को खो दिया है। लेकिन नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवत: उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा। लेकिन इन जीन्स के अभाव में यदि सांप का बायां फेफड़ा बनता भी है तो उसका आकार बहुत छोटा होता है।

# गुदगुदी कहां से नियंत्रित होती है



हम में, और खासकर छोटे बच्चों को, गुदगुदी का खेल पसंद आता है। लेकिन गुदगुदी, खेल-मनोरंजन या स्तनधारियों के ऐसे ही सकारात्मक व्यवहारों को बहुत कम समझा गया है। इसके विपरीत आक्रामकता या डर जैसे व्यवहारों को समझने के लिए काफी अध्ययन हुए हैं। हम्बोल्ट विश्वविद्यालय के तंत्रिका विज्ञानी माइकल ब्रेख्त की रुचि यह समझने में थी कि खेल के सुखद अहसास कहां से आते हैं। पूर्व में देखा जा चुका था कि कुछ कृंतकों को मनोरंजन पसंद होता है। और यदि वे अच्छे मूड और अनुकूल महौल में हैं तो गुदगुदी का आनंद लेते हैं, और इंसानों की हंसी के समान उच्च आवृत्ति की आवाजें निकालते हैं। न्यूरॉन में प्रकाशित हालिया अध्ययन के मुताबिक शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इस आनंद के लिए जिम्मेदार क्षेत्र की पहचान कर ली है।

पूर्व अध्ययन बताते हैं कि चूहों में चेतना और अन्य उच्च श्रेणि के व्यवहार के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क का क्षेत्र (कॉर्टेक्स) पूरा नष्ट हो जाने के बाद भी वे खेलकूद जारी रखते हैं। इससे पता चलता है कि डर की तरह खेल द्धया मनोरंजनऋ भी नैसर्गिक है। कुछ अध्ययन बताते हैं कि पेरिएक्वाडक्टल ग्रे (पीएजी) नामक एक संरचना की भी इसमें भूमिका हो सकती है जो ध्वनि, 'लड़ो-या-भागो' प्रतिक्रिया और अन्य व्यवहारों में भूमिका निभाती है। जब चूहे एक-दूसरे के साथ लड़ाई-लड़ाई खेलते हैं तो वे भय और आक्रामकता जैसा व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। इसलिए ब्रेख्त को लगा कि पीएजी या मस्तिष्क का ऐसा ही कोई क्षेत्र मनोरंजन में भागीदार हो सकता है। वे अपने पूर्व अध्ययन में देख चुके थे कि चूहे इंसानों की तरह पेचीदा खेल खेल सकते हैं। उनकी टीम कृंतकों को लुका-छिपी खेलना भी सिखा चुकी थी। खेल के शुरू में चूहे को एक बक्से में बंद कर शोधकर्ता कमरे में कहीं छिप गए। फिर रिमोट कंट्रोल की मदद से बक्सा खोलने पर चूहे ने बाहर आकर शोधकर्ता को 'ढूंढना' शुरू किया। जब चूहे ने छुपे हुए शोधकर्ता को ढूंढ लिया तो उसे गुदगुदी के रूप में पुरस्कार मिला। चूहों को भी छिपने का अवसर दिया गया था, और देखा गया कि चूहे छिपने की काफी नई-नई जगहें ढूंढ लेते हैं। अपने अनुमान-खेल में पीएजी की भूमिका-की जांच के लिए ब्रेख्त की टीम ने पहले तो यह सुनिश्चित किया कि चूहे अपने अनुकूल और सहज माहौल में रहें। चूहों को मद्धम रोशनी वाली जगह सुहाती हैं, तेज रोशनी वाली और ऊंची जगहों पर वे परेशान होते हैं। इसके बाद शोधकर्ताओं ने उनके साथ 'हाथ पकड़ो' खेल खेला। जब चूहे उनके हाथ तक पहुंच जाते थे तो शोधकर्ता उनकी पीठ और पेट पर गुदगुदी करते थे। गुदगुदी करने पर चूहे खुश होते थे और 'खिलखिलाते' थे। शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड लगाकर उनके मस्तिष्क की गतिविधि की निगरानी की और अल्ट्रासोनिक माइक्रोफोन से उनकी हंसी भी रिकॉर्ड की। पाया गया कि चूहे मनुष्यों के सुनने की क्षमता से बहुत अधिक आवृति पर 'हंसते' हैं। और, जब चूहे हंस रहे थे और खेल में व्यस्त थे तो उनके पीएजी के एक विशिष्ट क्षेत्र में हलचल देखी गई। इसके विपरीत जब चूहों को असहज जगह पर बैठाकर गुदगुदी की तो उन्होंने हंसना बंद कर दिया व उनके पीएजी का सक्रिय हिस्सा शांत हो गया। इससे लगता है कि विनोदभाव के लिए चूहों में पीएजी जिम्मेदार है। इसकी पुष्टि के लिए शोधकर्ताओं ने पीएजी के उस हिस्से की तंत्रिकाओं को एक रसायन की मदद से शांत कर दिया। इसके बाद गुगगुदी करने पर चूहे नहीं हंसे और उनकी इंसानों और खेल में रूचि भी जाती रही। इससे लगता है कि गुदगुदी और खेल में पीएजी की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये नतीजे और भी महत्वपूर्ण इसलिए लगते हैं क्योंकि यह देखा जा चुका है कि जब कुछ चूहों को खेलने से वंचित कर दिया जाए तो वे मायूस हो जाते हैं, रिश्ते बनाने में असफल रहते हैं और तनावपूर्ण स्थितियों में कम लचीले हो जाते हैं। यह भी देखा गया है कि खेल की कमी से मस्तिष्क का विकास भी रुक जाता है। आगे ब्रेख्त यह देखना चाहते हैं कि पीएजी की खेल के अन्य पहलुओं, जैसे नियमों का पालन करने के व्यवहार में क्या भूमिका है। उनका अवलोकन था कि लुका-छिपी खेल में यदि मनुष्य बार-बार एक ही जगह छिपें या ठीक से छिपने में विफल रहें तो चूहों ने खेल में रुचि खो दी थी। उम्मीद है कि इस काम से सकारात्मक भावनाओं को समझने की दिशा में अधिक काम होगा और चिंता व अवसाद से पीड़ित रोगियों के लिए प्रभावी उपचार विकसित करने में मदद मिलेगी।

स्रोत फीचर्स

**चूहों को भी छिपने का अवसर दिया गया था, और देखा गया कि चूहे छिपने की काफी नई-नई जगहें ढूंढ लेते हैं। अपने अनुमान-खेल में पीएजी की भूमिका-की जांच के लिए ब्रेख्त की टीम ने पहले तो यह सुनिश्चित किया कि चूहे अपने अनुकूल और सहज माहौल में रहें। चूहों को मद्धम रोशनी वाली जगह सुहाती हैं, तेज रोशनी वाली और ऊंची जगहों पर वे परेशान होते हैं। इसके बाद शोधकर्ताओं ने उनके साथ 'हाथ पकड़ो' खेल खेला। जब चूहे उनके हाथ तक पहुंच जाते थे तो शोधकर्ता उनकी पीठ और पेट पर गुदगुदी करते थे। गुदगुदी करने पर चूहे खुश होते थे और 'खिलखिलाते' थे। शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड लगाकर उनके मस्तिष्क की गतिविधि की निगरानी की और अल्ट्रासोनिक माइक्रोफोन से उनकी हंसी भी रिकॉर्ड की। पाया गया कि चूहे मनुष्यों के सुनने की क्षमता से बहुत अधिक आवृति पर 'हंसते' हैं। और, जब चूहे हंस रहे थे और खेल में व्यस्त थे तो उनके पीएजी के एक विशिष्ट क्षेत्र में हलचल देखी गई। इसके विपरीत जब चूहों को असहज जगह पर बैठाकर गुदगुदी की तो उन्होंने हंसना बंद कर दिया व उनके पीएजी का सक्रिय हिस्सा शांत हो गया।**




नई दिल्ली। 'मनरेगा' योजना का नाम बदलने के विरोध में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन के बाहर प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद।

## हडसन को मिलेगा कॉस्ट्यूम डिजाइनर्स गिल्ड का स्पॉटलाइट अवॉर्ड

**वॉशिंगटन।** अभिनेत्री केट हडसन को प्रतिष्ठित कास्ट्यूम डिजाइनर्स गिल्ड (सीडीसी) स्पॉटलाइट अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। वेरायटी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह पुरस्कार उन कलाकारों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने करियर में प्रतिबद्धता के साथ लगातार बेहतरीन काम किया हो और जिन्हें कहानी कहने में कॉस्ट्यूम डिजाइन की अहम भूमिका की गहरी समझ हों। स्पॉटलाइट अवॉर्ड उन कलाकारों को सम्मानित करता है, जो पर्दे पर किरदारों को यादगार बनाने और जीवंत करने में कॉस्ट्यूम डिजाइनरों को आवश्यक सहयोगी मानते हैं।

# मोदी ने भारत और जॉर्डन सहयोग की सराहना की

## भारत-जॉर्डन साझेदारी को 'सार्थक विस्तार' बताया, पांच प्रमुख समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जॉर्डन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान पांच समझौतों पर हस्ताक्षर होने पर इनकी सराहना करते हुए इसे भारत-जॉर्डन साझेदारी का 'सार्थक विस्तार' बताया।

दोनों देशों के बीच जिन पांच समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं, उनमें नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा में तकनीकी सहयोग, जल संसाधन प्रबंधन और विकास में सहयोग, विरासत संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पेट्रा और एलोरा के बीच एक समझौता 2025-2029 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के नवीनीकरण से संबंधित समझौते शामिल हैं। जिससे लोगों के आपसी संपर्क को और बढ़ावा किया जाएगा और डिजिटल परिवर्तन के लिए भारत के सफल डिजिटल समाधानों को बड़े पैमाने पर साझा करने से संबंधित समझौता किया गया है। प्रधानमंत्री ने इस दौरे के महत्व पर कहा कि ये समझौते भारत-जॉर्डन संबंधों की बढ़ती गहराई और व्यापकता को दर्शाते हैं। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग स्वच्छ विकास, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु जिम्मेदारी के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन प्रबंधन में सहयोग से हमें संरक्षण, दक्षता और प्रौद्योगिकी से जुड़ी सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करने का अवसर मिलेगा, जिससे दोनों देशों के लिए दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मोदी ने कहा कि पेट्रा और एलोरा के बीच समझौता शैक्षणिक आदान-प्रदान, विरासत संरक्षण और पर्यटन संवर्धन के नए अवसर खोलेगा, जबकि सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का नवीनीकरण भारत और जॉर्डन के लोगों के बीच गहरे संबंधों को बढ़ावा देगा। भारत के डिजिटल नवाचारों को साझा करने से जॉर्डन के डिजिटल परिवर्तन को समर्थन मिलेगा और समावेशी शासन को प्रोत्साहन मिलेगा।



■ ये समझौते भारत-जॉर्डन संबंधों की बढ़ती गहराई और व्यापकता को दर्शाते हैं

### जॉर्डन दौरे पर मोदी के लिए खास सम्मान, क्राउन प्रिंस खुद ड्राइव कर म्यूजियम ले गए

**अम्मान।** जार्डन की आधिकारिक यात्रा के दौरान मंगलवार को पीएम मोदी को खास सम्मान दिया गया। क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला ने खुद गाड़ी चलाकर प्रधानमंत्री मोदी को जार्डन म्यूजियम तक ले गए। इससे पहले मोदी भारत-जार्डन बिजनेस फोरम की बैठक में शामिल हुए। इसमें उन्होंने कहा कि भारत की विकास दर 8 प्रतिशत से ज्यादा है। यह बेहतर शासन और इनोवेशन पर आधारित नीतियों का नतीजा है। मोदी कल शाम जार्डन पहुंचे थे।

# तेलंगाना से जुड़े ऑस्ट्रेलिया हमले के तार

## बान्डी बीच पर अटैक का आरोपी साजिद हैदराबाद का था निवासी

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया में 14 दिसम्बर को सिडनी के बान्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम भारत का था। 50 साल का साजिद मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला था। उसने हैदराबाद से बीकॉम किया और स्टूडेंट वीजा पर नौकरी की तलाश में नवम्बर 1998 में आस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की और वहीं स्थायी रूप से बस गया। साजिद के पास अब भी भारतीय पासपोर्ट था।

आतंकी हमले में शामिल साजिद का बेटा नवीद अकरम (24 वर्षीय) आस्ट्रेलियाई नागरिक हैं। साजिद की एक बेटी भी है। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक 1998 से पहले भारत में साजिद के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है। आतंकी हमले में 16 लोगों की मौत हुई है, वहीं 40 से ज्यादा लोग घायल हैं। आतंकी साजिद भी पुलिस की फायरिंग में मारा गया, जबकि उसका बेटा घायल है। हमलावर बाप-बेटों ने आस्ट्रेलिया के बान्डी बीच पर हनुक्का त्योहार के दौरान यहूदियों पर गोलीबारी की थी।

भारत में मौजूद साजिद के रिश्तेदारों के मुताबिक, पिछले 27 सालों में साजिद का परिवार से संपर्क बहुत कम रहा। वह आस्ट्रेलिया जाने के बाद छह बार भारत आया। इसके पीछे संपत्ति और बुजुर्ग माता-पिता से जुड़े पारिवारिक कारण थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक साजिद आखिरी बार 2022 में भारत आया था। बताया गया है कि वह अपने पिता के निधन के समय भी भारत नहीं आया। परिवार का कहना है कि उन्हें साजिद या नवीद के कटरपंथी विचारों या गतिविधियों की कोई जानकारी नहीं थी। इससे पहले सीएनएन ने फिलीपींस के अधिकारियों के हवाले से बताया था कि साजिद अकरम अपने बेटे नवीद के साथ पिछले महीने 1 नवम्बर को फिलीपींस गया था। इस दौरान साजिद ने इंडियन जबकि उसके बेटे ने आस्ट्रेलियन पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था। वो लोग एक महीने से हमले की तैयारी कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक दोनों फिलीपींस के दावो शहर गए थे। दावो फिलीपींस के दक्षिण हिस्से में मिंडानाओ द्वीप पर है। मिंडानाओ में फिलीपींस की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है। यह इस्लामी उग्रवादी और विद्रोही संगठन का गढ़ माना जाता है। ये समुदाय अलग देश बनाने की मांग करते हैं। इसके अलावा आतंकियों की गाड़ी से इस्लामिक स्टेट के दो झंडे बरामद हुए थे, जिससे उनके आईएसआईएस से जुड़े होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आस्ट्रेलिया में हजारों लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने स्मारकों पर पहुंच रहे हैं। सिडनी आतंकी हमले में 3 भारतीय छात्र भी घायल हो गए हैं।

शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, कम से कम दो छात्र इस समय अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के मुताबिक, 50 साल के हमलावर साजिद अकरम के पास लाइसेंसी बंदूक थी, जिसका इस्तेमाल वह शिकार के लिए करता था। एनएसडब्ल्यू पुलिस कमिश्नर मल लैनयन ने कहा कि साजिद अकरम एक गन क्लब का सदस्य था और राज्य के कानून के तहत उसके पास लाइसेंस था। साजिद अकरम के पास कानूनी रूप से 6 बंदूकें थीं। गोलीबारी के लिए निकलने से पहले बाप-बेटे ने अपने परिवार को कहा था कि वह मछलियां पकड़ने जा रहे हैं। अकरम अपने परिवार के साथ एक किराए के घर में रहता था। हमले के बाद पुलिस ने इस मकान पर छापेमारी की। रिपोर्ट के मुताबिक साजिद अकरम फलों की दुकान चलाता था। प्रधानमंत्री ने अस्पताल में आस्ट्रेलियाई हीरो कहे जाने वाले अहमद अल अहमद से मुलाकात की और कहा कि उस व्यक्ति से मिलना बहुत बड़ा सम्मान था जिसने बोंडी के हमलावरों में से एक पर घात लगाकर हमला किया और उससे राइफल छीन ली।



■ तेलंगाना पुलिस बोली: 27 साल पहले देश छोड़ा, आखिरी बार 2022 में भारत आया

### आईएस से प्रेरित थी बान्डी बीच पर हुई यहूदी विरोधी सामूहिक गोलीबारी: अल्बनीज

**सिडनी।** सिडनी के बान्डी बीच पर सामूहिक गोलीबारी में 16 लोगों की मौत के बाद आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा है कि यह हमला आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) की विचारधारा से प्रेरित था। समाचार एजेंसी एएफपी और बीबीसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अल्बनीज ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि यह हमला इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित था। यह बात उन्होंने आस्ट्रेलियन ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन (एबीसी) के सिडनी चौनल को दिए गए एक रेडियो इंटरव्यू में कही, जिसके अंश उनके कार्यालय ने समाचार एजेंसियों के साथ साझा किए। उन्होंने इस हमले को 'सुनियोजित, योजनाबद्ध और बेहद बर्बर' बताया। अल्बनीज ने कहा कि अब तक की जांच से संकेत मिलता है कि दो हमलावरों (जो पिता और बेटे की जोड़ी थे) ने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, अल्बनीज ने कहा कि यह वह विचारधारा है जो एक दशक से ज्यादा समय से मौजूद है, जिसने नफरत की सोच को जन्म दिया और इसने बड़े पैमाने पर हत्या करने की मानसिकता पैदा की।

## भारत-चीन शिपकी-ला दर्रे से फिर शुरू करेंगे व्यापार

**नई दिल्ली/शिमला।** भारत और चीन शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से सीमा-पार व्यापार फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्रलय ने हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित शिपकी-ला के माध्यम से व्यापार को फिर से शुरू करने के लिए औपचारिक मंजूरी दे दी है। अगले साल जून से इस व्यापार के शुरू होने की उम्मीद है।

इस कदम को दोनों एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक महत्वपूर्ण विश्वास-निर्माण उपाय के रूप में देखा जा रहा है, जिनकी लंबी और संवेदनशील सीमा 20वीं सदी के मध्य से व्यावसायिक आदान-प्रदान के लिए अधिकांश बंद ही रही है। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद, किन्नौर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उपायुक्त डा. अमित कुमार शर्मा ने सोमवार को शिपकी-ला व्यापार प्राधिकरण से जुड़े विभागों और हितधारकों की एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में 'शिपकी-ला-नामगिया सेक्टर' में सड़क संपर्क, सीमा शुल्क बुनियादी ढांचा, सुरक्षा प्रोटोकॉल, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाएं तथा अंतर-विभागीय समन्वय सहित महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान कें. द्रित किया गया। अधिकारियों के अनुसार, व्यापारी पंजीकरण पूह के तहसीलदार द्वारा किया जाएगा और व्यापार पास केवल गहन सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे।

आवेदकों को पहचान प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पिछले व्यावसायिक रिकॉर्ड और पासपोर्ट आकार के फोटो जमा करने होंगे। व्यापार सख्ती से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित वस्तुओं तक सीमित रहेगा, जिसमें किसी भी विचलन की अनुमति नहीं होगी। दर्रे पर सुरक्षा व्यवस्था की संयुक्त रूप से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और स्थानीय पुलिस द्वारा निंगरानी की जाएगी, जबकि सीमा शुल्क विभाग शिपकी-ला सीमा शुल्क स्टेशन पर आवश्यक कर्मचारियों को तैनात करेगा। निर्यात और आयात वाले दोनों खेपों के लिए माल का व्यापक निरीक्षण अनिवार्य होगा। भारत और चीन हजारों किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा तिब्बती पठार के साथ-साथ है।

■ विदेश मंत्रालय ने औपचारिक मंजूरी दी शुरुआत अगले साल जून से होने की उम्मीद

## मैक्सिको में इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान प्लेन क्रैश, 7 लोगों की मौत

**मैक्सिको।** मेक्सिको में मंगलवार को इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान एक प्राइवेट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 3 लापता हैं। हादसे का शिकार हुआ प्राइवेट प्लेन सोमवार को अकापुल्को से तोलुका एयरपोर्ट जा रहा था। इसी दौरान प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई और इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान सैन मातेओ एटेंको इलाके में एक फैक्ट्री से टकरा गया। फैक्ट्री की मेटल छत से टकराया विमान ने एक फुटबाल ग्राउंड पर लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन पास की एक फैक्ट्री की मेटल छत से टकरा गया, जिससे आग लग गई। आग बुझाने के लिए इलाके के करीब 130 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। शुरुआती रिपोर्ट्स में इंजन में खराबी होने की बात कही जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि प्लेन में 8 पैसेंजर्स और 2 क्रू मेंबर सवार थे। अब तक 7 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। अन्य तीन की तलाश जारी है। मेक्सिको के सिविल प्रोटेक्शन कोआर्डिनेटर एड्रियन हर्नांडेज ने दुर्घटना के बारे में जानकारी दी। हादसा मेक्सिको सिटी से लगभग 50 किलोमीटर पश्चिम में स्थित सैन माटेओ एटेंको में हुआ, जो एक इंडस्ट्रियल एरिया है।

## चीन ने तैयार किया 55 टन वजनी हाईटेक बैटल टैंक

**बीजिंग।** चीन ने अपने पुराने बैटल टैंक 99 का अपग्रेडेड और मॉडर्न वर्जन टाइप-99बी तैयार किया है। यह खास तौर पर ऊंचाई वाले इलाकों और बेहद ठंडे मौसम में लड़ाई के लिए तैयार किया गया है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, यह टैंक भारत के हिमालय से लगने वाले बॉर्डर पर तैनात किया जा सकता है। टाइप-99बी, चीन के पुराने टाइप-99 टैंकों का नया वर्जन है। इसे सितंबर 2025 में बीजिंग में हुई विक्ट्री डे परेड में पहली बार दिखाया गया था। 99-बी को विभिन्न इलाकों में परीक्षण के दौरान इसकी ड्राइविंग क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और लाइव-फायर अभ्यास के जरिए परखा गया। टैंक की सबसे बड़ी खासियत इसकी आधुनिक कमांड, कंट्रोल और कम्युनिकेशन क्षमता है। इसके फायरपावर और इन्फॉर्मेशन बेस्ड सिस्टम पहले से कहीं ज्यादा उन्नत हैं। यह टैंक कठिन और खतरनाक परिस्थितियों में भी युद्ध कर सकता है। चीन का दावा है कि टाइप-99बी तेज और लंबे समय तक लड़ाई करने में सक्षम है और इसे खास तौर पर तिब्बत के पठार और भारत-चीन सीमा के लिए डिजाइन किया गया है। टाइप-99बी तीसरी पीढ़ी का मेन बैटल टैंक है।


■ ऊंचाई वाले इलाकों और बेहद ठंडे मौसम में लड़ाई में सक्षम भारत से लगी सीमा पर होगी तैनाती

## ट्रम्प ने बीबीसी के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

### अमेरीकी राष्ट्रपति ने 10 अरब डॉलर का हर्जाना मांगा, मानहानि का लगाया आरोप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बीबीसी के खिलाफ 10 अरब अमेरिकी डालर के हर्जाने की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया। उन्होंने ब्रिटिश प्रसारक पर मानहानि करने के साथ-साथ भ्रामक और अनुचित व्यापार प्रथाओं का आरोप लगाया है।

बीबीसी पर 33 पन्नों के इस मुकदमे में राष्ट्रपति ट्रम्प की झूठी, मानहानिकारक, भ्रामक, अपमानजनक, भड़काऊ और दुर्भावनापूर्ण तस्वीर प्रसारित करने का आरोप लगाया गया है। इसमें इसे 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में दखल देने और उसे प्रभावित करने की खुली को. शिश बताया गया है। ट्रम्प का कहना है कि बीबीसी ने छह जनवरी 2021 को दिए गए उनके भाषण के दो पूरी तरह से अलग-अलग हिस्सों को जोड़कर प्रसारित किया, ताकि उनकी कही बातों का अर्थ जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले भी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। जिसके बाद पिछले महीने बीबीसी ने छह जनवरी के भाषण से छेड़छाड़ (एडिटिंग) को लेकर ट्रम्प से माफी मांगी थी। हालांकि, सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित इस प्रसारक ने मानहा. नि के आरोपों को खारिज कर दिया था। बीबीसी के अध्यक्ष समीर शाह ने इसे 'निर्णय लेने में गलती' बताया था, जिसके बाद बीबीसी के शीर्ष कार्यकारी अधिकारी और समाचार प्रमुख ने इस्तीफा दे दिया था। ट्रम्प ने यह भाषण उस समय दिया था, जब उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर धावा बोला था। उस समय कांग्रेस 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को आधिकारिक रूप से मंजूरी देने वाली थी, जिसमें जो बाइडन को विजेता घोषित किया जाना था, लेकिन ट्रम्प ने उस चुनाव को गलत और चोरी हुआ बताया था। बीबीसी ने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से कुछ दिन पहले 'ट्रम्प: ए सेकेंड चांस?' शीर्षक से एक घंटे की डाक्यूमेंट्री प्रसारित की थी। इसमें 2021 के भाषण के दो अलग-अलग हिस्सों से लिए गए तीन बयानों को जोड़कर एक ही बयान की तरह दिखाया गया, जबकि ये बयान लगभग एक घंटे के अंतर से बोले गए थे। इसमें ऐसा प्रतीत हुआ कि ट्रम्प ने समर्थकों से उनके साथ मार्च करने और 'जी जान से' लड़ने का आह्वान किया था।



■ ट्रम्प ने यह भाषण उस समय दिया था, जब उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर धावा बोला था

## भारत ने यूएन में पाकिस्तान को फटकार लगाई

**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत हरिश पर्वतनेनी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान की अंदरूनी राजनीति में जो उथल-पुथल चल रही है, उसका सीधा रिश्ता उसके सीमा-पार आतंकवाद से है।

राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में डाल दिया गया, उनकी पार्टी पर रोक लगा दी गई, और 27वें संशोधन के जरिए सेना ने संविधान को अपने हिसाब से मोड़ दिया। भारत ने इसे 'संवैधानिक तख्तापलट' बताया। राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान जिस तरह लोकतंत्र और कानून के साथ व्यवहार कर रहा है, वह उसकी गंभीर हालत को दिखाता है और उसी सोच के तहत वह लंबे समय से आतंकवाद को भी बढ़ावा देता रहा है। राजदूत ने पाकिस्तान को आतंकवाद का सेंटर बताया। यूएनएससी में 'लीडरशिप फार पीस' विषय पर हुई डिबेट में राजदूत पर्वतनेनी ने कहा कि इमरान खान अगस्त 2023 से भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद हैं। विरोध प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में उन पर आतंकवाद निरोधक कानून के तहत मुकदमे चलाए जा रहे हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की यातना पर विशेष रिपोर्टर एलिस जिल एडवर्ड्स की उस चिंता का भी जिक्र किया।

■ इमरान खान को जेल, आसिम मुनीर को खुली छूट राजदूत बोले: PAK आतंकवाद का सेंटर

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर

शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®

गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष
शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी
शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial :-
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## पाकिस्तान-रूस तेल समझौते पर कर रहे चर्चा: वित्त मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा है कि रूस और पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्रालय एक तेल समझौते पर चर्चा कर रहे हैं और पाकिस्तान इसे साकार होते देखना चाहता है। जब पाकिस्तानी वित्त मंत्री से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान तेल क्षेत्र में रूस के साथ सहयोग बढ़ाने का अवसर देखता है, जिसमें अन्वेषण, उत्पादन एवं शोधन शामिल हैं, तो उन्होंने कहा कि ये सभी ऐसे क्षेत्र हैं जो रूस की शक्ति को दर्शाते हैं। हम चाहेंगे कि वे आएं और पाकिस्तान के साथ इस समीकरण को आगे बढ़ाएं। इस संबंध में दोनों पक्षों के ऊर्जा मंत्रालयों के बीच बातचीत चल रही है।

# रूस और ब्रिटेन के बीच छिड़ेगा युद्ध!

## ब्रिटिश चीफ ऑफ डिफेंस व खुफिया एजेंसी एआई-6 के प्रमुख के बयान से अटकलों को मिला बल

**लंदन।** रूस के खिलाफ अब ब्रिटेन ने मोर्चा खोल दिया है। ब्रिटिश चीफ ऑफ डिफेंस एवं खुफिया एजेंसी एमआई 6 के प्रमुख का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के बेटे और बेटियों जंग के लिए तैयार रहे। ब्रिटेन की संसद की इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी कमिटी ने एक रिपोर्ट जारी की है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, रूस को सबसे बड़ा खतरा बताया गया, साथ ही चीन और ईरान पर भी निशाना साधा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने यूरोप में तोड़फोड़ और अस्थिरता फैलाने की मुहिम तेज कर दी है। ब्रिटेन में एक्टिव रूसी जासूसी नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जिसमें विदेशी नागरिकों को प्रॉक्सी के तौर पर इस्तेमाल किया गया। मार्च 2025 में यूके में एक सदस्यों को सजा सुनाई गई। रूस पर आरोप है कि वो अपराधी गिरोहों और प्रॉक्सी एजेंट्स के जरिए गुप्त ऑपरेशन चला रहा है। मई 2024 में ब्रिटेन ने रूसी डिफेंस अताशे को निष्कासित कर दिया था। ब्रिटेन सरकार का कहना है कि यह कदम रूस की बढ़ती हानिकारक गतिविधियां के जवाब में उठाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस पश्चिमी देशों के यूक्रेन समर्थन को कमजोर करना चाहता है। इसी के चलते ब्रिटेन ने रूस को **Foreign Influence Registration Scheme ds Enhanced Tier** में डाला है। आईएससी की चेतावनी है कि रूस की गतिविधियां अब सिर्फ जासूसी नहीं, बल्कि सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। ब्रिटेन की सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख ने कहा है कि रूस की ओर से ब्रिटेन पर हमले का खतरा बढ़ता जा रहा है और देश के बेटों और बेटियों को लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए।

ब्रिटेन के एयर चीफ मार्शल सर रिचर्ड नाइटन ने चेतावनी दी कि रूस की सैन्य ताकत बढ़ रही है और यह डर पैदा करने वाली है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में लगभग चार साल से चल रहे युद्ध की वजह से रूसी सैनिक अब युद्ध में पूरी तरह तपे हुए और अनुभवी हो चुके हैं। इसी के साथएयर चीफ मार्शल नाइटन ने कहा कि वो अपने फ्रांसीसी समकक्ष जनरल फैबियन मांडों से सहमत हैं, जिन्होंने पिछले महीने कहा था कि फ्रांस को रूस के साथ संभावित युद्ध में अपने बच्चों को खोने की आशंका के लिए तैयार रहना चाहिए।

